सुप्रभात
रांची, शनिवार
30.12.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ


khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, तृतीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 167



12 अब मलायका अरोड़ा करेंगी फिर से शादी

न्यूज डायरी

### पुल के नीचे फंसा प्लेन, घंटों रोड जाम



**पटना।** पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में एक पुल के नीचे बीच सड़क पर हवाई जहाज के फंस जाने के कारण दो घंटे तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। पिपराकोठी चौक के निकट ओवरब्रिज में हवाई जहाज फंसने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी। किसी व्यवसायी ने मुंबई में हुई नीलामी में कबाड़ के रूप में खरीदा था। उसे असम एक बड़े ट्रक लॉरी से ले जाया जा रहा था। इसी क्रम में ब्रिज के नीचे जहाज का उपरी हिस्सा फंस गया। बाद में लॉरी के सभी चक्कों की हवा निकाल कर जहाज को बाहर निकाला गया।

### राज्यपाल ने विनियोग अधिनियम को दी मंजूरी

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड विधानसभा से पारित झारखंड विनियोग अधिनियम 2023 को स्वीकृति प्रदान कर दी। इसमें वर्ष 2023-24 के लिए आठ हजार एक सौ 11 करोड़ 77 लाख 15 हजार रुपये की निकासी की व्यवस्था की गयी है। इस राशि का उपयोग एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक किया जायेगा।

### एसपी का ड्राइवर सस्पेंड विभागीय कार्रवाई होगी

**मेदिनीनगर।** पलामू में सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी एसपी के ड्राइवर को सस्पेंड कर दिया गया है। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की भी प्रक्रिया शुरू की गयी है। दूसरे आरोपी पर कर्रवाई होगी।

### उल्फा ने डाले हथियार समझौते पर हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली।** असम में शांति स्थापना की दिशा में राज्य के सबसे पुराने विद्रोही संगठन उल्फा ने शुक्रवार को केंद्र, असम सरकार के साथ गृह मंत्री समक्ष त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## चुनौतियों के बीच सरकार का चार साल रहा बेमिसाल, समारोह में सीएम ने की घोषणा

# आदिवासियों को अब 50 वर्ष से पेंशन

सरकार के 4 साल



- हमारी सरकार जो कहती है, उसे पूरा करके भी दिखाती है
- राशन डीलरों का कमीशन बढ़ाने पर निर्णय जल्द
- हर वर्ष पंचायत में लगेंगे शिविर
- नयी योजनाएं लेकर आयेंगे जनता के बीच
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से हजारों युवा कर रहे व्यवसाय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य में वृद्धा पेंशन की उम्र को 60 से घटाकर 50 साल करने की घोषणा की है। राज्य के अदिवासी-दलितों को अब 50 साल के बाद से ही पेशन मिलनी शुरू हो जायेगी। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत 50 वर्ष की उम्र से ही पेंशन मिलेगा। राशन डीलरों को कमीशन की राशि भी जल्द बढ़ायी जायेगा। आप सभी ने मुझे राज्य को चलाने का जिम्मा सौंपा है, ऐसे में आप सभी के सहयोग से ही राज्य को आगे बढ़ने का प्रयास निरंतर कर रहे हैं। सीएम श्री सोरेन, सरकार के चार साल पूरे होने के मौके पर राजधानी के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में भव्य समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर सीएम ने हेमंत सोरेन ने करोड़ों की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपनी सरकार की चार साल की उपलब्धियां गिनाते हुए सफर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह सफर बहुत ही चुनौतियों भरा रहा, फिर भी सरकार चार साल बेमिशाल रहा। कोरोना जैसी वैश्विक आपदा का हमारी सरकार ने डटकर सामना किया। पिछड़ा राज्य होने के बावजूद सरकार की कोशिशों का ही नतीजा रहा कि कम से कम जान माल की क्षति हुई। इस मौके पर सीएम ने कहा कि आज सरकार के कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने पर मैं राज्य के सभी लोगों को बधाई देता हूं और यहां आये सभी लोगों का स्वागत करता हूं।

**चुनौतीपूर्ण सफर में भी विकास की रफ्तार नहीं थमी :** समारोह को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि सरकार बनते ही कोरोना, सुखाड़ जैसी कई चुनौतियां उनके सामने आ गयीं। इन तमाम विपरीत परिस्थितियों के बीच से निकलते हुए आज हम विकास को नयी गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सदैव वीरो की धरती रही है। जल-जंगल-जमीन की खातिर उन्होंने अपना सब कुछ झोंक दिया।

(शेष पेज 11 पर)



### गांव से चल रही सरकार हर वर्ष लगेंगे शिविर

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव से चल रही है। हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, क्योंकि गांवों को मजबूत किए बिना राज्य सशक्त नहीं बन सकता है। इसी कड़ी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत, पंचायत में शिविर लगाकर आपकी समस्याओं का समाधान किया गया। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। अब हर वर्ष पंचायत में शिविर लगेंगे। अधिकारी आपके घर पहुंचेंगे और आपकी समस्याओं का समाधान करेंगे। नयी-नयी योजनाओं को लेकर हम आपके बीच आते रहेंगे।

### गुरुजी समेत तमाम दिग्गज थे मौजूद

समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के अलावा मंत्री आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, चंपाई सोरेन, बन्ना गुप्ता, बादल,मिथिलेश कुमार ठाकुर, बेबी देवी, सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विनोद पांडेय, राजेश ठाकुर, दीपिका पांडेय सिंह, राजेश कच्छप, विधायक अनूप सिंह, जिग्गा सुसरन होरो, शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन सहित राज्य के मुख्य सचिव एल०खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, राज्य सरकार के कई वरीय अधिकारीगण एवं सभी जिलों से पहुंचे लाभुकगण, नियुक्ति पत्र पाने वाले युवक-युवतियां तथा अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### 20 साल तक झारखंड की चिंता किसी ने नहीं की

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो दशकों में झारखंड के विकास की सरकारों ने कोई चिंता नहीं की। लोगों को न तो योजनाओं का सही तरीके से लाभ मिला और न ही उनकी परेशानियां दूर की की गयीं। तब जिन लोगों ने राज्य को चलाया उन लोगों ने राज्य को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा, जब हमारी सरकार बनी तो हमने समस्याओं की प्राथमिकता के लोगों के दुःख दर्द को दूर करने का सिलसिला शुरू किया। यह अब भी जारी है और रहेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड से लाखों मजदूर रोजगार के लिए दूसरे राज्यों के लिए पलायन करते हैं। इसकी जानकारी तब हुई जब कोरोना महामारी के दौरान हमारी सरकार ने मजदूरों को वापस अपने घर लाने का सिलसिला प्रारंभ किया। रोजगार के लिये मजदूरों का इस तरह पलायन हमारे लिये काफी चिंता की बात थी। ऐसे में हमने उन योजनाओं पर विशेष जोर दिया। इसके जरिये इन मजदूरों को अपने गांव घर में ही रोजगार दे सकें।

ललन का इस्तीफा, नीतीश बने अध्यक्ष

## झारखंड से पार्टी शुरू करेगी जाति जनगणना



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक में 4 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। झारखंड से अगले साल 2024 में नीतीश कुमार जनजागरण की शुरुआत करेंगे। वहीं सीएम नीतीश को सर्वसम्मति से तीसरी बार पाटी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इससे पूर्व बैठक शुरू होते ही राजीव रंजन ऊर्फ ललन सिंह ने खुद अपने इस्तीफे की पेशकश की। उनका कहना था कि वो मुंगेर से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। अध्यक्ष रहते वह मुंगेर में समय दे पाते थे। बैठक के अंति दिन शुक्रवार को सभी प्रस्तावों पर मुहर लग गयी। अब लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार ही पार्टी को लीड करते दिखेंगे।

**जाति जनगणना अभियान :** श्री त्यागी ने कहा कि देश भर में जाति गणना की मांग के लिए जनजागरण अभियान चलाया जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)

### जदयू ने कहा, भाजपा हमारी दुश्मन नहीं

बैठक के बाद जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने कहा कि भाजपा हमारी दुश्मन नहीं है। राजनीति में कोई भी दुश्मन नहीं होता। इससे यह संकेत मिल रहा है कि आवश्यकता पड़ने पर कुछ भी हो सकता है। इससे यह भी कयास शुरू हो गये हैं कि नीतीश कुमार फिर से पाला बदल सकते हैं। केसी त्यागी के बयान ने इन्हें और बढ़ा दिया है। पार्टी के नेता नीतीश के साथ हैं और अब जो भी फैसला लेंगे पूरी पार्टी उनके साथ जायेगी, यह तय है।

## झारखंड को एक और वंदे भारत

**रांची।** पीएम मोदी 30 दिसंबर को रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। रेल मंत्रालय जनवरी में ट्रेन का परिचालन शुरू करेगा। रेलवे ने ट्रेन की समय सारणी जारी कर दी है। इसके मुताबिक वंदे भारत एक्सप्रेस से बनारस से रांची तक का सफर सिर्फ छह घंटा 20 मिनट में पूरा होगा। रेलवे ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यह ट्रेन लोहरदगा टोरी होकर चलेगी। इस ट्रेन के शुरू होने से ही रांची से तीन वंदे भारत ट्रेन हो जायेंगी। एक ट्रेन रांची से पटना और दूसरी रांची से हावड़ा के बीच चल रही है।

### पीएम मोदी आज रांची-वाराणसी ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे

**6.20 घंटे का सफर :** वर्तमान में रांची और बनारस के बीच चार ट्रेनों का परिचालन अलग-अलग रूटों से हो रहा है, जिसमें 11 घंटे का समय लगता है। वंदे भारत ट्रेन छह घंटा 20 मिनट लेगी। बनारस से सुबह 5:50 बजे खुलेगी। दोपहर 12:10 बजे रांची पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर 01:30 बजे रांची से रवाना होगी और शाम 07:50 बजे बनारस पहुंचेगी।




## ससुराल के जल से होगा श्रीराम का जलाभिषेक

### जनकपुरी से जल कलश लेकर अयोध्या रथ पहुंचा, भव्य स्वागत

एजेंसी

**गोरखपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भगवान राम की प्रतिमा का जलाभिषेक उनकी ससुराल जनकपुर नेपाल से लाये जल से होगा। जनकपुरी से कई नदियों के पवित्र जल से भरा कलश भव्य शोभा यात्रा के साथ शुक्रवार को गोरखपुर गोरखनाथ मंदिर पहुंचा। यहां श्रद्धालुओं ने कलश में भरे पवित्र जल की आरती उतारी और भव्य स्वागत किया। इस यात्रा में विहिप से जुड़े लोगों के अलावा अन्य लोग भी शामिल हुए। सदियों से चली आ रही रोटी-बेटी की इसी परंपरा को ध्यान में रखते हुए नेपाल की पवित्र नदियों का जल इस कलश के साथ यहां पहुंचा। भगवान श्रीराम के ससुराल जनकपुर के लोग अपने दामाद के महल में प्रवेश को लेकर आतुर दिखे। राम और जानकी (सीता) के स्वागत को लेकर विभिन्न कार्यक्रम में वह अपना सहयोग करना चाह रहे हैं। जलाभिषेक के लिए नेपाल की जिन नदियों का जल एकत्रित किया गया है, उनमें बागमती, नारायणी, गंगा सागर, दूधमति, काली, गंडकी, कोशी, कमला शामिल हैं। यही जल भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के समय पूजन विधि में उपयोग किया जायेगा। नदियों के पवित्र जल को गहवा माई रथ यात्रा सरि के साथ नेपाल हिंदू परिषद की ओर से जनकपुर से अयोध्या लाया गया। विहिप के मंडल प्रभारी दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि भारत और नेपाल का रिश्ता भाई-भाई का रहा है। ये माता सीता और भगवान श्रीराम के विवाह के बाद से और पवित्र हो गया है। यही वजह है कि लोगों में इसके स्वागत को लेकर खासा उत्साह है। विहिप नेपाल के महामंत्री जितेंद्र ने बताया कि नेपाल की नदियों के पवित्र जल को जनक जननी माता सीता के जनकपुर में संग्रह करके तीन दिन पहले प्रस्थान किया था।




(शेष पेज 11 पर)

हेमंत सरकार के 4 साल पूरे





राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड वासियों को दीं कई सौगातें

# विकास को रफ्तार देनेवाली 4547.69 करोड़ की 343 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के सफल चार वर्ष पूरे कर लिये। इन चार वर्षों में विकास के कई नए आयाम स्थापित हुये, जो आज झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मोरहाबादी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राज्य वासियों को कई सौगातें दी।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग में 662 और स्वास्थ्य विभाग में 307 नव चयनितों को नियुक्ति पत्र किया प्रदान। सभी के चेहरे पर दिखी मुस्कान दिखी। वहीं रिम्स रांची, गिरिडीह में 100 बेड, हजारीबाग, लातेहार, देवघर, साहिबगंज, दुमका और गढ़वा में 50 बेड की क्षमता वाला क्रिटिकल केयर ब्लॉक अस्पताल बनेगा। रांची पलामू और देवघर में धनवंतरी आयुष अस्पताल का हुआ शिलान्यास।



## 323 योजनाओं की रखी गयी नींव

सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के अवसर पर रांची में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने 323 योजनाओं की नींव रखी। इन योजनाओं पर 3698.32 करोड़ रुपये होंगे खर्च होंगे। इनमें कृषि विभाग की 2, खाद्य आपूर्ति विभाग की 2, परिवहन विभाग की 1, स्वास्थ्य विभाग की 23, कल्याण विभाग की 7, जल संसाधन विभाग की 3, नगर विकास एवं आवास विभाग की 8, ग्रामीण विकास विभाग की 1, आरइओ की 211, पाक निर्माण विभाग की 58 और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 7 योजनायें हैं।

## 20 योजनाओं का किया गया लोकार्पण

सरकार के 4 साल पूरे होने के अवसर पर रांची में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने 849.37 करोड़ रुपए की लागत वाली 20 विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। इसमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 3ए स्वास्थ्य, जल संसाधन, पर्यटन और श्रम विभाग की 1-1, पथ निर्माण विभाग की 6, आरइओ की 4 और नगर विकास एवं आवास विभाग की 3 योजना है। इनमें जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन हुआ। उसमें रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट के तहत इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कार्य और खूंटी के कर्रा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शामिल है।

## शिक्षा विभाग में नव चयनितों को मिला नियुक्ति पत्र



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग में नव चयनित 307 मेडिकल अफसर और कर्मियों एवं शिक्षा विभाग में पीजीटी टीचर तथा लैब असिस्टेंट के लिये चयनित 662 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। वहीं, विभिन्न विभागों की के कलमकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया।

## उन्नति का पहिया



# बेटियों को बनायेंगे इंजीनियर, डॉक्टर और अफसर : हेमंत सोरेन

### बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए झामुमो सरकार प्रतिबद्ध

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार के चार साल पूरे होने के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार बच्चों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में पहले चरण में 80 स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले गये हैं। आने वाले दिनों में इनकी संख्या 5 हजार की जायेगी। बच्चियों आर्थिक तंगी की कारण पढ़ाई नहीं छोड़े। इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 40 हजार रुपये दिये जा रहे हैं। अब बेटियां सिर्फ डिग्री नहीं लेंगी बल्कि इंजीनियर डॉक्टर और अफसर भी बनेंगी। इसके अलावा दसवीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड दिया जायेगा। कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। अब यहां रहने वाले विद्यार्थी सिर्फ पढ़ाई की चिंता करें। उनके खाने पीने की व्यवस्था भी राज्य सरकार करेगी। विदेश में उच्च शिक्षा के लिये भी सरकार शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। वहीं, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेस को करने के लिए भी सरकार आर्थिक मदद दे रही है।



### विभागों में नियुक्तियों के खुल गये हैं द्वार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों के रास्ते खुल चुके हैं । सरकारी विभागों में खाली पड़े हजारों पद भरे जा चुके हैं । वहीं, 45 हजार से ज्यादा पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। जबकिए निजी संस्थानों में भी 50 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा चुका है। हमारी सरकार ने यह भी कानून बनाया है कि झारखंड में जितने भी संस्थान और कंपनियां होंगी उन्हें 75 प्रतिशत नौकरी स्थानियों को देना अनिवार्य होगा।

### सरकार का महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक पिछड़े, महिला नौजवान बुजुर्ग दिव्यांग किसान मजदूर समेत अन्य सभी वर्ग और तबके के लिए सरकार की योजनाएं हैं। आप को बस इतना ही करना है कि आप अपनी जरूरत की योजनाओं का चयन करें और उसका लाभ लेकर अपने को सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सरकार कई कार्य कर रही है। सखी मंडलों से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अब तक 8000 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में तेजी से कम कर रही है क्योंकि इसी के जरिए विकास का दरवाजा खुलता है उन्होंने कहा कि आज 6 हजार करोड़ रुपए की लागत से लगभग 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण हो रहा है। वहीं, 7 हजार करोड़ रुपए से उच्च स्तरीय सड़कें बनाई जा रही हैं।

### वर्ष 2025 तक युवा झारखंड किसी के भरोसे नहीं रहेगा



मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा झारखंड के कदम आगे बढ़ रहे हैं। वर्ष 2025 में झारखंड 25 वर्ष का युवा हो जाएगा। हमने यह लक्ष्य रखा है कि अगले दो वर्ष में झारखंड को इतना ताकतवर बनाएंगे कि अपने दम पर यह आगे बढ़ेगा और किसी से मदद लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसमें आप सभी का सहयोग बहुत जरूरी है।

## ज्योति कुमार सिंह बनाये गये झारखंड कांग्रेस के कम्युनिकेशन को-आर्डिनेटर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मीडिया एंड कम्युनिकेशन के प्रभारी जयराम रमेश एवम मीडिया पब्लिसिटी के चेयरमैन पवन खेड़ा ने एआईसीसी के प्रवक्ता ज्योति कुमार सिंह को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड का कम्युनिकेशन को-आर्डिनेटर नियुक्त किया है। एआईसीसी ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 24 राज्यों में कम्युनिकेशन को आर्डिनेटर नियुक्त किया है। सभी कम्युनिकेशन को आर्डिनेटर अपने प्रभार वाले प्रदेशों में प्रदेश के मीडिया कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट को एआईसीसी द्वारा दिए गए गाइडलाइन के मुताबिक काम करने में समन्वय स्थापित करेंगे। ज्योति कुमार सिंह को झारखंड का कम्युनिकेशन को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किए जाने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं सीएलपी नेता आलमगीर आलम ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देनेवालों में अमूल्य नीरज खालखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, राजीव रंजन प्रसाद, जयशंकर पाठक, संजय लाल पासवान, डॉ एम तौसीफ, मदन मोहन शर्मा, जगदीश साहू, निरंजन पासवान, शांतनु मिश्रा मुख्य रूप से शामिल हैं।

# झारखंड कैडर के छह आइएएस सचिव रैंक में प्रोन्नत, आठ बने विशेष सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने छह आईएएस अफसरों को सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। वहीं आठ आईएएस अफसरों को स्पेशल सेक्रेटरी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। सेक्रेटरी रैंक में प्रमोशन पाने वाले अफसरों में चंद्रशेखर, जीतेंद्र कुमार सिंह, कमलेश्वर प्रसाद सिंह, यतींद्र प्रसाद, चंद्रकिशोर उरांव और सुनील कुमार के नाम शामिल हैं। वहीं आठ अफसरों को स्पेशल सेक्रेटरी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। प्रोन्नति पाने वाले अफसरों में माधवी मिश्रा, अनन्य मित्तल, आदित्य रंजन, रामनिवास यादव, विजय नारायण राव, आर रॉनिटा, नमन प्रियेश लकड़ा और अंजली यादव के नाम शामिल हैं। कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है।

### मनरेगा आयुक्त और रांची डीसी सहित छह आइएएस अधिकारियों को मिला प्रोमोशन

**रांची।** रांची डीसी सहित छह भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को लेवल-13 रैंक में प्रोन्नति दी गई है। सभी पदाधिकारी को प्रोमोशन का लाभ 1 जनवरी 2024 की तिथि से मिलेगा। इन्हें लेवल 13 में 123010 से 215900 का वेतनमान दिया गया है। सभी पदाधिकारी वर्तमान पद पर बने रहेंगे। इस संबंध में कार्मिक विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।

**इन्हें मिला प्रोमोशन :** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, डीसी दुमका ए डोडे, डीसी पूर्वी सिंहभूम मंजूनाथ भजंत्री, मनरेगा आयुक्त झारखंड राजेश्वरी बी, परियोजना निदेशक झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाइटी रांची नेल्सन ए बागे, निदेशक समाज कल्याण शशि प्रकाश झा।

### झारखंड कैडर के दो आइएएस को प्रोफार्मा प्रमोशन

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड कैडर के दो आईएएस अफसरों को प्रोफार्मा प्रोन्नति दे दी है। दोनों अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। केंद्र में आर्थिक कार्य विभाग में उपसचिव के पद पर पदस्थापित महिमापत रे और निदेशक सेंसस ऑपरेशन के पद पर पदस्थापित प्रभात कुमार को लेवल-13 में प्रोफार्मा प्रोन्नति दी गई है। कार्मिक विभाग ने इसे लेकर शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है।

## हाइकोर्ट ने दिव्यांगों की नियुक्ति के मामले में राज्य सरकार और जेपीएससी से मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सातवीं से 10वीं जेपीएससी परीक्षा में दिव्यांगों के लिए आरक्षित सात सीटों में से चार सीटों को दूसरे कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरने को लेकर दाखिल सदानंद कुमार एवं अन्य की याचिका पर राज्य सरकार एवं जेपीएससी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने इन दोनों को 12 जनवरी तक शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि सातवीं से 10वीं जेपीएससी परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों में से कितने पद रिक्त हैं, कितने सफल अभ्यर्थियों ने ज्वाइन नहीं किया है। इससे पहले जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उक्त परीक्षा के सभी सीट भर गए हैं। इसलिए सफल अभ्यर्थियों को प्रतिवादी बनाना जरूरी है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि उनकी जानकारी के अनुसार अभी भी कुछ सीटें खाली हैं। सातवीं से दसवीं जेपीएससी परीक्षा में जो मेरिट लिस्ट आया उसमें से दिव्यांगों के लिए आरक्षित सात सीटों में से तीन सीटों को ही भरा गया। बाकी चार सीटों को दूसरे कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरा गया, जो नियमावली के विरुद्ध है। यह सभी सात सीटें दिव्यांगों अभ्यर्थियों से भरी जानी चाहिए थी और यदि योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलते तो आरक्षित बची सीट को अगले साल के लिए कैरी-फॉरवर्ड किया जाना चाहिए था, लेकिन जेपीएससी ने ऐसा नहीं किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 18 जनवरी निर्धारित की है।

## हेमंत सरकार के 4 साल के कार्यकाल में जनता को जितनी उम्मीदें थी उसमें कमी रही : माकपा

**माकपा राज्य में झामुमो कांग्रेस और राजद गठबंधन में शामिल नहीं है लेकिन इस सरकार के क्रियाकलापों का गुण दोष के आधार पर मूल्यांकन करते हुए अपना स्टैंड लेती है...**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेमंत सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल पर माकपा राज्य सचिवमंडल ने बयान जारी किया है। बयान में सचिव प्रकाश विप्लव की ओर से कहा गया है कि राज्य सरकार जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी नहीं उतरी है। हेमंत सरकार ने चार साल पहले शपथ लेते ही खूंटी में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा हजारों आदिवासियों पर दायर किए गए मुकदमों को वापस लिए जाने का आदेश देकर एक प्रशंसनीय काम किया था। सरकार के इस फैसले का सभी लोकतांत्रिक शक्तियों ने स्वागत किया था। हालांकि कोरोना महामारी के चलते सरकार को अपना ध्यान उस समय इस महामारी से निपटने में लगाने के चलते कई जरूरी कामों को टालना एक मजबूरी भी थी।

उन्होंने कहा है कि झारखंड में उन्माद पैदा कर उत्पात मचाने वाली सांप्रदायिक ताकतों से निपटने में भी हेमंत सरकार का प्रशासनिक रिकॉर्ड अच्छा रहा है। हेमंत सरकार के जन पक्षीय सभी कामों का माकपा ने केवल समर्थन ही नहीं किया बल्कि उसके पक्ष में मजबूती से खड़ी रही। लेकिन माकपा द्वारा उठाए गए जनता के कई महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति जिनमें आदिवासियों और दलितों की कई ज्वलंत समस्याएं भी शामिल रही। इन मुद्दों के प्रति हेमंत सरकार का रवैया उपेक्षापूर्ण रहा है। इसलिए आम जनता के कई ज्वलंत मुद्दों का समाधान अभी तक नहीं हो सका।

उन्होंने कहा है कि माकपा राज्य में झामुमो कांग्रेस और राजद गठबंधन में शामिल नहीं है लेकिन इस सरकार के कार्यकलापों का गुण दोष के आधार पर मूल्यांकन करते हुए अपना स्टैंड लेती रही है। माकपा का राज्य सचिवमंडल हेमंत सरकार को चार वर्ष पूरे करने पर बधाई देते हुए यह अपेक्षा रखता है की राज्य की वाम शक्तियों द्वारा उठाए जा रहे जन मुद्दों पर वह सकारात्मक पहल लेगी और उन मुद्दों को हल करने की दिशा में ठोस कदम उठाएगी ताकि राज्य में वाम-धर्मनिरपेक्ष जनतांत्रिक शक्तियों की एकता भी और मजबूत हो सके। साथ ही नफरत और धार्मिक उन्माद फैलाकर राज्य की जनता को विभाजित करने वाली ताकतों से भी निपटा जा सके।

राज्य सरकार के 4 साल पूरे होने पर भाजपा ने साधा निशाना

# हेमंत सरकार आदिवासियों के साथ कर रही क्रूर मजाक : प्रतुल शाहदेव

### 20 लाख नौकरियां देने का वादा करने वाली सरकार हर मोर्चे पर विफल

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा– सरकार की वादाखिलाफी के कारण चारो ओर है निराशा और सरकार मना रही जश्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि ईमानदार अधिकारी हेमंत सरकार के निशाने पर हैं। श्री शाहदेव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार के चार वर्षों के कार्यकाल पूरा होने पर जश्न मनाने पर जोरदार हमला बोला है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला उत्पीड़न की घटना बढ़ी है, नौकरी मांगने पर युवाओं पर लाठी चार्ज होता है, हक मांगने वालों को पीटा जाता है। श्री शाहदेव ने कहा कि 20 लाख नौकरियां देने का वादा करने वाली सरकार हर मोर्चे पर विफल है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। राज्य में दुष्कर्म, हत्या एवं अपराध बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि 32 लाख किसानों का लोन माफ करने का वादा झूठा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में हेमंत सरकार के भ्रष्ट आचरण के कारण आदिवासी-मूलवासियों के चेहरे में निराशा है। फिर किस बात का जश्न मनाया जा रहा है।

बिरसा मुंडा जेल अधीक्षक रॉबर्ट निशांत बेसरा का असमय स्थानांतरण किया गया। उन्होंने कहा कि इस सरकार में ईमानदार अफसरों की कोई पूछ नहीं है।

## झारखंड : वर्ष 2023 में 834 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में वर्ष 2023 में पुलिस ने 834 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पूरे राज्य में साइबर अपराध से संबंधित कुल 1172 केस दर्ज किये गये हैं। पुलिस ने जांच के क्रम में 1417 मोबाइल फोन, 2328 सिम कार्ड, 470 एटीएम कार्ड, 128 पासबुक, 23 लैपटॉप, 37 चेकबुक, 18 डेविट कार्ड, 14 पीओएस मशीन, 69 वाहन, नगद 54 लाख 31 हजार 490 रुपए और 3300 ताईवानी डॉलर बरामद किया है। साथ ही विभिन्न मामलों में शिकायतकर्ता का 7908081 रुपये वापस कराया गया। इस दौरान पांच करोड़ सात लाख बीस हजार 557 रुपए बैंक अकाउंट में फीज कराया गया। इसके अलावा राज्य में कुल 717 बदमाशों के खिलाफ सीसीए के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने के लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता एवी होमकर ने शुक्रवार को बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ राज्य पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

स्पीड न्यूज

### अधिवक्ता को संघ ने की आर्थिक मदद

**बेरमो/तेनुघाट।** तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्य जनार्दन प्रसाद की आंखों में दिकत आ थी गई जिसका इलाज रांची मे करवायाण इलाज करवाने के बाद तेनुघाट अपने आवास आ गयेण वहीं आज अधिवक्ता संघ के द्वारा एक बैठक की गई। बैठक में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा के अध्यक्षता में दो हजार रुपए सहायता राशि देने का निर्णय लिया गया, जो आज उनके आवास पर संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, संघ के माहा सचिव वकील प्रसाद महतो, अधिवक्ता अशोक पाठक और प्रेम शर्मा ने अपने सहपाठी जनार्दन प्रसाद को इलाज के दो हजार रुपए दिया। साथ ही उनके जल्द ठीक होने की कामना किये।

### एडीएम ने किया भटिंडा फॉल का निरीक्षण

**धनबाद।** अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता ने आज भटिंडा फॉल का निरीक्षण किया। एडीएम ने बताया कि आज से 2 जनवरी तक भटिंडा फॉल में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स मौजूद रहेंगे। फॉल के खतरनाक स्थान पर बैरिकेडिंग की गई है। सिविल सर्जन को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। वहां गोताखोर भी उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा पर्यटकों का नदी में तैरने एवं नहाने पर प्रतिबंध रहेगा। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष और समिति के सदस्यों के साथ मुलाकात की।

### बोकारो में 20वीं ओपन बास्केटबॉल चैंपियनशिप

**बोकारो।** बोकारो जिले में ओपन बास्केटबॉल चैम्पियनशिप टूर्नामेंट का आयोजन 30 व 31 दिसंबर को बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन एवं आईटीके इंडिया द्वारा आयोजित किया गया हैं। इसमें बोकारो के हर वर्गों के खिलाड़ी अल्युमिनि से लेकर नए खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे और इसके साथ ही पिकनिक का भव्य आयोजन है। इस टूर्नामेंट में लीग कम नॉकआउट नियम के तहत मैच करवाया जाता है। 8 से 10 टीम इस टूर्नामेंट में भाग लेती है जहा हर एक टीम में एक गोल्डन ब्वॉय नामक प्लेयर खेला जाता है, जिसकी प्वाइंट्स और प्लेयर के द्वारा स्कोर होगी उसे दुगना स्कोर दिया जाता है। इस टूनार्मेंट से खेल के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाया जाता है खेल के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होता है।

### भाजपा नेता ने बच्ची की पढ़ाई का उठाया खर्च

**बेरमो।** भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने शुक्रवार को फुसरो मंडल भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वीणा देवी की पुत्री की पढ़ाई का खर्च उठाने का ज़िम्मेदारी लिया। उनकी पुत्री खुशी कुमारी अनपति देवी सरस्वती शिशु मंदिर फुसरो मे यूकेजी की छात्रा है। इस अवसर पर प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि बेरमो के जरूरत मंद बच्चों की शिक्षा पैसे के आभाव में बाधित नहीं होगा। विदित है कि प्रकाश कुमार सिंह ने बेरमो विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में सैकड़ो जरूरतमंद विद्यार्थियों को अपने निजी मद से पढ़ाई का खर्च एवं स्कूल फीस देने का काम कर रहे हैं। कुछ महीने पूर्व प्रकाश कुमार सिंह ने बेरमो में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया था, जिसमें सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए थे।

# सीआईएसएफ और पुलिस ने अवैध माइंस को कराया बंद

खबर मन्त्र असर



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 3 सिनीडीह टुंडू रोड में चल रहे अवैध माइंस के खबर को खबर मंत्र ने दिनांक 29 -12- 2023 को प्रमुखता से छापा था। बताते चले कि बाघमारा अनुमंडल के मधुबन थाना क्षेत्र में कोयला माफिया ने रैयती जमीन पर अवैध माईंस खोल दिया था। और धड़ल्ले से कोयला का उत्खनन कर रहे थे। उपरोक्त मामले को लेकर महेशपुर निवासी सुनील कुमार सिन्हा ने धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन को आवेदन देते हुए कहा है कि मधुबन थाना क्षेत्र में महेशपुर मौजा आंचल बाघमारा मधुबन थाना क्षेत्र में खाता संख्या 9 प्लॉट नंबर 17 में कुल रखवा 40 डिसिमल पर सिनीडीह के अवैध कोयला चोर मेरे खेत का मिट्टी काटकर अवैध खदान का मुहाना खोल दिए हैं ,तथा दिन-रात अवैध कोयला निकासी कर रहे हैं। उपरोक्त छपी खबर को बीसीसीएल प्रबंधन और सीआईएसएफ ने संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार को अवैध माइंस पर कार्रवाई किया और बुलडोजर से खदान की भराइ करा दी। बताते चले की बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 3 के प्रोजेक्ट ऑफिसर विजय कुमार और सीआईएसएफ इंस्पेक्टर मुकेश कुमार तथा मधुबन थाना के एएसआई नवीन सिन्हा की मौजूदगी में बुलडोजर से चल रहे हैं अवैध माइंस को बंद कर दिया गया। अवैध माइंस को बंद करने की कार्रवाई को देखकर अवैध कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया। मौके पर बीसीसीएल क्षेत्र संख्या के प्रोजेक्ट ऑफिसर विजय कुमार ने बताया की खबर मंत्र अखबार में खबर पढ़ने के बाद कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाया गया है। किसी भी कीमत पर राष्ट्रीय संपत्ति की लूट नहीं करने दी जाएगी।

### कोयला लदा हाइवा पकड़ाया

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के दो नं पुल के पास ग्रामीणों ने कोयला लदा गाड़ी संख्या जेएच 10 सीएल 9343 को पकड़कर स्थानीय थाना को सुपुर्द कर दिया ।वही पुलिस ने गाड़ी को जप्त कर थाना ले आई वही पुलिस ने बताया की ग्रामीणों ने सुचना दिया हाइवा गाड़ी मे कोयला लोड है मगर किसका कोयला है कहा नहीं जा सकता है यह जाँच का विषय है। खबर लिखें जाने तक हाइवा का कोई भी प्रतिनिधि नहीं पहुंचा है। वही मौके पर धनबाद सदर के अंचल कार्यलय से पदाधिकारी भी जाँच करने पहुंचे और सीआईएसएफ के इंस्पेकर भी जांच मे पहुचे।

### श्री राम कथा को लेकर निकली कलश शोभायात्रा



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी लटानी बाजार में पांच दिवसीय श्री राम कथा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। सैकड़ो महिला पुरुष और श्रद्धालु माथे पर कलश लेकर जल यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा लटानी बाजार,शंकरडीह,बड़वाद बाजार पदयात्रा करते पोखरिया चौक से बढ़ाकर नदी के बेजडा घाट लगभग आठ किलोमीटर पैदल चलकर पहुंची। जहां ब्राह्मण पंडित के वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। कलश यात्रा में बाजे गाजे तथा धार्मिक झंडा शोभा बढ़ा रहे थे। हर हर महादेव जय श्री राम के धार्मिक जयकारों से क्षेत्र गुंजमान हो उठा। कथावाचक राष्ट्रीय संत अवधेश जी महाराज के मुखारबिंदू से भक्त जन श्री राम कथा का रसपान करेंगे। धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए दिलीप मंडल,समीर साव, अजीत मिश्रा, सुरेश महतो, सोनू सिंह, संतलाल बाबा,बिपिन दा, काजल कुमार,नरेश महतो,विजय दास, वासुदेव कुमार, प्रतुल दत्ता, प्रताप पाल, वीरेंद्र मंडल, मनोज मंडल,शंकर चंद्र दा,काजल मंडल, अजीत कुमार,सहित सैकडो श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

### राजगंज में कपड़ा लोड ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

**राजगंज।** राजगंज के हाईवे रोड पर एक कपड़ा लोड ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में चालक टीकम महाराज बाल बाल बच गया पर ट्रक पलटने के कारण कपड़े की गांठे हाईवे से लेकर नीचे लिंक रोड तक बिखर गया। सूचना मिलते ही गश्ती दल मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई।ट्रक राजस्थान से आसनसोल जा रही थी। दलुडीह के समीप अचानक एक गाय के सामने आ जाने के कारण चालक को ब्रेक लगाना पड़ा जिसके कारण ट्रक अनियंत्रित होकर दूसरी और की सड़क पर आकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। चालक ने बताया की कुछ कपड़े भी ग्रामीणों द्वारा लूटी गई मगर सही समय पर पुलिस के पहुंच जाने के कारण लोगों को भागना पड़ा।

### देवेन महतो के निधन पर शोक

**बोकारो/कसमार।** कुड़मि समाज के हड़ कमिया व अगुवा देवेन महतो के निधन पर क्षेत्र में गहरी शोक की लहर है। कसमार जरीडीह व पेटरवार प्रखंड समेत पश्चिम बंगाल के हजारों कुड़मि समाज के लोगों ने देवेन महतो के पैतृक आवास पंहुचकर शोक संवेदना व्यक्त की है। बरवड्डा जीटी रोड़ से बगोदर तक हुए डहरे सोहराय बेड़हा कार्यक्रम में शामिल होने डुमरी जाते समय कसमार थाना क्षेत्र के मंजूरा में वाहन दुर्घटना में सिर पर गंभीर रूप से जख्म हो गया था। उनके निधन पर कुड़मि समाज के अगुवा सुरेश बाघबानुआर दीपक पुनरियार अंनत कंड़हआर अरविंद सांखवार मानु गुलियार सुबाष हिंदीयार संजय पुनरियार शंकर हिंदयार, मुरलीधर हस्तुवार मिथलेश केटियार भागीरथ बसरियार आदि ने अंत्यत दु:ख व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया है।

## सांसद-विधायक ने किया योजनाओं का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गुरुवार को कसमार प्रखंड के चार पंचायतों में चार योजनाओं का शिलान्यास किया। सांसद एवं विधायक ने सोनपुरा में 96 लाख की लागत से बननेवाले पंचायत भवन निर्माण कार्य कसमार प्रखंड में साढ़े पांच करोड़ की लागत से बननेवाले बीडीओ सीओ पर्यवेक्षीय तृतीय व चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण सह प्रखंड परिसर का विकास एवं विविध निर्माण कार्य उत्क्रमित उच्च विद्यालय टांगटोना में 18 लाख की लागत से बननेवाले चहारदीवारी सह शौचालय निर्माण कार्य एवं खुदीबेड़ा में 55 लाख की लागत से बननेवाले स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर सांसद श्री चौधरी ने कहा कि पूरे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से चल रहा है। मौके पर कसमार बीडीओ अनिल कुमार स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज पूर्व जिप सदस्य विमल जायसवाल आजसू धनबाद जिलाध्यक्ष मंटू महतो बानेश्वर महतो दांतू मुखिया चंद्रशेखर नायक सोनपुरा मुखिया चंद्रशेखर हेम्ब्रम हिसिम मुखिया बबीता देवी हिसिम पंसस जगेश्वर मुर्मू, रंजीत महतो उमेश जायसवाल कपिलेश्वर महतो अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त से मुलाकात के बाद आईएमए की हड़ताल खत्म

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन के साथ मुलाकात करने के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 30 दिसंबर 2023 से प्रस्तावित हड़ताल को वापस ले लिया है। उपायुक्त ने आज अपने कार्यालय कक्ष में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और चिकित्सकों की समस्याओं को सुना। समस्याओं को सुनने के बाद उन्हें सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने सभी अस्पताल व नर्सिंग होम को एक रजिस्टर रखने की सलाह दी। जिसमें टाइगर फोर्स या गश्ती दल में शामिल पुलिसकर्मी गश्त के बाद हस्ताक्षर करेंगे। साथ ही सहायता के लिए टाइगर फोर्स, स्थानीय पुलिस स्टेशन और पुलिस उपाधीक्षक का मोबाइल नंबर रखने की सलाह दी। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, सिटी एसपी अजीत कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एक अमर कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन, आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके सिंह, डॉ मेजर चंदन, डॉ. प्रणय कुमार पूर्बे, डॉ. राकेश इंदर सिंह मौजूद थे।

### चिरकुंडा में पेयजलापूर्ति सुबह से बंद, परेशानी

**चिरकुंडा।** शहरी जलापूर्ति योजना के पेयजलापूर्ति पाइप का मैथन स्थित संजय चौक के समीप पाइप लाइन को शिफ्टिंग किए जाने के कारन चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में पेयजलापूर्ति सुबह से बंद हो जाने को कारन क्षेत्र के नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद के विभिन्न वार्डो के करीब 50 हजार की आबादी प्रभावित है। सुबह से विभिन्न वार्डो के लोगों को पानी के लिए यहां वहां भटकना पड़ा। इस संबंध में चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान ने बताया कि रविवार की सुबह से क्षेत्र में बंद जलापूर्ति चालू हो जाएगा। पाइप लाइन मरम्मती का कार्य शनिवार की शाम तक हो जाने की उम्मीद है। उन्होने कहा कि संजय चौक के समीप सड़क चौड़ीकरण को लेकर दो दिनों तक जलापूर्ति बंद रहेगा।

## कैलूडीह के बेरोजगारों ने कंपनी में नौकरी के लिए विधायक से की समझौता कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर एरिया तीन के अंतर्गत कैलूडीह स्थित एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कंपनी में नौकरी की आस लगाए बैठे मजदूरों ने एक प्रेस वार्ता शुक्रवार को की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बेरोजगार मजदूरो ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो से अपील की है कि कैलूडीह में संचालित एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत मजदूरों को समझाएं और हाई पावर कमेटी के तहत वेतन की भुगतान की मांग करने वालों को बताएं कि आपके इस मांग से 65 घरों में चूल्हा जलना बंद हो जाएगा। विधायक से आग्रह है कि आप इस मामले का शीघ्र निपटारा करें। अन्यथा हम 65 मजदूर बेमौत मारे जाएंगे। मुझे विश्वास है कि आपका छोड़कर हम लोगों को और कोई हक नहीं दिला सकता है। प्रेस वार्ता कर रहे मजदूरों ने बताया कि शुरूआती दौर में कंपनी 100,105 मजदूर ही रख रहे थे। बाद में 40 कमेटी की एक कमेटी बनी जिसमें कमेटी के लोगों ने 225 मजदूर को रखने का दबाव बनाया। प्रबंधन भी उसे पर सहमति जताई ,लेकिन प्रबंधन ने बताया कि हम 225 मजदूर तभी रख पाएंगे जब इन मजदूरों का और कोई डिमांड नहीं आएगा। साथ ही प्रबंधन ने कहा था की सालाना मजदूरों का वेतन भी बढ़ाया जाएगा। प्रबंधन ने इसके तहत अब तक 160 मजदूरों को बहाल कर लिया। लेकिन अभी भी हम 65 मजदूरों की बहाली नहीं हो पाई है। हम लोगों की बहाली होने की प्रक्रिया शुरू होता ही कि कंपनी में कार्यरत 160 मजदूरों ने हाई पावर कमेटी के तहत वेतन भुगतान की मांग को लेकर चक्का जाम कर हड़ताल पर चले गए हैं।

## ईएसएल स्टील ने बिजुलिया सेंटर में की कला प्रदर्शनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता समूह की ईएसएल स्टील लिमिटेड ने सामुदायिक विकास व बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रोजेक्ट प्रेरणा और वेदांता एएएस विद्यालय में शामिल बच्चों के लिए 30 बिजुलिया सेंटर में एक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें बच्चों के कलात्मक और रचनात्मक क्षमताओं को निखारने के लिए विभिन्न खेल और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में नामांकित छात्रों के अलावा स्कूल के छात्रों ने भी भाग लिया। बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग को प्रदर्शनी में आए आगंतुकों ने 100 से 500 रुपये में खरीदा, जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ। कला प्रदर्शनी में लगाए गए जीविका स्टॉल से महिलाओं द्वारा बनाए गए बांस फिनाइल और मशरूम से संबंधित उत्पादों को बेचा गया। मौके पर मुखिया रोहित रजक, किसान युवा मोर्चा उपाध्यक्ष संतू रॉय वार्ड सदस्य अजय तिवारी झामुमो के इस्लाम अंसारी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अंबिका खवास सांसद प्रतिनिधि शेखर चौबे पंसस यशोमति देवी उपस्थित थे। कंपनी के सीएसआर ईआर और पीआर प्रमुख आशीष रंजन ने कहा कि ईएसएल स्टील लिमिटेड संयंत्र के आसपास के समुदायों की खुशी और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# रामधारी ने उत्खनन परियोजना और खदान का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शूक्रवार को कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड के सदस्य रामधारी ने बताया कि उन्होंने ई.सी.एल. कनुस्तोरिया क्षेत्र के नॉर्थ सियासोल उत्खनन परियोजना एवं पांडेश्वरी क्षेत्र के खुटाडीह भूमिगत खदान का दौरा कर निरीक्षण किया। सबसे पहले खदानों का नक्शा देखकर कोयला उत्पादन परियोजना एवं सुरक्षा की विशेष जानकारी लिया उसके बाद कनुस्तोरीया क्षेत्र के उत्खनन परियोजना पहुंच कर कार्यस्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टैचूरी मैन पावर बढ़ाने पर जोर देते हुए टीम ने उत्खनन परियोजना के हाईवाल देखकर आपत्ति जताई लाइटिंग की सुरक्षा की दृष्टिकोण से और दुरुस्त करने की बात कही गई उन्होंने परियोजना में वातानुकूल मौसम के अनुरूप कार्य स्थल पर रेस्ट सेलटर में सुविधा,बेंच को ठीक करने पर जोर दिया अधिकारी के साथ कार्य स्थल का मुआयना किया और कहा कि आज माइंस में जो भी कमियां, खामियां हैं उसे देखने आए हैं सुरक्षा एवं उत्पादन में जो त्रुटियां मिली है उसे उच्च प्रबंधन को अवगत कराएंगे हमारा प्रयास रहेगा की सुरक्षित ढंग से कोयला का उत्पादन हो,नियमित जल छिड़काव करने की बात कही सुरक्षा में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से चिंता जताई और कहा कि सुरक्षा में चूक होने के कारण ही खदानों में दुर्घटना घटती है। उत्खनन परियोजना एव भुमिगत दोनों खदान को निरीक्षण के दौरान जो कमियां खामियां पाई है उसे 15 दिनों के अंदर प्रबंधन को दुरुस्त करने की बात कही गई है। इस निरीक्षण कार्यक्रम में खान श्रमिक कांग्रेस संबंध (बी.एम.एस.) ई.सी.एल. कपंनीके सुरक्षा समिति सदस्य महेंद्र गुप्ता संघ के महामंत्री मृत्युंजय सिंह, नवल किशोर सिंह, आशीष घोष,सहदेव यादव,मिलन घोष प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक के अलावे अन्य लोग भी मौजूद थे।


उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(विकास शाखा)
**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा वर्तमान में खूँटी जिला में कार्यरत सभी NGOs को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त खूँटी के निदेशानुसार सभी स्वयं सेवा संस्थाओं द्वारा अपना पंजीकरण संख्या/वर्ष, पंजीकृत संस्था (सरकारी/गैरसरकारी), वार्षिक आय–व्यय एवं किस प्रक्षेत्र/प्रभाग में कार्यरत है इसकी पूर्ण विवरणी विज्ञापन प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर प्रभारी पदाधिकारी, विकास शाखा, समाहरणालय खूँटी के समक्ष जमा करना आवश्यक है।

अतः सभी NGOs के संचालक (जो वर्तमान में खूँटी जिला में कार्यरत है) अपने कार्य अनुमति तथा पंजीकरण संबंधी विवरणी निर्धारित समय तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रभारी पदाधिकारी,
विकास शाखा, खूँटी।

PR.NO.314689 District(23-24):D

**MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAGH**
(Urban Development & Housing Department, Govt. of Jharkhand)
Municipal Corporation, Hazaribagh – 825301, Email :- municipality_08@rediffmail.com

Ref : UDD/HMC/HZB/SBD/04/2023-24 Letter No. 5537 Dated : 29.12.2023

**e-Procurement Notice**

Name of Tender Inviting Officer : Municipal Commissioner-Cum-Administrator
1. Date of Publication of Tender on Website : 04-01-2024
2. Last Date/Time for receipt of online bids : 13-01-2024 up to 05:00 PM
3. Date/Time of Opening bids : 16-01-2024 11:00 AM
4. Contact No. of Procurement officer : 8219204356

| Sl. No. | Name of Work | Value of Work (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Document (Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rejuvenation/Renovation of Dhobia Talab in Ward No. 12 Under Hazaribagh Municipal Corporation, Hazaribag | 3,49,75,805/- | 3,50,000/- | 11,800/- | (366 Days) |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Municipal Commissioner
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 314770 Urban Development and Housing(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़

ई0 प्रोक्योरमेन्ट सामान्य निविदा सूचना
T. Reference No. :- SBD-11/2023-24 Date 29.12.2023

| Group No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Restructuring & Augmentation Of South Eastern Part Of Gola Block (Barlanga Village) Rural Piped Water Supply Scheme. | 25925824.00 | 260000.00 | 10000.00 | 12 Months |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.01.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 16.01.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 16.01.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 17.01.2024 समय 02.00 बजे अपराहन् | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रामगढ़। | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 अनिल प्रसाद गुप्ता कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रामगढ़। | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 06553-223193 | | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-2480345 | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
1. परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि घट बढ़ सकती है।
2. पथ निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2146(S) दिनांक 09.09.2020 एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड रॉंची के पत्रांक 2133 रॉंची दिनांक 28.09.2020 में निहित प्रावधान लागू रहेगा
3. बेवसाइड पर अपलोड की जाने वाली सभी कागजात स्वच्छ एवं पठनीय प्रति अपलोड करेंगे ताकि पढा जा सके। स्वच्छ एवं पठनीय प्रति अपलोड नही किये जाने पर निविदा अमान्य कर दी जायेगी।

नोटः–. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,रामगढ़

PR 314760 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

# कांग्रेस की परम्परा

कांग्रेस 28 दिसंबर को 138 वर्ष पूरा कर लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे डिजिटल स्वरूप में आमजन से दान लेने की मुहिम की शुरूआत कर रहे हैं। 'डोनेट फॉर देश' के नाम से संचालित होने वाले इस अभियान की महत्ता चुनाव लड़ने के लिए धन राशि एकत्र करने तक सीमित नहीं है, वरन उसका महत्व इसलिये भी है कि वह नये सिरे से आम लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ने जा रही है। इसके साथ ही देश की यह सबसे पुरानी पार्टी अपनी उस परम्परा को पुनर्जीवित करने जा रही है, जिसके बल पर दुनिया की सबसे विपन्न भारतीय अवाम के समक्ष विश्व के सर्वाधिक समृद्ध ब्रितानी हुकूमत को घुटने टेकने के लिये मजबूर होना पड़ा था। देश का स्वतंत्रता संग्राम छोटी-बड़ी मदद के बल पर लड़ा गया था। कांग्रेस को इस तरह जनता के सामने झोली फैलाने की जरूरत इसलिये आन पड़ी है क्योंकि उसका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी जैसे अति सम्पन्न राजनैतिक संगठन के साथ है। दशक भर में उसने जैसा पैसा एकत्र किया है और उसका वह व्यय करती हुई दिख भी पड़ती है, उसके सामने किसी भी सामान्य दल का टिके रहना मुश्किल है। अब तक कांग्रेस उसका जिस प्रकार से भी मुकाबला कर रही है, वह अपने समर्पित कार्यकताओं के बल पर ही, लेकिन 2024 का आम चुनाव लोकतंत्र के लिहाज से जिस प्रकार महत्वपूर्ण हो गया है। देखना यही होगा कि जनता कांग्रेस की दान की अपील को कैसा जबाव देती है। 'डोनेट फॉर देश' अभियान के अंतर्गत आमजन कांग्रेस को परम्परागत तरीकों के अलावा भुगतान के सभी डिजिटल माध्यमों के जरिये भी दान दे सकेंगे। इसके लिये एक अलग वेबसाइट भी बनाई गई है। कुछ ही दिनों में कार्यकर्ता घर-घर घूमकर चंदा एकत्र करेंगे। दान की न्यूनतम राशि 138 रुपये रखी गई है।

# माननीयों का व्यवहार

सवाल है सांसद वॉकआउट करने के बाद दोबारा सदन में क्यों आ जाते हैं? केवल दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं, उन्हें देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। वे संसद में कुछ कर नहीं पा रहे हैं और उधर उनके लोकसभा क्षेत्र की जनता त्रस्त। वे उनकी समस्याएं सुलझा ही नहीं पा रहे हैं, क्योंकि संसद में केवल हंगामा हो रहा है। इसलिए संसद को अखाड़ा बनने से रोकें। नेतृत्व को भी अपनी बात समझाएं, उनके हर गलत-सही आदेश का आंख मूंदकर पालन न करें। लोकतंत्र के पवित्र मंदिर की गरिमा बचाए रखना सांसदों का प्रथम काम है। संसद को महत्वहीन बनाने के खतरनाक आयामों को शायद ये लोग नहीं समझते हैं। हमारी संसद हमारे राष्ट्र की आधारशिला है जो जनता का प्रतिनिधित्व करती है और जिससे अपेक्षा की जाती है कि वह हमारे राष्ट्रीय हितों पर संप्रभु निगरानी रखे। सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है और सरकार का अस्तित्व उस पर लोकसभा के विश्वास पर निर्भर करता है। अतः समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ कर जा रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे?एक बात और सारे सांसद हंगामेबाज हों, ऐसी बात नहीं हैं। जो कामकाज को लेकर गंभीर हैं, वे कुछ नहीं कर पाते। सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं? हकीकत यह है कि लोकतंत्र का लोक यानी देश की जनता लोकसभा का चुनाव सीधे तौर पर करती है। ऐसे में अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए सदन को लोक के सदन यानी लोकसभा की गरिमा का सम्मान करना चाहिए।

# जलवायु परिवर्तन को नजरअंदाज करना संभव नहीं



दिसंबर के माह में तमिलनाडु के कई जिले चक्रवात और बाढ़ से प्रभावित है। यह मौसम परिवर्तन निश्चित की चिंताजनक है। किसी भी पारंपरिक समाज में लोग साथ मिलकर अपने बचाव की कोशिश करेंगे और ज्यादा संकटग्रस्त लोगों को बचाएंगे। उच्चाधिकारी भी हो सकते हैं जो चेतावनी दें और प्रासंगिक होने पर उन लोगों की पहचान करें जिनके कारण यह खतरा उत्पन्न हुआ।

क्या जलवायु परिवर्तन को लेकर ऐसी वैश्विक प्रतिक्रिया हो रही है? करीब 30 वर्ष पहले 200 या उससे अधिक देशों ने मिलकर ऐसे वैश्विक गांव की स्थापना की थी और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए दो प्रणालियां विकसित की थीं-जलवायु परिवर्तन से जुड़े तथ्यों और पूवार्नुमानों को लेकर सहमति बनाने के लिए एक वैज्ञानिक संस्था यानी जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी पैनल (आईपीसीसी) तथा विभिन्न देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क्या करना चाहिए इसके लिए यूएन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) की स्थापना की गई।

इनमें से पहले की बात करें तो कह सकते हैं कि आईपीसीसी ने अब तक पांच आकलन पेश किए हैं। छठे आकलन के जो शुरूआती संकेत हैं उन्होंने तथ्यों और पूवार्नुमानों पर वैज्ञानिक सहमति को मजबूत किया है। तापमान के पूवार्नुमानों की विश्वसनीयता पर संदेह तथा जलवायु पर मानव विकास के प्रभाव अब बहुत सीमित हैं। ये अब प्रायः उन लोगों तक सीमित हैं जिनके वाणिज्यिक हित जीवाश्म ईंधन से जुड़े हुए हैं। आईपीसीसी की रिपोर्ट तथा तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के कारण बढ़ते विपरीत प्रभावों ने निश्चित रूप से वैज्ञानिक दायरे में जागरूकता बढ़ाई है लेकिन इसने उन लोगों में भी चेतना बढ़ी है जिनके वाणिज्यिक हित जलवायु परिवर्तन के जोखिम को कम करने के लिए उठाए गए कदमों से प्रभावित हो रहे हैं।

क्या इस बढ़ती जागरूकता और तथ्यों तथा पूवार्नुमानों को लेकर बढ़ती सहमति के कारण ऐसी आपात भावना पैदा हुई है जो इतनी मजबूत है कि आपातकालीन कदमों की प्रेरणा बन सके? कई बार जलवायु परिवर्तन संबंधी बैठकों के बाद अल्प समय के लिए ऐसा लगता है। लेकिन हकीकत यह है कि तापमान में बढ़ोतरी के घातक परिणाम भविष्य में बहुत बाद में घटित होने वाले हैं और यही वजह है कि वे सही मायनों में न तो लोकतांत्रिक देशों और न ही तानाशाही वाले देशों में निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित कर पा रहे हैं। तत्काल कदम उठाने की भावना की अनुपस्थिति को इस बात में महसूस किया जा सकता है कि विशुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य दशकों पहले तय कर लिए गए हैं लेकिन उस दिशा में अब तक के कदम संतोषजनक नहीं हैं। संयुक्त जवाबदेही की बात करें तो वह साझा किंतु अलग-अलग जवाबदेही की प्रतिबद्धता में नजर आता है जो जलवायु संधि में निहित है। दिक्कत यह है कि जलवायु न्याय का सिद्धांत जिसके जरिये इसे संचालित होना था, उसका कभी उल्लेख नहीं किया गया। चूंकि जलवायु परिवर्तन के जोखिम ग्रीनहाउस गैसों के समग्र उत्सर्जन पर केंद्रित हैं इसलिए अहम मसला जिसे कभी हल नहींकिया गया है वह यह है कि आखिर अतीत के उत्सर्जन के लिए पश्चिमी देशों को किस हद तक जवाबदेह माना जाए। क्षमता के आधार पर अंतर अब अमीर देशों में भी व्यापक रूप से स्वीकार्य है। जब तक इस मसले को हल नहीं किया जाता है तब तक विभिन्न देश अपनी प्रतिबद्धता से पीछे हटते रहेंगे। चौथा तत्त्व जो वैश्विक जलवायु प्रतिक्रिया प्रक्रिया से पूरी तरह नदारद है, वह है कि जवाबदेही और क्षमता के आधार पर अलग-अलग कदमों का प्रवर्तन करने की क्षमता। हमें ग्रीनहाउस गैसों के ऐतिहासिक उत्सर्जन के लिए अधिक जवाबदेह देशों की ओर से जवाबदेही की स्वैच्छिक स्वीकार्यता पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इसमें शामिल लागत के लिहाज से देखें तो यह राजनीतिक दृष्टि से बहुत उपयुक्त नहीं है और अगर कुछ पश्चिमी राजनेता इसके लिए प्रयास करते हैं तो इससे ट्रंप जैसे नेताओं का उभार होता है जो वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं को लेकर और अधिक दुराग्रही हैं।



-नितिन देसाई


> इस बात पर भी कोई सहमति नहीं है कि जवाबदेही शब्द को अभियोज्यता के रूप में समझा जाए या कर्तव्य के रूप में। चूंकि जलवायु परिवर्तन के जोखिम ग्रीनहाउस गैसों के समग्र उत्सर्जन पर केंद्रित हैं इसलिए अहम मसला जिसे कभी हल नहींकिया गया है वह यह है कि आखिर अतीत के उत्सर्जन के लिए पश्चिमी देशों को किस हद तक जवाबदेह माना जाए।

जलवायु न्याय पर सहमत के अभाव तथा देश की सीमाओं से परे एक प्राधिकार की अनुपस्थिति के कारण बातचीत की प्रक्रिया संकीर्ण राष्ट्रीय हितों से संचालित होती है। नतीजा यह कि वार्ता के निष्कर्ष इस बात से आकार लेते हैं कि मौजूदा और भविष्य के उत्सर्जन को देखते हुए किसी देश की भागीदारी कितनी महत्त्वपूर्ण है।

अतीत अब इतिहास हो चुका है और इस प्रक्रिया में उसकी पूरी तरह अनदेखी कर दी गई। इससे जलवायु वाताओं में तीन हिस्सों का शक्तिसंबंधी ढांचा निर्मित हो गया। पहले हिस्से में दो बड़े उत्सर्जक चीन और अमेरिका शामिल हैं जिनकी भागीदारी प्रभावी समझौते की पूर्व शर्त है। अमेरिका और चीन ने 2015 में पेरिस वार्ता और 2021 में ग्लासगो वार्ता के समय आपस में अलग से समझौता किया है जो स्पष्ट करता है कि इनका एक अलग पहलू है। दूसरे हिस्से में 18-20 देश हैं जिनमें से प्रत्येक वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में एक फीसदी या अधिक के लिए उत्तरदायी है। यह मात्रा काफी अधिक है लेकिन व्यक्तिगत रूप से इनके पास वह वीटो अधिकार नहीं है जो अमेरिका और चीन के पास है। तीसरे हिस्से में करीब 180 देश हैं जो बड़े देशों द्वारा तय बातें मानने को विवश हैं। धरती की जलवायु सभी जीवों के लिए समान है इसलिए इसके संकट से निपटना भी हमारी साझा जवाबदेही है। साझा जवाबदेही की भावना तब तक नहीं आ सकती है जब तक कि इस बात पर सहमति न हो कि जलवायु न्याय के सिद्धांत क्या होंगे और हर देश का व्यक्तिगत कर्तव्य क्या होगा। इसके अभाव में हमें छोटे मोटे सुधार ही देखने को मिल सकते हैं। कार्बन बचाने वाली तकनीक में बढ़ते वाणिज्यिक हित भी मददगार हो सकते हैं लेकिन इससे संकट को थामने में अधिक मदद नहीं मिलेगी। उसके लिए हमें जलवायु न्याय के स्वीकृत सिद्धांतों में साझा जवाबदेही को स्थान देना होगा।

## खास बात

# मेरा इश्क बनारस



**अन्नू रंजन**

**यहीं** पर शुरू हुई जिंदगी यही मोक्ष पाला है, यह शिव की काशी है और कहां जाना है? किसी ने सच ही कहा है, कि बनारस की हवाओं में इश्क बहता है।काशी, महादेव की नगरी! जो भी वहां जाता है, वही का होकर रह जाता है, लोगों को अपने रंग में रंगने का हुनर रखता है बनारस। बनारस को गलियों का शहर भी कहा जाता है, लेकिन यह बताना मुश्किल है कि बनारस में गलियां है, या गलियों में बसाहै बनारस। मुझे भी बनारस में अपनी गलियों में कुछ ऐसे छुपा दिया कि मैं वही की होकर रह गई, मैंने बनारस छोड़ दिया लेकिन काशी मुझमें कहीं बस सा गया, मेरा सुकून आज भी घाटों पर है, जहां गंगा आरती से मैं खुद को शांत किया करती थी, गंगा की ओर से निकलती सूरज की लाली रोज एक नई उम्मीद के साथ नया सवेरा लेकर आती, सुबह-सुबह गंगा के पानी मैं स्नान कर खुद को शुद्ध करते हुए भक्ति में लीन लोगों के चेहरे पर सुकून देख कर मेरा मन भी भक्ति में लीन हो जाता।

मंदिर के घंटियों की आवाज पूरे बनारस को जगाती है, काशी की शान काशी विश्वनाथ मैं महादेव के दर्शन के बाद सुबह-सुबह जलेबी और कचोरी ओं का नाश्ता और साथ में एक गरमा गरम मलाई वाली चाय ऊर्जा से भर देती है, काशी चाट भंडार की जाट और मलाईयो के स्वाद का कोई जोड़ नहीं, मीठे और चटपटे बनारस के पान को कैसे भुला जा सकता है? और यहां की बनारसी साड़ी, जिसकी चाह हर भारतीय महिलाओं को होती है। बनारस के हर एक गली में कलाकार का जन्म होता है, यही एक शहर है जहां सांस्कृतिक परंपरा नित्य संगीत के साथ साथ हाथों की कारीगरी को तवज्जो मिली है, अगर कला हो तो यहां व्यक्ति बेरोजगार और भूखा नहीं रह सकता।

दिन भर की थकान के बाद शाम को चाचा के नाम पर गंगा की सैर करते हुए गंगा में डूबता हुआ सूरज मानो कह रहा हूं मैं फिर एक नई किरण लेकर आऊंगा, और नमः पार्वती पतए हर हर महादेव जयकार के साथ गंगा आरती से दिन भर की थकान मिटा देता है, और शाम को शिव चर्चा।

ये जो बिखरे हैं
शॉल बनके
हर शाने-शाने,
इन्हीं धागों ने बुने हैं मेरे ताने-बाने!
**– कुमार विश्वास, कवि**

## रोचक ट्वीट



शीतकालीन सत्र में सदन की कार्यवाही देखने आए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सीआरपीएफ धुर्वा, रांची के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इन विद्यार्थियों को विधानसभा के महत्व और संचालन से जुड़ी जानकारी दी।
**– हेमंत सोरेन, सीएम**



**जीत** उनकी भी है
जो लौट के घर ना आए।
हार उनकी ही है
जो अन्नदाताओं की जान बचा ना पाए।
**–राहुल गांधी**

# प्रकाश की ओर

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** जी ने कहा मुझे जीवन में कुछ नहीं चाहिए। मगर थोड़ा भी आपका काम कर सकूं तो मेरा जीवन धन्य है। यही मैं सोचती हूं। ठीक वही हुआ जो मुनि अगस्त्य ने बताया था। इन लोगों की शिविर लगने के बाद शूर्पणखा सुंदर स्त्री का वेश बनाकर एक दिन आ गयी। आते ही राम के पास जाकर उसने कहा आपकी सुंदरता देखकर लगता है कि प्रकृति ने आपका किस प्रकार निमार्ण किया और मेरा भी निमार्ण प्रकृति ने आपके लिये किया है। आपकी तरह पुरुष है न मेरी तरह स्त्री। अतः आप मेरा वरण करें। मैं आपको पति स्वीकार करना चाहती हूं। रामजी ने कहा कि मेरी शादी हो चुकी हैमेरी पत्नी हैं। वह मेरा भाई है और वहां चले जाओ। जब शूर्पणखा वहां गयी तो लक्ष्मण जी ने कहा कि तुम राम के पास ही जाओ। वे मालिक हैं तो एक नहीं दो चार पत्नियां रख सकते हैं। मैं तो दास हूं मुझे पत्नी रखने का हक कहा है। मैं तो सेवा में आया हूं इसलिये वहीं जाओ वे रख सकते हैं। बार-बार जब उसने यही आग्रह किया तो लक्ष्मण जी ने उसके नाक-कान काट लिये। वह नाक-कान से रहित होकर भयंकर रूप से धारण कर भागी और खर-दूषण को जाकर कही कि अयोध्या के दो राजकुमार आये हैं उनके साथ एक स्त्री है उन्होंने ही मुझे इस प्रकार कुरुप बना दिया है। सुनते ही खर-भूषणक्रोध में आकर पूरी सेना लेकर चल दिया। रास्ते में धूल गर्दा उड़ते देखकर राम ने कहा लक्ष्मण निशाचरों की सेना आ रही है, आप गुफा में सीता को ले जाए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम )

## कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध में महिलाओं की स्थिति



साभार कॉटूनमूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### भ्रम की स्थिति

**आखिर** क्या वजह है कि कृषि जगत में सुधार के दावे के साथ जारी अध्यादेशों के विरोध में देश भर के किसान सड़क पर उतर आए और इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं! राष्ट्रीय किसान महासंघ ने इस मसले पर दिल्ली में प्रदर्शन किया और कहा कि ये अध्यादेश वास्तव में किसान विरोधी हैं आखिर बदलाव किसान के हित में है तो यह भ्रम की स्थिति क्यों?

**– अमित, गढ़वा**

### बढ़ती महंगाई

**खाद्य** वस्तुओं में खासतौर पर सब्जियों की कीमतों में जिस तेजी से बढ़ोतरी शुरू हुई, वह अप्रत्याशित है। हरी सब्जियों की कीमतें बहुत सारे लोगों की पहुंच से बाहर हो रही हैं और जो आलू लोगों की थाली का सहारा रहा है, वह भी अब बेलगाम होता जा रहा है। ताजा आंकड़ों में आलू की कीमतों में करीब तिरासी फीसद बढ़ोतरी हुई है।

**– विवेक, हजारीबाग**

# किस तरह की विरासत छोड़ रहे हमारे सांसद

## सामयिक

**प्रियंका सौरभ**

**संसद** में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया है। अब समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं। उम्मीद है कि देश के सांसदों को, सांसद चलाने वालों को इस बात का भान जल्द हो कि देश का नागरिक उन्हें कितनी उम्मीद के साथ देखता है। साथ ही उन्हें कई मौकों पर उदाहरण की तरह रखता है।

पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चला कर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्यवाही में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीन कर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है।

सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उनकी मंशा देश की विकास योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाजा देश का आम आदमी भी वह सबकुछ देखता है, जो संसद में रोज हो रहा है। आखिर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? जरा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है?

इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को जिसकी लाठी, उसकी भैंस भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्यवाही में राजनीति को प्रभावित करने वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है।

कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। इस तरह एक दिन की सामान्य कार्यवाही पर औसतन छह करोड़ रुपए का खर्च आता है। जिस दिन कार्यवाही लंबी चलती है, उस दिन खर्च और बढ़ जाता है। जरा सोचिए कि यह पैसा आता कहां से है।

# सांस्कृतिक मूल्यों के सहारे भी हो सकता है विकास

## संस्कृति

**प्रल्हाद सबनानी**

**भारत** की जो सांस्कृतिक विविधता एवं सम्पन्नता है उसको सबसे आगे लाकर हम भारत को एक सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं। यह हमारा उद्देश्य एवं आकांक्षा होनी चाहिए। भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं में मुख्य रूप से शामिल किया जा सकता है- संगीत, नृत्य, फाइन-आर्ट्स, खाद्य संस्कृति, सिनेमा, सांस्कृतिक पर्यटन (जिसमें हेरिटेज, साइट्स, म्यूजीयम आदि शामिल है) एवं धार्मिक पर्यटन, आदि।

विश्व के कई देश अपनी संस्कृति की अर्थव्यवस्था का आँकलन कर चुके हैं और लगातार इस ओर अपना पूरा ध्यान दे रहे हैं। भारत में अभी इस क्षेत्र में ज्यादा काम नहीं हुआ है क्योंकि हमारी विरासत बहुत बड़ी है एवं बहुत बड़े क्षेत्र में फैली हुई है। दुनिया भर में इसे सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग का नाम दिया गया है। दुनिया भर में अलग-अलग देशों में इस उद्योग को आंकने के पैमाने उपलब्ध हैं। परंतु, भारत में अभी तक इस क्षेत्र में कुछ ज्यादा काम नहीं हुआ है। यूनेस्को के एक आकलन के अनुसार, विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में 4 प्रतिशत हिस्सा उउक से आता है। अमेरिका जैसे देशों की जीडीपी में तो उउक का योगदान बहुत अधिक है। एक आंकलन के अनुसार, दुनिया भर में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग एशिया पेसिफि क, उत्तरी अमेरिका, यूरोप एवं भारत में विकसित अवस्था में पाया गया है। इस उद्योग में विश्व की एक प्रतिशत आबादी को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। भारत में चूंकि इसके आर्थिक पहलू का मूल्यांकन नहीं किया जा सका है अतः देश में इस उद्योग में उपलब्ध रोजगार एवं देश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान सम्बंधी पुख़्ता आंकड़ें उपलब्ध नहीं हैं। भारत में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग का आकार आंकने के लिए यदि हम चाहें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दूसरे देशों के अपनाये जा रहे पैरामीटर का उपयोग करें। इन पैरामीटर में हमारे देश की परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तन या संशोधन कर इन्हें उपयोग कर सकते हैं, ताकि हमारे देश की अर्थव्यवस्था में इस उद्योग के योगदान को मूर्त रूप में आंका जा सके एवं इसके योगदान को और कैसे बढ़ाया जा सकता है इस सम्बंध में नीतियां बनाई जा सकें।

संस्कृति की अर्थव्यवस्था को दो भागों में बांटा जा सकता है। एक अमूर्त सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था, जिसमें सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग के विभिन्न घटकों का ज्ञान शामिल है, जिसका आंकड़ों में मूल्यांकन करना बहुत मुश्किल है एवं दूसरे मूर्त सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था, जिसे आंका जाना आसान है, ऊपर आंकड़ों के माध्यम से जितनी भी जानकारी दी गई है, वह मूर्त सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था का ही हिस्सा है। अभी हाल ही में दुनिया भर के देशों में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग के क्षेत्र में एक अनुसंधान जारी है। इस अनुसंधान के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि दुनिया के विभिन्न देशों में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग से कितना निर्यात किया जाता है तथा निर्यात की दृष्टि से कौन-कौन से देश अग्रणी देशों की श्रेणी में हैं। इस दृष्टि से विभिन्न देशों की प्रोफाइल भी बनाई जा रही है। भारत से भी सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग के क्षेत्र से निर्यात होता है, इसमें शामिल हैं, क्राफ़्ट, संगीत, सिनेमा, एनिमेशन, फैशन, योगा आदि।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### अनिल सिंह को बेदी ने दी बधाई



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के कांग्रेस के झारखंड प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी ने कांग्रेस के रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह को मनोनयन पत्र देकर बधाई दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के प्रति निष्ठा, समर्पण, लगन व बेहतर क्रियाकलापों को देखते हुए कांग्रेस कमेटी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने अनिल सिंह को जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया है। साथ ही आशा व्यक्त की है की अनिल सिंह अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनिल सिंह का फूल मालाकर पहनाकर सम्मानित किया।

### यंग क्रिकेट क्लब ने जीता मैच



रामगढ़। जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में शुक्रवार को छावनी फुटबॉल मैदान में ए डिवीजन जिला लीग के तहत यंग क्रिकेट क्लब बनाम जस्ट क्रिकेट अकादमी के बीच मेच खेला गया। 40-40 ओवर के मैच में जस्ट क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.1 ओवर में 43 बनाकर आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलते हुए यंग क्रिकेट क्लब ने 9 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 47 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीता लिया। मैच में जस्ट क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज नरेंद्र सिंह ने 16 रन बनाए। वहीं, यंग क्रिकेट क्लब के गेंदबाज नागेंद्र कुमार सिंह तीन ओवर चार रन देकर 5 विकेट लिया। राहुल कुमार वर्मा ने 7 ओवर में छह रन देकर तीन विकेट एवं दिव्यम राज 5.1 ओवर में 18 रन देखकर दो विकेट लिया। यंग क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज रुद्राक्ष कुमार सिंह 16 रन और संदीप कुमार 12 रन बनाए। जस्ट क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज कैफ आलम ने पांच ओवर में 18 रन देकर दो विकेट प्राप्त किया। मैच में अंपायर की भूमिका अभय कुमार व प्रिंस कुमार ने और स्कोरिंग की रवि मुंडा ने निभाई। मौके पर सचिव अरुण कुमार राय, सुरज प्रसाद, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

### मांडू में श्रद्धालुओं का स्वागत

मांडू। शुक्रवार को राम भक्त विक्की महतो मांडू पहुंचे जो मनोहरपुर चाईबासा से पदयात्रा करते हुए अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने और पूजा अर्चना करने जा रहे श्रद्धालु भक्त को मांडू चट्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमरेंद्र कुमार गुप्ता के निवास स्थान में उनके नेतृत्व में अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और उपस्थित ग्रामीणों के बीच गुप्ता जी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सतयुग में राम भक्त हनुमान का नाम सुने थे और आज विक्की महतो को पैदल यात्रा चाईबासा से अयोध्या जाते देखकर राम भक्त हनुमान जी का याद दिलो दिमाग में छा गया कि ऐसे भी भक्त आज कलयुग में भी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विपिन कुमार गुप्ता,प्रदीप कुमार गुप्ता,राजेश प्रसाद,अविनाश कुमार, देवचंद महतो,बसंत कुमार गुप्ता,उपस्थित थे।

### जवाहर नगर पंचायत में ग्रामसभा



भुरकुंडा (रामगढ़)। पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को जवाहर नगर पंचायत सचिवालय में सबकी योजना सबका विकास के अंतर्गत विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फुलमती देवी व संचालन उपमुखिया सुष्मिता सिन्हा ने की। ग्रामसभा में पीरामज फाउंडेशन की फेलो निशा वर्मा ने ग्रामीणों के समस्याओं और गांव की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से 9 एलएसडीजी थीम में से एक थीम का चुनाव किया। साथ ही ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत योजना सहयोग दल का गठन किया गया। इसके अलावा 8 अन्य पंचायत समिति का भी गठन किया गयमौके पर निशा वर्मा ने बताया की लगातार तीन दिन से मुखिया के परामर्श से ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा था। उन्होंने बताया की पीरामल फाउंडेशन वर्तमान में स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पंचायत में जागरूकता फैलाने का काम कर रही हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को विकास योजनाओं की जानकारी देकर इसका लाभ दिलाना है। मौके पर सरिता देवी, जितनी देवी, खुशबू कुमारी, अनिता देवी, महिला समूह की श्वेता सिन्हा, मानसी मुर्मू, शिवानी देवी, रूपाली सरकार, कलावती देवी, रंजना देवी, राखी देवी, पूजा देवी, सनी देवी, सुलेखा देवी, उर्वसी देवी, पानमती देवी, अंजू देवी, अनिता देवी, बसंती देवी, श्याम कुमार सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

### बेदी ने अनिल सिंह को दी बधाई



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के झारखंड प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी ने कांग्रेस पार्टी के नवमनोनित रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह को मनोनयन पत्र देकर बधाई दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के प्रति निष्ठा, समर्पण, लगन व बेहतर क्रियाकलापों को देखते हुए कांग्रेस कमेटी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने अनिल सिंह को जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया है। साथ ही आशा व्यक्त की है की अनिल सिंह अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। मौके पर कांग्रेस कार्यकताओं ने अनिल सिंह का जोरदार स्वागत करते हुए फूल मालाकर पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही मिठाई खिलाकर बधाई दी। इधर मनोनयन पत्र मिलने के बाद जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के कांग्रेस के तमाम लोगों को एक सूत्र में पिरोकर संगठन को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा।

# सदर विधायक ने कटकमसांडी के चार पंचायतों का किया दौरा

## 19 करोड़ की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



कटकमसांडी। शुक्रवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत के कई गांवों का सघन दौरा किया और करीब 19 करोड़ 21 लाख रुपए की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी।

जायसवाल ने प्रखंड क्षेत्र के गदोखर, पेलावल, लुपुंग, खुटरा और आराभूसाई पंचायत क्षेत्र में कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी और लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए । कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत गदोखर में तोरणद्वार अवस्थित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण करण योजना अंतर्गत लगभग 1.5 किमी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस पथ का निर्माण कुल 1.5 करोड़ रुपए से होगा। यहां से पंचायत पबरा पहुंचे जहां 8.8 किमी पथ का विषेश मरमत्ती कार्य कुल 6 करोड़ 20 लाख रुपए से किया जायेगा। पंचायत खुटरा में दूसरे पथ ग्रामीण कार्य विभाग, हजारीबाग के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना कुल 5.75 किमी पथ का 3 करोड़ 66 लाख 51 हजार रुपए अंतर्गत खुटरा से धरहरा तक पथ का विशेष मरम्मती का शिलान्यास किया। लुपुंग में करीब 2 करोड़ 66 लाख 51 हजार की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी । करीब 10.5 किमी पथ जो आराभूसाई से ढौठवा तक बनेगा उसका आरईओ के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत होना है। 7 करोड़ 30 लाख रुपए के लागत से निर्माण होगा।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव,कटकमसांडी पूर्वी जिप सदस्य मंजू नंदनी, महामंत्री बीरेंद्र कुमार बीरू, सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, कंचनपुर मुखिया अशोक राणा ,पूर्व मुखिया दिलीप रविदास,गदोखर मुखिया नारायण साव, पबरा मुखिया रणजीत रजक, आरा भुसाई मुखिया आदित्य दांगी,पूर्व मुखिया सरजू राम,पंचायत समिति सदस्य प्रयाग पासवान अनुसूचित जनजाति के मीडिया प्रभारी रामू राम लेखराज यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हजारीबाग में कोयला तस्करी धड़ल्ले से जारी

## दलाल हो रहें हैं मालामाल

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग/ चरही। सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र से कोयले की तस्करी निर्बाध गति से जारी है। बीते वर्ष कोयला तस्करों ने जमकर इस धंधे अंजाम दिया था। इस वर्ष दुर्गा पूजा संपन्न होते ही कोयला तस्कर सक्रिय हो गए हैं। चरही, चनारो, इंद्रा, तरवाटांड़, मलहार टोला, हत्यारी, बोदरा आदि क्षेत्रों में कोयले की तस्करी जारी है। क्षेत्र में निर्मित फैक्ट्रियों में बाइक,चार पहिए वाहन और साइकिल के माध्यम से कोयले की ढुलाई चालू हो गया है। बताया जाता है कि क्षेत्र के चरही रेलवे साइगिंग, तापीन साउथ,तापीन नार्थ,ब्लॉक नंबर 23,42,44 परेज, केदला, झरखंड, लाइयो, दुरुकस्मार, बसंतपुर, जोराकाठ, सलैयाटांग, सहदा आदि क्षेत्रों से चोरी के कोयले को लगातार ढोया जा रहा है। सभी कोयले को निर्मित फैक्ट्रियों में आपूर्ति किया जा रहा है। जहां से ट्रकों पर लादकर बिहार और यूपी के कोल मंडियों में भेजा जा रहा है।

**टास्क फोर्स भी नाकाम :** कोयले के इस दलाली पर अंकुश लगाने के जिला और पुलिस प्रशासन के द्वारा टास्क फोर्स का गठन किया गया। इसके बावजूद भी कोयला तस्करी जारी है। इस क्षेत्र से प्रतिदिन 5 से 10 ट्रक कोयले निकाले जा रहे हैं। कार्रवाई करने के बावजूद भी कोयला तस्करों के हौसले बुलंद हैं। व्यापक पैमाने पर क्षेत्र में कोयला तस्करी जारी है। सूत्र बताते हैं कि तस्करी में कुछ विभागिय अधिकारी, पदाधकारी व नेताओं का गठजोड़ है जिसके कारण यह धंधा रूकने का नाम नहीं ले रहा है। तस्कर इन लोगों के पास एकमुस्त मोटी रकम प्रतिमाह दे जाते हैं।

**लेवी नहीं देने पर हुयी थी मारपीट :** ज्ञात हो कि कारोबार शुरू होते हीं प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के दस्ते भी सक्रिय हो उठे हैं। सूत्र बताते हैं कि बीते कुछ माह पूर्व प्रतिबंधन उग्रवादी संगठन को लेवी के रकम नहीं मिलने के कारण उग्रवादी के दस्तों ने चरही ओवरब्रिज के समीप रात को एक होटल में बुलाकर कोयला तस्करों को जमकर पिटाई किया था। लेवी के रकम मिलते ही तस्करों चेतावनी देकर छोड़ा गया। क्षेत्र में प्रतिदिन कोयले की तस्करी से सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपयों राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है। वही दलाल व उनसे मिले अधिकारी, नेता व विभाग के लोग माला माल हो रहे हैं।

### आदिवासी क्षेत्रों में हो रहा विकास : जयप्रकाश पांडेय

भुरकुंडा (रामगढ़)। बीचा-पंचायत की मुखिया सोनामति देवी, हरिहरपुर पंचायत की मुखिया गीता देवी, प्रमुख श्रीमती कौशल्या देवी, सौंदा डी पंचायत सचिव और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी जयप्रकाश पांडेय के कठिन प्रयास से पतरातु प्रखंड के पिछड़े आदिवासी क्षेत्रों के संपूर्ण विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। इन सभी द्वारा हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा से हजारीबाग आवास में मिलकर पतरातु प्रखंड के अत्यंत पिछड़े आदिवासी क्षेत्र के हरिहरपुर और बीचा पंचायत के पिछड़े विकास की जानकारी दी गई थी। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी जय प्रकाश पांडेय ने प्रधानमंत्री विकास संकल्प यात्रा के दौरान इन पंचायतों में उपस्थित होकर जन समस्याओं से अवगत होने के दौरान मंच से ऐलान किया था कि जब तक इस क्षेत्र का संपूर्ण विकास नही होगा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का भारत नहीं बनया जा सकता है। हम सभी मिलजुकर इस क्षेत्र के संपूर्ण विकास का संकल्प लेते हैं। उन्होंने बताया की सांसद जयंत सिन्हा ने तालाताड से कूचु तक सड़क निर्माण के लिए पत्र जारी कर दिया है। जल्द से जल्द कार्य शुरू हो जाएगा। श्री पांडेय ने बताया की जो लोग गैस, राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि, किसान फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना के लाभ से वंचित हैं उन्हें जल्द इसका लाभ दिलाया जायेगा।

# नेपाल से लौटे आइलेक्स के छात्र

### शैक्षणिक भ्रमण शिक्षा का अभिन्न अंग: शैलेश कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल छात्राओं ने पहली विदेश यात्रा नेपाल में जाकर वहाँ के भौगोलिक एवं ऐतहासिक स्थलों से अवगत हुए। 25 दिसंबर को सुबह लगभग 50 बच्चों का समूह विद्यालय निदेशक शैलेश कुमार सहित 10 शिक्षकों की टीम के साथ नेपाल यात्रा के लिए रवाना हुआ था। नेपाल यात्रा में बच्चों ने माता सीता का जन्म स्थान, स्वयंवर का स्थान, विवाह स्थल का स्थान, समधी मिलन स्थल, कोहबर स्थल, जानकी कुंड जैसे जगहों का भ्रमण किया। नेपाल से वापस आने के क्रम में बच्चे नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर, जरासंध का अखाड़ा, स्वर्ण भंडार जैसे जगह पर भी गए। निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण भी शिक्षा का ही एक अभिन्न अंग है।जिससे बच्चों में आत्मविश्वास की विधि होती है। इसके साथ ही उन्होंने सभी बच्चों के अभिभावकों का भी धन्यवाद दिया जिन्होंने विद्यालय प्रबंधन पर विश्वास जताकर अपने बच्चों को चार दिवसीय यात्रा को लेकर सहमति प्रदान किया।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने रामगढ़ विस क्षेत्र का किया दौरा

रामगढ़। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची के रवि कुमार द्वारा शुक्रवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के साथ रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत दुलमी एवं गोला क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यों का सुपर चेक किया गया वहीं उन्होंने निर्वाचन संबंधित प्रपत्र 7, 6 व 8 आदि की जांच करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व निर्वाचन संबंधित कर्मियों को प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करने व मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

# रैयतों को अधिकार से वंचित रखा गया: समिति

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। विस्थापित रोड सेल संचालन समिति द्वारा शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें विस्थापित रोड सेल संचालन समिति के लोगों ने भुरकुंडा रोड सेल समिति द्वारा विस्थापितों के विरुद्ध दिए गए बयान का कड़े शब्दों में निंदा की। कहा कि भुरकुंडा रोड सेल समिति विस्थापित रैयत को 40 वर्षों से उनके हक व अधिकार से वंचित रखा है। 28 फरवरी 2023 को ऑफिसर्स क्लब भुरकुंडा में पतरातु सीओ की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता में पुराना रोड सेल समिति को भंग कर दिया गया है। इस समिति का अब कोई अस्तित्व नहीं है।

इसके बावजूद विस्थापितों को जोड़ने की बात करना समझ से परे है। कहा गया की रोड सेल में जिन्हें भी भागीदारी मिला, वह अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में मिला था। अस्तित्व विहीन सेल प्रतिनिधियों के द्वारा विस्थापितों को सत्यापित करने व जोड़ने की बात करना कहीं से उचित नहीं है। समिति की ओर से दिए गए गंदी राजनीति वाले बयान पर विस्थापित प्रभावित रैयत के भावनाओं को काफी ठेस पहुंचा है। इसे विस्थापित रैयत किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। यह भी कहा गया कि चंद मुट्ठी भर तथाकथित सेल संचालन का दंभ भरने वाले लोग द्वारा विगत 40 वर्षों से प्रबंधन व प्रशासन को गुमराह कर अब तक रोड सेल संचालित किया गया था। एक षड्यंत्र के तहत इन लोगों ने विस्थापितों को रोड सेल से भागीदारी से वंचित रखा है। पूरे झारखंड प्रदेश में संचालित रोड सेल में विस्थापित रैयतौं को पूर्ण मालिकाना हक दिया गया है। लेकिन बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि भुरकुंडा रोड सेल में हमेशा से गैर विस्थापितों का कब्जा रहा है। सीसीएल प्रबंधन के ढुलमुल रवैया के कारण विस्थापितों को रोड सेल में अब तक अधिकार नहीं मिला। विस्थापितों के सत्यापन से संबंधित दिए गए बयान पर समिति ने कहा है कि प्रबंधन व प्रशासन पुराने रोड सेल समिति के लोगों का विस्थापित होने का सत्यापन कराए। विस्थापित सेल संचालन समिति ने प्रबंधन से मांग की है कि अविलंब रोड सेल चालू करें अन्यथा समिति क्रमवार आंदोलन करेगी।

प्रेस कांफ्रेंस में राणा प्रताप सिंह, अजय साहू, वीरेंद्र मांझी, झरी मुंडा, सनी बेसरा, फुलेश्वर राम, विजय मुंडा, देवानंद प्रसाद, वीरेंद्र यादव, राजाराम प्रसाद, जयलाल सिंह, सुनील मुर्मू, भुवनेश्वर मांझी, बिहार मांझी, परमवीर सिंह, लखी राणा, अनिल हेंब्रम, राजकृष्ण सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी बने सोनाराम मांझी, संजय कुमार सिंह और संजय भुइयां



बड़कागांव। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन,कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ,केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडे के द्वारा सोनाराम मांझी,संजय कुमार सिंह और संजय भुईयां के कार्य को देखते हुए हजारीबाग जिला सोशल मीडिया सेल प्रभारी बनाया गया है। जिसकी अनुशंसा केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने की थी। सोनाराम मांझी और संजय कुमार सिंह ने कहा है कि जो भी जिम्मेवारी मिली है। हजारीबाग जिले में पार्टी हित में बेहतर करने का प्रयास करूंगा। सोशल मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। जिसमें केंद्रीय सदस्य कमलनयन सिंह,पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो,इजहार अंसारी,संजय करमाली,राकेश मिश्रा,सफीउल्लाह अंसारी,रामकिशोर मुर्मू,टेकोचंद महतो,उज्जवल सिंह आदि शामिल है।

### बरही के बेला में जेसीबी मशीन को जलाया



बरही। कोल्हुआकला पंचायत के ग्राम बेला में अज्ञात लोगों ने जेसीबी मशीन संख्या जेएच 09 एल 5609 को आग के हवाले कर दिया और जला दिया। उक्त मामले को लेकर जेसीबी मशीन के मालिक दिनेश कुमार यादव पिता स्व. बद्री यादव ग्राम बेला निवासी ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है कि उनका मशीन बेला गांव में मिट्टी भराई का कार्य कर रहा था। गुरुवार रात 8 बजे उनके मशीन का ऑपरेटर मशीन को सही सलामत अपने घर के बगल में खड़ा कर के सोने चला गया।परन्तु 28 दिसंबर को सुबह जब वह अपने ऑपरेटर के साथ मशीन को चालू करने गए तो पाया कि उनका मशीन बुरी तरह से जला हुआ है। आस पास के लोगो से पूछा तो किसी ने कुछ भी जानकारी नहीं होने की बात कही। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया की उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों को चिन्हित कर उचित कानूनी कार्यवाही किया जाए।

### अंबा प्रसाद ने गंगादोहर पथ का किया शिलान्यास



बड़कागांव। नयाटांड़ पंचायत भवन से गंगादोहर पथ का शिलान्यास दिन शुक्रवार को विधायक अंबा प्रसाद के कर कमलों द्वारा जिप सदस्य, मुखिया,पसस सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। अंबा प्रसाद के द्वारा अनुशंसा के बाद लगभग ढाई करोड़ की लागत से डीएमएफटी मद से होने वाली उक्त पथ निर्माण कार्य के आधारशिला रखी गई। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि लगभग ढाई करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण होगा। सड़क की स्थिति काफी जर्जर थी लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क का निर्माण होने से नयाटांड़, कुम्हरडीहा, गंगादोहर समेत आसपास के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। मौके पर जिप सदस्य गीता देवी, उप प्रमुख बच्चन देव कुमार,मुखिया लीलावती देवी, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो,पंसस प्रभु राम, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, संजय महतो, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, आनंद मेहता,शमशेर आलम, पूर्व मुखिया भीखन महतो,पसस उपेंद्र प्रसाद, सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

### सड़क दुघर्टना में बाल-बाल बचे शमशाद



हजारीबाग। केरेडारी पांडू पंचायत मुखिया शाकिबा खातून के पुत्र व केरेडारी के पत्रकार शमशाद अंसारी सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गये। घायलावस्था में उनका इलाज हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में कराया जा रहा है। जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वे किसी काम के सिलसिले में हजारीबाग आए हुए थे। दिन भर काम को निपटा कर जब वे रात को 8:30 अपने निवास स्थान केरेडारी लौट रहे थे तो उसी दौरान कटमकमदाग के फतहा चौके के पास तेज रफ्तार से आती हाइवा ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। जिसमें उनकी गाडी की परखच्चे उड़ गए। इधर उनके साथ गाड़ी में बैठे उनके दो साथी मदद करने की बजाय वहां से फरार हो गये। हालांकि शमशाद किसी तरह घायलावस्था में अपने गाड़ी स्कॉरपियो की शीशा तोड़ बाहर निकले। जिसके बाद वहां से उन्होने अपने प्रखंड के मित्र सोनू इराकी व अन्य किसी को फोन किया जिनसे उन्हें मदद मिली। बाद में जानकारी होने पर उनके मौसा ने उनकी मदद की और उन्हें आरोग्यम अस्पताल पहुंचाया।

### किसानों ने देखा ड्रोन से यूरिया छिड़काव



टाटीझरिया । विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गुरूवार को डुमर एवं धरमपुर पंचायत में लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही कई नवीनतम तकनीकों से भी किसानों को रुबरु कराया गया। कार्यक्रम में शामिल बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सांसद प्रतिनिधि एमके पाठक, मनमीत अकेला, मंड अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, कैलाशपति सिंह, योधी प्रसाद यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। किसानों को ड्रोन से खेतों में नैनो यूरिया, डीएपी एवं इफको सागरिका तरल समेत उर्वरक और दवाओं का छिड़काव का डेमो दिखाया गया। इस दौरान नैनो उर्वरको का फसल पर सही एवं लक्षित प्रयोग करने से पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए कैसे पौधे को आवश्यक पोषण दिया जा सकता है और अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है के सम्बंध में बताया गया। डुमर एवं धरमपुर पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में मुखिया ममता देवी, कांति देवी, रजनीकांत चौधरी, परमेश्वर प्रसाद यादव, कृपाशंकर पांडेय, सुजीत रजक, अशोक यादव, कृष्णा साव, अनिल प्रसाद, विजय कुमार,रविशंकर प्रसाद,कलावती कुमारी, अमित मोहन, भानु सिंह, सुशीला देवी, रेशमी देवी, विनय राम, संदीप कुमार, श्यामकिशोर यादव, दीपक कुमार, नेमचंद दास, निरंजन प्रसाद, जेएसएलपीएस कर्मी, स्वास्थ्य, उज्जवला, कृषि विभाग समेत सैकडों की संख्या लोग उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### चुनाव को लेकर एसपी ने किया उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान बूथ की स्थिति की जानकारी लेते एसपी।

**गुमला।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे बिशुनपुर थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित गांव बनालात, लापू, जमटी, तेमरकच्चा, घाघरा, उपर हपाद, नीचे हपाद, जालूप, कोकोटोली, चिरगी आदि स्थानों पर बूथों की स्थिति का जायजा लिसे। वहीं उपस्थित थाना प्रभारी को बूथों का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिये। एसपी के द्वारा लगातार जिले के बूथों का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली जा रही है। ताकि आने वाले चुनाव में किसी तरह का परेशानी न हो। इस दौरान संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों की स्थिति की भी जानकारी ली जा रही है। वहीं बूथों के रिलाकेट को लेकर पर चर्चा की जा रही है। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी विशुनपुर उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में प्रखंड कर्मी घायल, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड कार्यालय में मनरेगा ऑपरेटर पद पर कार्यरत निरंजन कुमार सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर पुआनि पंकज यादव दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल बीआर 01 बी के 6123 तथा ट्रक जे एच 07 एफ 8997 को जब्त कर थाना लाया गया। इससे पूर्व घायल मोटरसाइकिल चालक निरंजन कुमार को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया। मनरेगा ऑपरेटर निरंजन कुमार नित्य दिन के तरह सेन्हा प्रखंड कार्यालय से कार्य कर देर शाम अपना निवास स्थान लोहरदगा जा रहा था। उसी दौरान सेन्हा कब्रिस्तान के पास सड़क पर बॉक्साइड लोड ट्रक खड़ा था और विपरीत दिशा से आ रही गाड़ी का लाइट से मोटरसाइकिल चालक को सामने कुछ दिखा नही और अनियंत्रित हो खड़ी गाड़ी से जा टकराया। जिसके कारण ऑपरेटर को गम्भीर चोटें आई है।

### जय श्री राम समिति कुटुमु के अध्यक्ष बने अमित सिंह


बैठक में शामिल समिति के लोग।

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक सदर प्रखंड के कुटमु गांव में प्रखंड प्रभारी ज्योति भगत की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में सदर प्रखंड के प्रभारी ओम महतो बजरंग साहू उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार को लेकर खास चर्चा की गई। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष अमित सिंह, महामंत्री समीकरण प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र भगत, कोषाध्यक्ष महेश सिंह,सह कोषाध्यक्ष दुर्गा तिर्की, मीडिया प्रभारी आशीष कुमार को बनाया गया। प्रखंड प्रभारी ज्योति भगत ने कहा जय श्रीराम समिति धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के रूप में विगत 18 वर्षों से कार्य कर रही है। जिसमें (महिला पुरुष) सभी के सहयोग से निस्वार्थ भाव से चल रही है जो बहुत ही सराहनीय है। ओम महतो ने कहा आने वाला 22 जनवरी सनातन समाज के लिए खुशियों की बौछार लेकर आएगी। जो इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। इसलिए सभी सनातनी लोगों को उत्सव मनाने की तैयारी कर लेनी चाहिए ।उन्होंने कहा कि घर-घर दीप जले, लगे घरों पर भगवा, विश्व भर में उत्सव बने न छूटे किसी का घरवा । अर्थात सभी को अपने अपने घरों पर दीप जलाये, भगवा झंडा लगाये, मिठाई बाटे इसके लिए समिति के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में काम करें कोई घर न छूटे ऐसा कोशिश करें। मौके पर महावीर सिंह,आयुष कुमार, उपेंद्र ,महेंद्र, संदीप प्रजापति समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### पशुधन जागृति अभियान के तहत पशु बांझपन शिविर का किया गया आयोजन


शिविर को संबोधित करती महिला।

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के बेलागड़ा गांव में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके रांची द्वारा पशुधन जागृति अभियान पशु बांझपन शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख सविता देवी, मुखिया रानी उरांव, रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के डॉक्टर वसंत कुमार, डॉक्टर खानेस उराव,डॉ उमेश कुमार ,सुदीप दास ,पशुपालन डॉक्टर सीमा एक्का ,डॉ अरुण उराव,पूर्व उपप्रमुख कृष्णा कुमार लोहरा शामिल हुए। शिविर में मवेशियों के बांझपन टेस्ट, गोबर टेस्ट ,मूत्र टेस्ट ,वैक्सीन टीका, गर्भ जांच की गई। साथ ही कैल्शियम कृमि नाशक, दर्द ,बुखार सहित कई अन्य बीमारियों की दवा भी दिया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से मवेशियों के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ निशुल्क दवा भी किसानों को मिल जाता है। जिसका आप सभी किसान लाभ उठाएं। मवेशियों में कई तरह की बीमारी हो जाती है लोगों को पता नही चल पाता है स्वास्थ्य जांच करने से बीमारी का पता चल सकती है और ससमय पर दवा दिया जा सकता है। मौके पर अमन कुमार गुप्ता उपेंद्र महली ,दीपक मुंडा, आदित्य कुमार, लालमोहन साहू, चंद्रकांत साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत कलश का हुआ वितरण

खबर मंत्र संवाददाता


अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**लोहरदगा।** जिला विश्व हिंदू परिषद द्वारा बरवा टोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर से अयोध्या से आए अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के निमित विश्व हिंदू परिषद ने लोहरदगा ग्रामीण क्षेत्र का 12 पंचायत को कलश वितरण किया गया। लोहरदगा ग्रामीण सहसंयोजक सूरज कुमार दसोंदी की अध्यक्षता में अक्षत कलश वितरण की गई। और उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद यह पूजित अक्षत मिला है। इसे हम लोग 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक हर एक राम भक्त के घर में जाकर अक्षत और निमंत्रण कार्ड देना है और उसे यह कहना है की अयोध्या में बने राम मंदिर का निमंत्रण कार्ड है। आप लोग अयोध्या जरूर जाएं। जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीण पंचायत के राम भक्त शामिल हुए। निगनी पंचायत, हरमू पंचायत, यूरिया पंचायत, हैसल पंचायत, हिरही पंचायत, मन्हो पंचायत, जोरी पंचायत, आकोर्सा पंचायत, बाघ पंचायत, रामपुर पंचायत, भट्ट खिजरी पंचायत, तिगरा पंचायत, के राम भक्त शामिल हुए। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि अब यह दिन दूर नहीं कि हम लोगों ने अपने रामलला को भव्य मंदिर में देखेंगे जो हमारे सनातनी बांधुओं की मेहनत त्याग और उनकी प्राणों की आहुति देकर हम राम जन्मभूमि को पाए हैं। सतीश जायसवाल ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को रामलला का प्राण प्रतिष्ठा के दिन हम लोग अपने जिले में हर एक मंदिर को राम मंदिर के रूप में देखेंगे और दीप सजा महा आरती का कार्यक्रम करेंगे। बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला में एक लाख घरों तक अक्षत और निमंत्रण कार्ड पहुंचाया जाएगा।जिसकी शुरूआत 1 जनवरी से 15 जनवरी तक किया जाएगा और 22 जनवरी को मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के दिन जिले के हर एक मंदिर में भव्य रूप से सजाकर कार्यक्रम किया जाएगा। नवल अग्रवाल ने कहा कि अब पूरे देश में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी जोरो से चल रही है यह अद्भुत है और सभी सनातनी भाई अपने-अपने क्षेत्र में मंदिर मठ को सजाकर मिठाइयां बाटकर उत्सव मनाएं। मौके पर श्याम नंदन पाठक, बजरंग दल नगर सहसंयोजक राजकुमार साहू, बजरंग दल सा मौ रक्षा प्रमुख चांदन गोप, हसमुख बर्मा, धनंजय अग्रवाल, रमेश चंद्र कुंवर, प्रणव पाठक, कृष्ण सिंह, देवेंद्र प्रसाद साहू, शशि सिंह, अनिल प्रजापति, कुलदीप सिंह, विनीत कुमार साहू, विनोद साहू, दीपक कुमार, पंकज साहू, राहुल साहू राम भक्त उपस्थित थे।

## अबुआ आवास चयन को लेकर किया गया विशेष ग्राम सभा का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता


ग्राम सभा में मौजूद जनप्रतिनिधि।

**कैरो।** प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत भवन में शुक्रवार को अबुवा आवास योजना को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि यह विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि पिछले कुछ दिनों पूर्व अबुवा आवास को लेकर ऑनलाइन आवेदन जमा किया गया था जिसमें कुछ लोगों का कट चुका है बाकी जिन लोगों का सूची में सत्यापन के बाद सूची है उसी सूची को प्राथमिकता के आधार पर चयन करना है। कार्यक्रम में मुखिया सुमित्रा उरांव ने कहा कि चाहे कारण जो भी रहा हो किन्तु सबसे कम आवेदन सढ़ाबे पंचायत से आवेदन जमा हुआ है किंतु इसके बाद भी प्राथमिकता के आधार पर सूची में नाम बताए जाने के बाद चयन करना है। पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत ने भी संबोधित किया। ग्राम सभा में मुखिया सुमित्रा उरांव, पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार, उप मुखिया जगबंधन भगत, पंचायत सचिव जग्गू उरांव, रोजगार सेवक परवेज आलम, लक्ष्मी देवी, बलराम केवट, बन्धु उरांव, कार्तिक महली, सुसेन महतो, प्रकाश साहू, पिंटू मांझी, फलिन्दर रविदाश, जोगेंद्र उरांव सहित पंचायत के ग्रामीण मौजूद थे।

## जिला परिषद सदस्य मिले डीडीसी से

**लोहरदगा।** जिला परिषद कार्यालय में लोहरदगा जिला के नए उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से औपचारिक मुलाकात किस्को प्रखंड के जिला परिषद संदीप कुमार एवं सेन्हा प्रखंड के जिला परिषद राधा तिर्की ने किया। इस मौके पर डीडीसी को दोनो जिला परिषद सदस्य ने सम्मानित किया। मौके पर जिले और क्षेत्र का विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। जिसमें महत्वपूर्ण रूप से पानी बिजली सड़क शिक्षा एवं स्वास्थ्य, आदि विषय पर चर्चा की गई। दोनो सदस्य ने अपने अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए क्षेत्र के समस्याओं से रूबरू कराया।

## लिंग आधारित महिला हिंसा के विरूद्ध आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में डुमरी का कब्जा

खबर मंत्र संवाददाता


दोनों टीमों के साथ अतिथि व पदाधिकारी।

**गुमला।** लिंग आधारित महिला हिंसा के विरूद्ध अभियान के तहत जेएसएलपीएस के द्वारा परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल मैच शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच डुमरी व बसिया के टीम के बीच खेला गया। जिसमें डुमरी की टीम एक गोल से विजय रही। इससे पूर्व फाइनल मैच का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अतिथियों ने किया। मौके पर जेएलएलपीएस के डीपीएम शैलेंद्र जारिका ने कहा कि जेंडर अधारित महिला हिंसा के प्रति रोक थाम व महिलाओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से फुटबाल मैच का आयोजन सखी मंडल के दीदियों के सहयोग से किया गया है। महिलाएं अपने परिवार का भरण पोषण के साथ खाता बही का कार्य भी अच्दी तरह देख रहे हैं। वहीं खेल के माध्यम से महिलाओं के साकारात्मक उर्जा भी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी महिलाएं वर्तमान समय में विश्व पटल पर अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर से प्रतियोगिता आयोजित की गई जो जिला स्तर पर समाप्त हुई। इस दौरान जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, मनीष पांडेय, शंभू राम, धनंजय कुमार, रविकांत कुमार आदि उपस्थित थे। जिनके द्वारा विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। मैच में रेफरी की भूमिका विनोद उरांव ने निभायी।

## अबुआ आवास योजना के अनुमोदन को लेकर ग्रामसभा का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता


ग्राम सभा में मौजूद लोग।

**भंडरा।** प्रखंड के भंडरा एव भीठा पंचायत में शुक्रवार को अबुवा आवास योजना के अनुमोदन के लिए भंडरा, कसपुर, पझरी, भीठा, कचमची, तेतरपोंका, धोबाली, में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य समेत अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे। भंडरा में आयोजित ग्राम सभा को संबोधित करते हुए मुखिया इंद्रदेव उरांव ने कहा कि सरकार ने अबुवा आवास योजना के तहत ग्रामीणों के लिए आवास उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। इसके लिए आवेदन कर इसका लाभ लिया जा सकता है। योग्य आवेदकों को सूची के आधार पर आवास का आवंटन किया जाएगा। इस योजना के लाभ के लिए आवेदन करने वाले लाभुक सीधे कार्यालय से संपर्क करें। बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा की अबुवा आवास में बिचौलियों के माध्यम से आवास लेने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आवेदन जमा किया। जिसे आन द स्पाट अनुमोदित किया गया। बीडीओ ने कहा कि पूर्व में जिन्हें इस योजना के तहत आवास आवंटित किया गया है वे अबुवा आवास योजना में आवेदन जमा ना करें। उसकी भी जांच की जाएगी। बीडीओ ने बताया की सभी गांव में ग्राम सभा के उपरांत पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। 5 जनवरी को स्थायी प्रतीक्षा सूचि का प्रकाशन किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव, जेएमएम अध्यक्ष परवेज अंसारी, अब्दुल कुदुस, सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से बन रहे नाडेफ योजना का भाजयुमो ने किया औचक निरीक्षण


फोटो 3 में नाडेफ की जांच करते प्रखंड भाजयुमो अध्यक्ष व अन्य।

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से बन रहे नाडेफ योजना का शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी और भाजपा नेता अमित ठाकुर ने औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में नाडेफ योजना में कई अनियमितता पाई। हद तो तब हो गई जब बिचौलया ठेकेदार द्वारा 10 इंच के दीवाल के जगह 5 इंच का दिवाल ही बनाकर नाडेफ को पूरा कर रहे हैं ।इसके साथ ही धड़ल्ले से काले इट का उपयोग किया जा रहा है सीमेंट नाम मात्र की दी गई है जो अभी से ही भरभरा कर गिर रहा है। इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से बना रहे नाडेफ योजना में काफी अनिमियत्ता देखने को मिला है। योजना में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया गया है। 5 इंच का दिवाल बनाया जा रहा है जमीन की सतह से ऊपर ही कार्य को किया जा रहा है। जबकि नींव नही खोदा गया है। सरकारी पैसे के बंदरबाट हो रही है अगर जल्द ही इस पर उचित कार्रवाई बिभाग द्वारा नहीं की जाती है तो इस संबंध में गुमला उपायुक्त और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री को पत्राचार कर अवगत कराते हुए जांचों प्रांत कार्रवाई की मांग की जाएगी। विभाग खुलेआम बिचौलिया ठेकेदारों को लूटने के लिए छोड़ दिया है। सरकारी पैसे का बंदरबाट का खेल चल रहा है जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों को बेहतर नाडेफ मिले ताकि लोग उसका उपयोग कर सके। यहां बता दे की जिन अधिकारियों की देखरेख में कार्य होना है वह धरातल पर ना आकर अपने कार्यालय में बैठकर ही बिल बनाने का काम करते हैं जिसके कारण ठेकेदार लूट में लग गए है जो कई बातों की ओर दशार्ता है।

## हेमंत सरकार की नाकामियों से भरा रहा यह 4 साल : विजय सिंह

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने झारखंड राज्य की हेमंत सरकार का 4 वर्ष का शासन को नाकामियों से भरा हुआ बताया है । हेमंत सरकार का 4 वर्ष पूरा होने पर श्री सिंह ने झारखंड नवनिर्माण दल की ओर से अपना प्रतिक्रिया देते हुए यह भी कहा है कि इन चार वर्षो में राज्य सरकार स्थानीय व नियोजन नीति जैसी जरूरी काम को भी पूरा नहीं कर पाई है। जिसके बिना राज्य का विकास का रोड मैप ही तैयार नहीं होगा। जिससे पता चलता है कि हेमंत सरकार राज्य में एक जिम्मेवार सरकार देने के प्रति बिल्कुल गंभीर नहीं है । सिर्फ कोरा घोषणा और आश्वासन देकर सरकार अपने कार्यकाल बिता रही है। जिस बात के लिए अलग राज्य हुआ वही मुद्दे को आज हासिये पर धकेल दिए गए हैं। पलायन, मानव तस्करी, बेरोजगारी, किसान व मजदूरों के सवाल सरकार की लापरवाही के कारण राज्य में और भी गहराए हैं। एक तरफ जनता दरबार, सरकार आपके द्वार जैसी खचीर्ले अभियान चलाने के बावजूद लाखों लोगों की विभिन्न समस्याएं लंबित है। राज्य की महिला मंडल में शामिल महिलाएं दिनों दिन लोन में फंस रही है और रोजगार के अभाव में आर्थिक रूप से महिलाएं इस महंगाई के दौर में कमजोर हुई हैं। जीवन से जुड़ा स्वास्थ्य महकमा वहीं भविष्य से जुड़ा शिक्षा आज गरीबों का पहुंच से दूर होता चला जा रहा है और लूट का अच्छा जरिया बना हुआ है। बेरोजगारों को 2 लाख रोजगार देने, रहने लायक घर देने, शिक्षित बेरोजगारों को भत्ता देने जैसी चुनावी घोषणा सिर्फ घोषणा बनकर रह गई है। हेमंत सरकार राज्य की ज्वलंत समस्याओं को समाधान करने में पूरी तरह से विफल रही है। जिसका खामियाजा हेमंत सरकार की इन चार सालों में झारखंडी जनता भुगत रही है।

## आजसू के केंद्रीय सचिव ने अपने सगे भाई को मारी गोली, रिम्स रेफर

**लोहरदगा।** आपसी विवाद में गुरुवार को देर रात शहरी क्षेत्र के अपर बाजार रघुनंदन लेन में गोलीबारी को घटना हुई। आजसू के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने अपने छोटे भाई चंदन अग्रवाल उर्फ टीनो को गोली मारकर घायल कर दिया। चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए घायल को रात में ही रिम्स रेफर कर दिया। घायल चंदन अग्रवाल को कंधे में दो गोली लगी है। वही मौके पर सदर थाना पुलिस ने घटना के बाद आरोपी आजसू नेता सूरज अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार रात आजसू नेता सूरज अग्रवाल और उसके छोटे भाई चंदन अग्रवाल में किसी पारिवारिक बात को लेकर विवाद खड़ा हो गया और बात हाथापाई तक पहुंच गई। वही बात बढ़ा तो आजसू नेता ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल कर गोली चला दी। जिससे चंदन अग्रवाल के कंधे पर दो गोली लग गई। जिसके बाद तत्काल घायल चंदन अग्रवाल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा डॉक्टरों ने प्राथमिकी इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। फिलहाल घायल चंदन अग्रवाल की स्थिति सामान्य बनी हुई है। वही घटना के बाद सदर थाना पुलिस ने आरोपी आजसू नेता को गिरफ्तार करते हुए रिवाल्वर को जब्त कर आगे की करवाई में जुट गई है।

## गुमला के मेन रोड स्थित न्यू अमित मोबाईल दुकान में शटर तोड़कर लाखों के मोबाईल की हुई चोरी

# गश्ती दल का रात भर बजता रहा सायरन लेकिन चोरों ने दी बैखौफ घटना को अंजाम

- चोर अपने साथ दुकान के सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर भी लेते गये, घटना को चोरों ने दुकान के पिछले हिस्से से प्रवेश कर दिया अंजाम

खबर मंत्र संवाददाता



चोरी के घटना के बाद दुकान के बाहर लगी भीड़।



घटना की जांच करने पहुंचे एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

**गुमला।** शहर के मेन रोड स्थित न्यू अमित मोबाईल दुकान से शातिर चोरों ने लगभग लाखों रूपये की मोबाईल सहित विभिन्न सामग्री की चोरी दुकान का शटर तोड़कर कर ली। पुलिस के नाक के नीचे से चोरों ने शहर के मेन रोड में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जबकि पुलिस वाहन का साइरन रात भर शहर में बजता रहा। इसके बावजूद बिना किसी भय के चोरों ने घटना को अंजाम दिया। मेन रोड गुमला का सबसे व्यस्तम मार्ग है। जहां दिन हो या रात लोगों और वाहनों का आवागमन होते रहता है। गुमला पुलिस की पेट्रोलिंग टीम भी रात में घटनास्थल से कूछ दूर महावीर चौक पर हमेशा जमी रहती है। इसके बावजूद चोरों ने मोबाईल दुकान में चोरी कर ली। चोर मोबाईल दुकान का शटर तोड़ कर घटना को अंजाम दिये हैं। मिली जानकारी के अनुसार चोर चोरी करने दुकान के पिछले हिस्से से आये थे। सबसे पहले दुकान के पिछले हिस्से के लोहे के गेट का ताला चोरों ने तोड़ा। जिसके बाद अंदर प्रवेश करने के बाद दुकान के दो शटर में से एक शटर को साबल या किसी अन्य चीज से मारकर तोड़ा और शटर को थोड़ा उठा दिया। शटर उठाने के बाद चोर दुकान में घूसे और दुकान में रखे सभी मोबाईल, चार्जर, बैटरी सहित कई सामान की चोरी कर ली। चोरों ने चोरी के दौरान मोबाईल के डब्बे दुकान में ही छोड़ दिये। केवल डब्बों से मोबाईल निकालकर ले गई। चोरी इतने शातिर व सजग थे की जाते-जाते सबूत भी अपने साथ लेते गये यानि की सीसीटीवी का डीबीआर भी चोर निकाल कर लगे। इसे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरी काफी पहुंचे हुए थे। यही कारण है कि चोर किसी अन्य सीसीटीवी के जद में नहीं आये। क्योंकि उन्हें पता था कि मेन रोड से जाने पर वे सीसीटीवी के जद में आ सकते हैं इसलिए दुकान के पिछले हिस्से का उपयोग चोरी को अंजाम देने में किया और चोरी कर वे उसी रास्ते से निकल गये। जिसके कारण पुलिस को चोरी की घटना में चोरों का कोई सुराग तक नहीं मिल पाया। चोरी की घटना के बाद दुकान संचालक अजय केसरी ने बताया कि लाखों रूपये का मोबाईल सहित अन्य सामग्री की चोरी हुई है। इधर चोरी की घटना के बाद चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी सहित कई प्रतिष्ठानों के मालिकों की भीड़ दुकान में लग गई। खोजी कुत्ते के सहारे चोरों का सुराग लगाने में जुटी पुलिस इधर चोरी की घटना के बाद एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी बिनोद कुमार मोबाईल दुकान पहुंचे और घटना को लेकर दुकान संचालक से बातचीत की। वहीं गुमला पुलिस के द्वारा चोरों का सुराग लगाने के लिए खोजी कुत्ते का सहयोग लिया गया। दुकान में प्रवेश करते ही कुत्ता चोरों के द्वारा चोरी के दौरान प्रयोग किये गये कुर्सी को संघा। जिसके बाद कुत्ता दुकान के पिछले हिस्से की ओर भागने लगा।

## प्रशिक्षु डीएसपी ने अवैध शराब के खिलाफ चलाया सघन छापामारी अभियान

# 20 शराब की भट्ठियां व भारी मात्रा में जावा किया नष्ट, 7 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस आीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 28 और 29 दिसम्बर को सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कोडरमा, तिलैया, चंदवारा, सतगावां, जयनगर और ढाब थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम के द्वारा 20 शराब की भट्ठियों को मौके पर ध्वस्त किया गया। वहीं 40 ड्रम में रखे जावा महुआ एवं शराब बनाने के विभिन्न उपकरण आदि को नष्ट किया गया। साथ ही 110 लीटर शराब जप्त किया गया। मामले को लेकर उत्पाद विभाग द्वारा शराब भट्ठियों के 6 संचालकों और एक शराब विक्रेता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

दर्ज मामले में डोमन राय, दामोदर राय, चुरामन राय, लालमणि राय, चमन राय, रामचन्द्र शर्मा और विजय कुमार यादव को आरोपी बनाया गया।

**एक नजर में**

## सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन बेलचंपा क्वार्टर फाइनल में



विजेता टीम के साथ बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचम्पा की टीम ने रामसाहू हाई स्कूल को 20 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूआत किया। ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। ज्ञान निकेतन बेलचंपा के बल्लेबाज नंदन के नाबाद 67 रन और सीटू के 28 रनों के सहयोग से निर्धारित 16 ओवर में पांच विकेट खोकर 157 रनों का स्कोर खड़ा किया। रामसाहू हाई स्कूल की ओर से अभिनव ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी रामसाहू की टीम अजीत के 64 और रोहित ने नाबाद 34 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवरों में तीन विकेट खोकर 137 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा के नंदन कुमार को बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार, मैच के पर्यवेक्षक मुजीबउद्दीन खान ने प्रदान किया।

## कार्यशाला का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** विभागीय निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, पोलिंग पार्टी एंड पोल डे अरेंजमेंट्स विषय पर कौशल विकास-सह-प्रशिक्षण केन्द्र, चतरा में गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर अरुण कुमार एक्का उप निर्वाचन पदाधिकारी चतरा एवं गौतम कुमार, भू अर्जन पदाधिकारी, चतरा द्वारा क्रमशः डेम्प एवं वुल्नेराबिलिटी मैपिंग, पोलिंग पार्टी तथा पोल डे अरेंजमेंट के सम्बन्ध में सभी अनुमडल पदाधिकारी, सभी अनुमडल पुलिस पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकाश पदाधिकारी, सभी विधान सभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा द्वारा समय-समय पर उक्त के सम्बन्ध में जानकारी ली गई।

## बालू का लीगल घाट शुरू होने तक ट्रैक्टर के लिए बालू फ्री करें सरकार : सत्येन्द्रनाथ



पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी शुक्रवार को गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर डीसी शेखर जमुआर से मिले। डीसी से मिलने के बाद पूर्व विधायक ने कहा कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन को बालू का लीगल घाट शुरू होने तक ट्रैक्टर वालों के लिए शत-प्रतिशत बालू फ्री करना चाहिए। मंत्री को इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए कैबिनेट से प्रस्ताव पारित कराना चाहिए। इससे लोगों को कम दर पर बालू की उपलब्धता होने लगेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोगों को पांच से छह हजार रूपए प्रति ट्रैक्टर की दर से बालू मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी ट्रैक्टर वालों से बालू के कार्य में रात भर ट्रैक्टर चलाने के एवज में मंत्री को 2500 रूपए देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर बालू के कार्य में मंत्री की ओर से वसूले जा रहे राशि बंद हो जाएं, तो लोगों को प्रति ट्रैक्टर एक हजार रूपए में बालू उपलब्ध होने लगेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार चार वर्ष पूरा होने पर उत्सव मना रही है। जबकि राज्य सरकार ने अपना एक भी वादा को पूरा नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पढ़े-लिखे बेरोजगार युवकों को प्रत्येक माह पांच और सात हजार बेरोजगारी भत्ता, प्रत्येक महिलाओं को हर माह दो हजार चूल्हा खर्चा, लोगों को तीन कमरा का पक्का मकान देने का वायदा किया था। जिसमें एक भी काम पूरा नहीं किया। हेमंत सरकार ने राज्य में पीएम आवास योजना को बंद कर दिया। लोगों को गुमराह करने के लिए अबुआ आवास योजना की शुरूआत किया गया है। उक्त योजना को लेकर कोई बजटीय प्रबंध नहीं किया गया है। उसमें भी लाभुकों का लिमिट तय कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना पूरी तरह से उगाही का धंधा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों में मंत्री गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोगों का शोषण कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अविलंब उक्त समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई नहीं करती है, तो वह जल्द ही जनआंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## मृतक संजय सिंह के परिजनों से मिली सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** स्थानीय मास्टर मुहल्ला निवासी संजय सिंह की जमीन विवाद में हुई हत्या मामले में अब तक सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वहीं शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी मृतक के आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाक़ात कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि, घटना को देख ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे पुलिस प्रशासन ऐसे अपराायों को संरक्षण दे रही है। अगर पुलिस मामले को गंभीरता से लेती तो शायद यह घटना नहीं घटती। वहीं उन्होंने कहा कि पूरे मामले को लेकर डीसी व एसपी से बात करूंगी और फरार अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी का निर्देश दूंगी। मौके पर सांसद प्रतिनिाि पंकज बर्णवाल, विजय शुक्ला, नरेंद्र सिंह चंदेल, महेश मोदी, सुभाष मोदी, बबलू सिंह, पप्पू सिंह, सुनीति सेठ समेत मृतक के परिजन तथा मोहल्ले के अनेकों लोग मौजूद थे।

**अनुसंधान के लिए पहुंचे एएसपी व डीएसपी, ली घटना की जानकरी :** इधर, मामले को लेकर लगातार दबाव बढ़ने और पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़ा होने पर शुक्रवार दोपहर एएसपी प्रवीण पुष्कर व प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर केस का अनुसंाान शुरू किए। इस दौरान उन्होंने परिजन के अलावा अन्य लोगों से अलग-अलग तरीके से पूछताछ कर बयान दर्ज किया। वहीं आिकारियों ने बताया की जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ चला छापेमारी

**डोमचांच (कोडरमा)।** ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत गरमुंडों जंगल में ढाब थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में अवैा शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम में दो शराब भट्ठी, पांच क्विंटल जावा महुआ एवं शराब बनाने वाला उपकरण को नष्ट किया गया। मौके पर ढाब थाना पुलिस के जवान शामिल थे।

## अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा, बाल-बाल बचा चालक

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मेघातरी कालीमंडा के समीप शुक्रवार शाम करीब पांच बजे एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें चालक बाल-बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या बीआर06जीए/3921 कोयला डस्ट लेकर कोडरमा की ओर से नवादा की ओर जा रही थी। इसी दौरान ट्रक नौमा माइल घाटी से तेज गति से ढलते हुए अनियंत्रित होकर कालीमंडा के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## बुन्देल प्रसाद यादव की शवयात्रा में केंद्रीय मंत्री समेत भारी संख्या में शामिल हुए लोग



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** वसुंधरा बस के मालिक, समाजसेवी और कांग्रेसी नेता बुन्देल प्रसाद यादव के शवयात्रा में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव समेत भारी संख्या में विभिन्न दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए।

बताते चलें कि स्व. यादव का आकस्मिक निधन बीते गुरुवार को अपने आवास पर हो गया था, शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्व. यादव अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र, पुत्रियों समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए। इसके पूर्व उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने भारी संख्या में लोग पहुंचे। मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, सीएस डॉ. अनिल कुमार, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, राजद नेता सुभाष यादव, शिवनाथ यादव, महावीर यादव, बबलू चौधरी, सुदर्शन यादव, भाजपा नेता रमेश सिंह, राजकुमार यादव, कांति देवी, राजेश सिंह उर्फ राजू सिंह, कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, सईद नसीम, राजू सिंह, विनय सिंह, चंद्रदेव यादव, डॉ. नरेंद्र कुमार, जयप्रकाश राम, रामलखन सिंह, पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष नारायण मोदी, राजेश सिंह, अरुण राणा, वीरेंद्र सिंह, विश्वनाथ सिंह, गजेंद्र राम आदि मौजूद थे।

**भाकपा जिला मंत्री ने किया शोक व्यक्त :** भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बुन्देल प्रसाद यादव के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि स्व. यादव न केवल एक सफल व्यवसायी थे बल्कि एक बेहतर इंसान होने के साथ-साथ समाजसेवा में हमेशा आगे रहते थे, उनका आकस्मिक निधन कोडरमा के लिए अपूर्णीय क्षति है।

## माहुरी वैश्य महामंडल की कार्यकारणी बैठक सह वनभोज चार को



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** माहुरी वैश्य महामंडल की कार्यकारिणी की बैठक सह वनभोज कार्यक्रम आगामी 4 जनवरी को तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में आयोजित होगी। बैठक सह वन भोज में महामंडल के अंतर्गत सभी 42 मंडल के कार्यकारिणी के सदस्य, महामंडल के पदाधिकारी एवं अंतरंग समिति व विशेष आमंत्रित सदस्य के साथ ही समाज के अन्य लोग शामिल होंगे। बैठक को सफल बनाने के उदेश्य से महामंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता के निर्देश पर महामंडल के पदाधिकारी विभिन्न मंडलों का दौरा कर रहे हैं। इसके तहत महामंडल उपाध्यक्ष रवि कुमार, तिलैया मंडल उपाध्यक्ष अरुण सेठ, माहुरी भवन प्रबंधक नीरज कुमार व मनीष कुमार आदि ने तिलैया मंडल के साथ जयनगर व परसाबाद मंडल पहुंच कर बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि महामंडल द्वारा सत्र 2023-26 का यह चौथा कार्यकारणी बैठक होना है। साथ ही उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इार, जयनगर में हुई बैठक में अशोक गुप्ता, शशि गुप्ता, मुरली गुप्ता, शिवकुमार राम, महादेव गुप्ता, दीपक गुप्ता, नकुल राम, राजेश राम, सोनू गुप्ता, खुशबु लोहानी, सोनी गुप्ता, प्रीति गुप्ता, ज्योति वैश्यकियार, सुनीता देवी, खुशी वैश्यकियार, रीना देवी, ललिता देवी, बिनीता देवी, संगीता देवी आदि मौजूद थे। वहीं परसाबाद में आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष सतीश गुप्ता, आशीष राम, राहुल सेठ, रितेश गुप्ता, मधु भदानी, अविनाश वैश्यकियार, मनी भदानी, मनोज गुप्ता आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त के प्रयास से सदर अस्पताल में हो रही जेनरल सर्जरी

**कोडरमा।** सदर अस्पताल में उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर सीएस डॉ अनिल कुमार द्वारा क्रेस्टा हॉस्पिटल रांची को जेनरल सर्जरी के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इसी के तहत शुक्रवार को डॉ. नीरज आनंद तथा डॉ. जयशंकर अनेस्थेटिक के द्वारा 7 हर्निया मरीजों का ऑपरेशन किया गया एवं डॉ. कुमार सौरभ द्वारा 3 हाइड्रोसील का ऑपरेशन किया गया। वहीं सीएस डॉ. अनिल कुमार ने बताया की अब हर सोमवार, बुावार और शुक्रवार को जेनरल सर्जन एवं स्त्री रोग विषेशज्ञ के द्वारा ओपीडी किया जायेगा तथा जिन मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता होगी, उनकी सर्जरी आयुष्मान भारत के तहत निर्धारित दिन में किया जायेगा। वहीं डीएस डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि अब सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत सभी तरह की जेनरल एवं स्त्री रोग से सबंाित सर्जरी की जाएगी और जिले के सभी राशन कार्डाारी (लाल, पीला, हरा) के प्रत्येक सदस्य अपना आयुष्मान कार्ड बना लें ताकि किसी भी तरह के आपातकाल की स्थिति में आयुष्मान कार्ड के लिए प्रतीक्षा न करना पड़े।

## जनता दरबार का आयोजन



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे दूरदराज से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उपायुक्त से उचित कार्रवाई की मांग की। जनता दरबार में उपायुक्त ने फरियादियों को जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को सम्बंाित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में अबुआ आवास योजना का लाभ देने, फर्जी कागज के आधार पर जमीन की बिक्री करने, सड़क पर अतिक्रमण करने आदि से सम्बंधित मामले आये।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–कुन्ती, उम्र–50 वर्ष रंग–सॉवला, उँचाई–5 फिट, पहनावा–किम रंग का साड़ी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला कुन्ती, पति–जॉन ओडैया, स्थायी पता–कपुरी गॉव (म0प्र0) वर्तमान पता सा0–माहेर डुमरदगा, थाना–सदर, जिला–राँची जो दिनांक–23.12.2023 को माहेर संस्था से बगैर बताए निकली जो आजतक अपने संस्था वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सदर थाना सनहा संख्या–15/23 दिनांक–24.12.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची। –94311102090
थाना प्रभारी सदर, राँची। –9431706160

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 314755 Police(23-24).D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**Short e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-15/2023-24

Letter no - 1460 Date :- 29/12/2023

| Group No | Scheme Name | Estimated Cost (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Lift Irrigation Scheme at Konar River in Vill-Bocho, Block-Sadar, Dist- Hazaribag | 75,05,700.00 | 11 Months |
| 2. | Construction of Lift Irrigation Scheme at Kaluabor Nala in Vill-Chayanpur, Block-Dari, Dist- Hazaribag | 71,74,300.00 | 11 Months |
| 3. | Construction of Lift Irrigation Scheme in Brakar River at Seed Production Centre, Gauriyakarma Vill-Gauriyakarma, Block-Barhi, Dist- Hazaribag | 99,32,900.00 | 11 Months |
| 4. | Construction of Micro Lift Irrigation Scheme at Parsa River in Vill-Kalhabad, Block-Barkatha, Dist- Hazaribag | 14,99,500.00 | 06 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on website | 05.01.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 12.01.2024 up to 5:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 12.01.2024 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 16.01.2024 at 03:00 P.M |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 7. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.
3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag.

PR 314681 Minor Irrigation(23-24)D

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

**आम सूचना (दर आमंत्रण सूचना)**

नगरीय प्रशासन निदेशालय के पत्रांक 2137 दिनांक 23.11.2023 के आलोक में भारत सरकार शहरी और आवासन कार्य मंत्रालय के द्वारा वितिय वर्ष 2023–24 में लक्ष्य आवंटित किया गया है। निदेशानुसार पी0एम0 स्वनिधि के सभी लाभान्वित पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों का Social Economical Profiling करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य हेतु इच्छुक एजेंसी/एन०जी०ओ० इत्यादे दिनांक 06.01.2024 को कार्यालय अवधि तक झुमरी तिलैया नगर परिषद कार्यालय में अपना दर (Social Economical Profiling प्रति इकाई) एवं संबंधित दस्तावेज, बन्द लिफाफे में पूर्ण पता एवं मोबाईल नं० के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

1. एजेंसी / एन०जी०ओ० इत्यादि का पंजीकरण / Affiliation हो।
2. Vendors Survey का प्रशिक्षण देने का पर्याप्त अनुभव हो।
3. अनुभव प्रमाण पत्र/ट्रेनिंग सर्टिफिकेट देय होगा।
4. एजेंसी/एन०जी०ओ० के अधिनस्त कार्यरत ट्रेनर को training/Survey प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
5. एजेंसी / एन०जी०ओ० को प्रत्येक लाभार्थि के कार्य स्थल पर पहुँच कर उनका सर्वे ऑर GEO Tag के साथ प्रतिवेदन प्रतिमाह करते हुए विपत्र प्रास्तुत करेगें।
6. एजेंसी / एन०जी०ओ० को Stationary Kit (पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, चॉट पेपर, स्केच पेन, डायरी /कॉपी इत्यादि) की व्यवस्था करनी होगी।
7. एजेंसी / एन०जी०ओ० को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
8. एजेंसी / एन०जी०ओ० का PPT Presentation दिनांक 09.01.2024 को किया जायेगा एवं उसके उपरान्त चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

अधिक जानकारी हेतु मोबाईल सं0 6207805284 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 314724 Urban Development (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निलामी सूचना**

1) एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राँची स्थित Dismantling of Old Building (CA Sheet Roof Godown) in the Campus of Krishi Bhawan for Proposed Construction of Assistant Qtr. (10 Unit) at Krishi Bhawan at Kanke Road, Ranchi भवन को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा दिनांक 04.01.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक इस कार्यालय में प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 04.01.2024 को 3.30 बजे अपराह्न में आपके समक्ष/आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति में खोली जायगी।
2) प्रत्येक नीलामी देने वाले को निलामी की राशि की 5% (पाँच प्रतिशत) राशि का अग्रधन राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवा निर्गम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा/किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की Fixed Deposit (छः माह के लिए वैध) के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
3) तुलनात्मक विवरणी स्वीकृति के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामीदाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के नाम से जमा कर देना होगा। ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया) का बना होना चाहिए एवं मुख्य शाखा राँची के नाम से भुगतेय होना चाहिए।
4) नीलामी की न्यूनतम राशि क्रमशः रूपये 10,221/–(दस हजार दो सौ एक्कीस) मात्र होगी।
5) आदेश की तिथि से एक माह के अन्दर भवन को तोड़ने एवं भवन सामग्री रबीश (कचरा) आदि को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि लौटायी जा सकेगी, अन्यथा यह जब्त कर ली जायेगी।
6) भवन को तोड़ते समय यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी, बल्कि नीलामीदाता की होगी।
7) नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति भवन के नीलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस को निरीक्षण कर सकते हैं।
8) बिना कारण बताये नीलामी को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
9) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल सं०–1, राँची।

PR 314684 (Building) 23-24 (D)

स्पीड न्यूज

## बीमारी से जूझ रहे अनुज के परिजनों ने की आर्थिक सहायता की अपील

**चंदवा।** प्रखंड के सेरक पंचायत निवासी जयमंगल उरांव का पुत्र अनुज उराँव पिछले कुछ दिनों से गंभीर बीमारी ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं। परिजनों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व उसे खांसी की शिकायत पर रांची इलाज कराने ले गए थे, जहाँ उचित इलाज के उपरांत उसे वेल्लोर जाने की सलाह दी गयी। वहां ले जाने पर उसका इलाज शुरू हुआ। जांच के क्रम में उसे गम्भीर बीमारी ल्यूकेमिया/ब्लड कैंसर पाया गया है। उसे अभी वैल्लोर में ही भर्ती कराया गया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इलाज का खर्च करीब 50 लाख रुपये बताया गया है। अनुज के घर की आर्थिक स्थिति खराब है। अनुज के पिता व पत्नी ने लोगों से आर्थिक मदद की अपील की है। मदद के लिए इच्छुक व्यक्ति फोन नंबर 6205649817 पर संपर्क कर मदद करने की अपील की है।

## बाइक से गिरकर दो युवक घायल, रिम्स रेफर


घायल युवक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर प्रखंड कार्यालय के समीप शुक्रवार को दो सवार युवक मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो में आसुतोष कुमार 27 वर्ष पिता सीधीश्वर विश्वकर्मा जनकपुर गया निवासी, लवकुश कुमार 35 वर्ष पिता सत्यनारायण प्रसाद मुंगैर बिहार निवासी शामिल है। दोनों युवक बालूमाथ में रहकर रेलवे कंट्रक्शन कंपनी में कार्य करते है। शुक्रवार की सुबह दोनो युवक बालूमाथ रेलवे स्टेशन से बालूमाथ बाजार सब्जी लेने आ रहे थे। इसी दौरान प्रखंड कार्यालय के समीप सड़क में अचानक मवेशी दौड़ जाने के कारण अनियंत्रित होकर गिर गए और गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों युवको बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें से गम्भीर रूप से घायल लवकुश कुमार को बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर किया गया।

## मोटरसाइकिल के धक्के से आठ वर्षीय बच्ची घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रसाद पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को एक अनियंत्रित बाइक सवार ने एक 8 वर्षीय बच्ची को टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रूपा कुमारी 8 वर्ष पिता कैलू गंझु ग्राम बालूमाथ निवासी सड़क किनारे खड़ी थी। जहां एक अनियंत्रित बाइक सवार ने पीछे से बच्ची को टक्कर मार दिया और फरार हो गया घटना के बाद परिजनों की मदद से घायल बच्ची को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## सार्वजनिक सड़क का अतिक्रमण कर घर का निर्माण करने का आरोप

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा के ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की को आवेदन देकर सतबरवा में क्रांति चौक स्थित दीपक प्रसाद पिता राजकिशोर प्रसाद के द्वारा सार्वजनिक सड़क को अतिक्रमण कर घर निर्माण करने का आरोप लगाया है। हस्ताक्षर युक्त आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि क्रांति चौक से अरुण मेडिकल तक दोनों तरफ से सड़क को अतिक्रमित किया गया है जिसके कारण लोगों के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सरकारी अंचल अमीन से सड़क की मापी करवाकर अवैध रूप से मकान निर्माण कार्य पर रोक लगाने तथा अतिक्रमण मुक्त करने की मांग किया है। बताया जाता है इसी रास्ते से मोहर्रम का ताजिया के साथ जुलूस निकलता है। मालूम हो कि इसके पूर्व में पंसस की बैठक में जनप्रतिनिधियों के द्वारा सतबरवा के सभी सड़क मार्ग के अलावा सरकारी जमीनों पर की गई अतिक्रमण को मुक्त करने की मांग कई बार की जा चुकी है। इस मौके पर सुधीर कुमार गुप्ता, मो शमीम, कृष्णा साहू, अमित कुमार, पारस प्रसाद, आरिफ कौशर मो. हबीब मोहम्मद, नजीबुद्दीन, मुकेश कुमार, जावेद अंसारी, अरमान खान, मो. अशफाक, मो. साजिद मोहम्मद वाजिद नूर आलम समेत कई लोग मौजूद थे।

## दो दिवसीय रिफ्रेशर बैंक सखी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** आरसेटी द्वारा दो दिवसीय रिफ्रेशर बैंक सखी के प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जे.एस.एल.पी.एस. पलामू के जिला कार्यक्रम प्रबंधक बिमलेश कुमार शुक्ला, सी.एस.सी.-जिला प्रबंधक अरविन्द कुमार, आरसेटी निदेशक ब्रह्मा नन्द साह, वरिष्ठ संकाय जितेन्द्र मेहता एवं संकाय जयंत चक्रवर्ती द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उपस्थित डी.पी.एम. बिमलेश शुक्ला ने सभी उपस्थित 27 आई.आई.बी.एफ. प्रमाणित बीसी सखी को ध्यान के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया । श्री शुक्ला ने बैंक सखियों को संबोधित करते हुए बीसी सखी के महत्त्व को बताया। वहीं निदेशक ब्रह्मा नन्द साह ने बीसी सखियों के आय में वृद्धि के उपाय को बताते हुए हौसला बढाया। उन्होंने स्वरोजगार के साथ ही जीवन-स्तर को सुधार करने में प्रशिक्षण के महत्व को बताया ।

### लातेहार, पलामू, लोहरदगा, गुमला व रांची जिले के सैलानियों को खूब भाता है चंदवा का मनमोहन पर्यटन स्थल

# मां उग्रतारा नगर मंदिर में पूजन व हसीन वादियों में पिकनिक को लेकर जुटेंगे हजारों सैलानी

**कमलेश प्रसाद**

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड में शहर से लेकर गांव तक आगामी नव वर्ष 2024 की तैयारी को लेकर हर वर्ग के लोग उत्साह व उमंग के साथ लग गये हैं। जिसको लेकर तैयारियां भी जोरो पर है। इस वर्ष भी लोग चंदवा प्रखंड के ऐतिहासिक धरोहरों एवं धार्मिक स्थलों में प्रख्यात मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर समेत प्रखंड के कई मनमोहक पर्यटन स्थल से वर्ष 2024 की शुरूआत करेंगे। चंदवा की विशेषता है कि यहां आने वाले सैलानी एक ओर यहां की प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाते हैं वहीं दुसरी ओर मां उग्रतारा नगर मंदिर पर मत्था टेक लोग अपने को धन्य मानते हैं और नव वर्ष की शुरूआत करते है। हर वर्ष पुरे जिले के दुर-दराज से लोग हजारो की संख्या में पूजा-अचर्ना कर नव वर्ष की सुखमय शुरूआत पूजा अचर्ना के साथ करते है। चंदवा प्रखंड स्थित कांति झरना, 27 नंबर ब्रिज,


मां उग्रतारा नगर मंदिर।


कांती फॉल का दृश्य।

चुल्हा पानी, झुनझुनवा फॉल समेत कई पर्यटन स्थल लोगो को खुब आकर्षित कर रही है। लातेहार जिले के साथ-साथ रांची, लोहरदगा, गुमला व पलामू के सैलानियों को चंदवा की खुबसुरत वादियां खुब पसंद आती है। यही करण है कि प्रति वर्ष नव वर्ष पर हजारो सैलानी चंदवा आते है।

**सैलानियों के लिये ये मनमोहक पर्यटन स्थल**

- कांती झरना-एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर चंदवा पखंड के लाधूप पंचायत से 5 किमी की दूरी स्थित कांती झरना जो पहाड़ों से गिरता झरना कांती फॉल के नाम से विख्यात है। यहां पर एनएच 75 से पक्की सड़क से पहुंचा जा सकता है। यहां उंचे पहाड़ों से गिरता झरने का दृश्य पर्यटकों का मन मोह लेता है।
- बोदा का 27 नंबर ब्रिज-चंदवा-लोहरदाग सीमावर्ती क्षेत्र पर बोदा गांव के समीप स्थित 27 नंबर रेलवे ब्रिज लोगो को खुब आकर्षिक कर रहा है। नव वर्ष के पूर्व से हीं युवाओं की भारी भींड़ देखने को मिल रही है। पीछले 4-5 वर्षो में यह पर्यटन क्षेत्र युवाओं की पहली पसंद के रूप में दखने को मिला है।
- चूल्हा पानी-प्रखंड के बोदा गांव के समीप शहर के 7 किमी. की दूरी पर छोटी-छोटी चार पहाड़ियों को पार कर यहां पहुंचा जा सकता है। पर्यटन के आपार संभावनाओं को समेटे देवनद-दामोदर का उदगम स्थल चुल्हापानी की अदभुत छटा मनोहारी है। यहां से निरंतर निकलते निर्मल जल का सेवन कर लोग पहाड़ चढने की थकान भुल जाते हैं। जामुन, बट व कुसुम तीनों संयुक्त वृक्षों की जड़ से बहता निर्मल जल का स्वाद अविस्मरणीय है।
- हिंडालको नर्सरी-एनएच 75 पर हुटाप गांव में आदित्य बिड़ला ग्राम संसाधन केंद्र द्वारा संचालित हिंडालको नर्सरी चंदवा से 5 किमी. की दूरी पर स्थित है। यहां पर विभिन्न प्रजातियों के फुल एंव फलदार वृक्ष हैं। नव वर्ष में इस नर्सरी में पर्यटकों का जमावड़ा रहता है।
- अमझरिया डाक बंगला-रांची-डालटेनगंज एनएच 75 मुख्य पथ के किनारे शहर से सात किमी की दूरी पर स्थित है। इस डाक बंगला का निर्माण अंग्रेजों के समय ही हुआ था। यहां आज भी लोग घुमने आते हैं। बताते चले कि इस डाक बंगला में बाबा नाम केवलम धाम भी है। इसके अलावे सीएएमएम पथ पर काली से लगभग 8 किमी दूरी पर स्थित झुनझुनवा फॉल, देवनद नदी तट पर स्थित ईक्को पार्क, चटुआग डैम जैसे कई पिकनिक स्पॉट लोगो को खुब पसंद आ रहा है।

**मां उग्रतार नगर मंदिर में पूजापाठ से होती है नववर्ष की शुरूआत**

चंदवा स्थित मां उग्रतारा मंदिर- एनएच-99 स्थित रांची-चतरा मुख्य मार्ग स्थित चंदवा प्रखंड से 8 किमी. की दूर पर मदागिर पहाड़ की गोद में मां उग्रतारा का प्राचीन मंदिर है। यह चंदवा प्रखंड के नगर ग्राम में स्थित है। चंदवा-बालूमाथ के बीच एनएच 99 में नगर मोड़ से 1 किमी की दूरी पर स्थित है मां उग्रतार नगर मंदिर यहां पर इच्छित कामना को लेकर मां के चरण में पुष्प चढ़ाने की परंपरा है फुल गिर जाने पर मन्नत का पुरा होना तय माना जाता है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। इस मंदिर के पश्चिम नगर पहाड़ी पर मदार साहब का मजार भी है तथा पास ही नगर डैम है जहां पर पर्यटकों का हुजूम देखने को मिलता है।

## महिला की गला दबाकर फांसी में लटकाने का आरोप


जानकारी देते पीड़ित परिवार।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के फूलसु पंचायत अंतर्गत बारिबांध ग्राम निवासी प्रमोद यादव की पत्नी लीलू देवी (28) को राजेश यादव व उसके पत्नी द्वारा गला दबाकर फांसी में लटकाने का आरोप लगाया है। मृतक के जेठ बिनोद यादव ने बताया की मेरा भाई बोल नहीं पता है वह मुखबधिर है। हम यहां से दो किमी दूर रहते हैं। मेरा भाई दो बच्चों के साथ भाई ससुराल पांकी स्थित केकरगढ़ गया हुआ था। उसी रात्रि में मृतिका लीलू देवी ने अपने मोबाईल नंबर 7366006096 से अपने बहन रीमा कुमारी मोबाइल 8935928581 पर रविवार रात्रि लगभग 8 से 9 बजे रात्रि के आस-पास फोन कर बताई की चापानल में पानी लाने को लेकर राजेश यादव और उसके पत्नी के साथ लड़ाई हो रहा है आज हमको इनलोग मार देंगे। इसके बाद गांव के बगल के व्यक्ति रामजतन यादव पिता गेंदा यादव के 9905338459 पर भी उपरोक्त नंबर से फोन कर जानकारी दिया गया था। सुबह लीलू देवी की फांसी से लटकते देख ससुर बालकेश्वर यादव ने फांसी से निचे उतार दिया था। मृत महिला को आसपास के ग्रामीण देखने के लिए भींड इक्कठा हो गए। देखने आए लोगों द्वारा कहा गया की फांसी से क्यों तुम उतारे हो पुलिस को क्या जबाब दोगे। आनन फानन में भय से पुनः ससुर बालकेश्वर यादव द्वारा फांसी में लटका दिया गया। इसकी सूचना बारियातू थाना को दी गई। सूचना पाते ही पुलिस पहूँचकर मृत महिला की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव को सौंप दिया गया। परिजनों ने दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उक्त सम्बन्ध में थानेदार मुकेश चौधरी से बात किए जाने पर बताया की अनुसन्धान जारी है मामले को जल्द उदभेदन कर दिया जायेगा।

## मनिका प्रखंड में बंध्याकरण कराने आई महिलाओं की सुविधा में बरती गई लापरवाही

- जन विकास ट्रस्ट लेस्लीगंज के माध्यम से किया जा रहा महिलाओं का बंध्याकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**


फोटो:6 बंध्याकरण के लिए आई महिलाएं।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिन गुरुवार की संध्या में परिवार नियोजन के तहत बंध्याकरण करवाने आई महिलाओं की सुविधा में भारी लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। बता दें कि पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों के द्वारा महिलाओं का बंध्याकरण किया जाता था लेकिन अब जन विकास ट्रस्ट लेस्लीगंज के माध्यम से महिलाओं का बंध्याकरण हो रहा है जिसमें महिलाओं की स्वास्थ्य का सुविधा पूरी तरह फेल देखा गया। मौके पर महिलाओं ने बताया कि बंध्याकरण के बाद उन्हें भोजन व सोने की सुविधा नहीं मिल पाया महिलाओं को अपने साथ लाए हुए सुविधाओं के साथ ही रात गुजारनी पड़ी। वहीं ग्रामीण विकास कुमार प्रसाद ने बताया कि पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा बंध्याकरण करवाने वाले महिलाओं को भोजन में खिचड़ी,अंडा और सोने के लिए बेड की सुविधा दी जा रही थी लेकिन अभी एनजीओ के माध्यम से लगभग 30 से 40 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया उन्हें सभी सुविधायों से वंचित रहना पड़ा एनजीओ का एक ही स्टाफ सभी को इंजेक्शन दे रहा था और वह भी सुबह होते ही चला गया और महिलाओं के देखभाल के लिए डॉक्टर की भी कमी रही सभी महिलाएं रात भर नीचे सो कर रात बिताए इन्हें ठंड से बचाव के लिए कंबल भी नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर अचानक कोई महिला बेहोश होने लगे तो अभी इनका इलाज करने वाला कोई भी मौजूद नहीं है सभी महिलाएं भगवान भरोसे हैं और अपने-अपने वाहनों से घर जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा में इस तरह से लापरवाही बरतना काफी दुर्भाग्य की बात है इसमें सुधार होना चाहिए। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी दिव्य क्षितिज कुजूर ने कहा कि मैं अभी छुट्टी पर हूं और हॉस्पिटल का कार्य डॉक्टर उमेश कुमार के देखरेख में किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि हमारे हॉस्पिटल में जितना उपलब्ध है उसी के अनुसार महिलाओं को सुविधा दी जा रही है अगर बंध्याकरण के दौरान महिलाओं को परेशानी हुई है तो उसकी जांच कर निश्चित रूप से सुधार किया जाएगा। मौके पर मैना देवी, ममता देवी, कालो देवी, कविता देवी, सविता देवी, कलावती देवी, फूलमती देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## मनिका बीडीओ के पास पंचायत सेवक के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचे मटलोंग के वार्ड सदस्य


जानकारी देते वार्ड सदस्य व पंचायत सचिव।

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय में दिन गुरुवार को मटलोंग पंचायत के 14 वार्ड सदस्य पंचायत सचिव नीरू देवी के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचे। वहीं आवेदन के माध्यम से सभी वार्ड सदस्यों ने बताया कि पंचायत सेवक नीरू देवी के कार्यशैली से वह खुश नहीं हैं पंचायत सेवक के द्वारा उनके साथ हमेशा ही अभद्र व्यवहार किया जाता है कुछ बोलने पर वे लोगों को एफआईआर करने की धमकी देते हैं। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि नीरू देवी के द्वारा जाति प्रमाण पत्र, अबुआ आवास योजना, टीसीबी, समेत विभिन्न कामों के लिए पैसे की मांग की जाती है। जिसे लेकर सभी वार्ड सदस्यों ने पंचायत में दूसरे पंचायत सचिव को कार्यभार सौंपने एवं नीरू देवी के ऊपर कारवाई करने हेतु बीडीओ मनोज कुमार तिवारी को आवेदन सौंपा। वहीं पंचायत सचिव नीरू देवी ने कहा कि वार्ड सदस्यों के द्वारा लगाया गया सभी आरोप गलत है सभी वार्ड सदस्य मेरे ऊपर दबाव बनाकर मनचाहे व्यक्ति को योजना का लाभ देने को बोलते हैं जो सरासर गलत है। जिस लाभुक को जरूरत है उसे ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने पैसे लेने की मामले से साफ इनकार कर दिया कहा कि अभी योजना किसे देना है उसकी जांच चल रही है फिर मैं लोगों से पैसे क्यों लूंगी। वहीं इस विषय पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि वार्ड सदस्यों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है जांच उपरांत दोषी पाए जाने पर पंचायत सचिव के ऊपर विधिवत रूप से कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, गुस्सायें ग्रामीणों ने पांच घंटे सड़क किया जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना गेट के सामने शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना में कैला भुइयां 42 वर्ष पिता स्वर्गीय शनिचर भुइयां ग्राम बालूमाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के ग्रामीण एवं बालूमाथ पुलिस के सहयोग से कैला भुइयां को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। जहां परिजनों द्वारा एंबुलेंस से रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने शव के साथ रांची चतरा एनएच 22 मुख्य पथ बालूमाथ चेक नाका के समीप सड़क जाम कर दिया। जिससे


मौत के बाद ग्रामीणों ने किया सड़क जाम।

सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर घटना स्थल पर पहुंचकर जामकर्ता से वार्ता किया जहां लोगो ने आश्रितों को तत्काल 50 हजार रुपये मुआवजा, मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी ,विधवा पेंशन, मृतक की दो पुत्री को कन्यादान योजना की स्वीकृति एवं अंबेडकर आवास देने की मांग की। जिस पर अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकारी नौकरी देने का प्रावधान सड़क दुर्घटना में नहीं है बाकी आपकी मांग को पूरा किया जाएगा। लेकिन परिजनों द्वारा सभी मांगों को पूरी करने की मांग को लेकर अपनी बात पर अड़ गए। जिससे समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ गालिब कॉलोनी निवासी ननका मियां के पुत्र मोटरसाइकिल नंबरजेएच 19 ई 5255 में सवार होकर मुरपा मोड से बाजार टांड़ की ओर जा रहा था। गाड़ी तेज रफ्तार होने के कारण थाना के सामने बने रोलर ब्रेकर में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे पास में खड़े कैला भुइयां इसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पूरी घटना बालूमाथ थाना में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## अवैध अफीम पोस्ता की खेती को किया नष्ट

**हेरहंज।** थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत कांचा ग्राम से सटे जंगल मे लगे अवैध अफीम पोस्ता की खेती को हेरहंज पुलिस के द्वारा विनिष्टिकरन किया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कांचा ग्राम से सटे जंगलों में काफी मात्रा में पोस्ते की खेती की गई है। जिसके तहत टीम गठित कर लगभग 3 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पुअनि विश्वजीत तिवारी सहित आईआरबी एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## अयोध्या से आए हुये पूजित अक्षत को लेकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हेरहंज प्रखंड में किया भ्रमण


भ्रमण करते श्रद्धालु।

**हेरहंज।** प्रखंड में शुक्रवार को अयोध्या से आए पूजित अक्षत को लेकर हेरहंज में नगर भ्रमण किया गया। जिसका शुभारंभ रामजानकी मंदिर से शुरू होते बजारटाड़, पुरनी हेरहंज होते भंडार चौक से बस स्टैंड देवी मंडप होते हुये पुनः रामजानकी मंदिर में भ्रमण कार्यक्रम का समापन किया गया। अयोध्या से आए हुये अक्षत को हेरहंज के सभी पंचायत से आए रामभक्तो को सौंपा गया। ज्ञात हो कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होने वाला है राम मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। उस दिन हेरहंज प्रखंड के सभी मंदिरों में पूजा पाठ अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया जाना है। सभी राम भक्त 22 जनवरी को घर-घर में दिया जलाए। मौके पर मनीष जायसवाल, देवनंदन प्रसाद, कैलाश कुमार ठाकुर, अजय सिंह, संजय तिवारी, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह, उपेंद्र रंगीला लाल, देव गंझू, अखिलेश गंझू, अजय सिंह, शिव सिंह, रविंद्र साहू, बिहारी साहू, परमेश्वर विश्वकर्मा, अनिल उरांव, कामेश्वर पासवान, मुरली प्रसाद, विजय गुप्ता, मनोज यादव, रूपेंद्र जायसवाल, जितेश यादव, राजेश, पीयूष कुमार, अनमोल कुमार, राजीव ठाकुर, गोपाल प्रसाद, महिला बहने समेत दर्जनों राम भक्त शामिल हुए।

# मांगों को लेकर हड़ताल पर जायेंगे पीडीएस


- कमीशन की बढ़ोतरी, मानदेय की व्यवस्था, पूर्व की भांति अनुकंपा को बहाली समेत 11 सुत्री मांग लगातार उठा रहे है पीडीएस दुकानदार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक में रोष प्रकट करते पीडीएस दुकानदार।

**चंदवा।** ऑल इंडिया फेयर प्राईस डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार केंद्र और झारखंड सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध 1 जनवरी 2024 से राशन वितरण बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। उसी के तहत जन वितरण संघ के प्रखंड स्तर के सभी पीडीएस डीलर की बैठक गुरुवार को प्रखंड परिसर के प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी डीलरो ने उपस्थित होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में सम्मिलित होकर सहयोग करने का निर्णय लिया। बैठक उपरांत लिए गए निर्णय के आलोक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व सहायक गोदाम प्रबंधक को जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामकृष्ण मिश्र, सचिव अजय कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष शाहिद खान, धर्मराज कुमार, महेंद्र प्रसाद समेत अन्य डीलरो के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौपा। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि सभी जन वितरण दुकानों में 1 जनवरी 2024 से वितरण व्यवस्था पूर्ण रूप से बन्द रखने का निर्णय लिया गया है। विगत कई वर्षों हमारे प्रदेश और केंद्रीय संघ द्वारा केंद्र और राज्य सरकार को अपनी मांगों के विषय में स्मार पत्र दिया गया परन्तु केवल आश्वासन ही मिला। आज तक एक मांग पर भी किसी भी तरह का कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लाचार होकर सरकार के दमनकारी नीतियों के विरुद्ध हड़ताल पर जाने को बाध्य होना पड़ा है। कोरोना काल में विक्रेता जान हथेली पर रखकर लाभार्थियों के सेवा में तत्पर रहे परंतु आज तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का बकाया कमिशन का भुगतान नहीं किया गया है। इस हालत में विक्रेताओं के द्वारा आगे सेवा कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। हमारी मांगों में मुख्य रूप से कमीशन की बढ़ोतरी और मानदेय की व्यवस्था, पूर्व की भांति अनुकंपा को बहाल करना, 2 जी के स्थान पर 4 जी के सेवा बहाल करने समेत 11 सूत्री मांग शामिल है। मौके पर विजयशंकर सिंह, विनय कुमार, दिलीप कुमार, बालदेव गंझू, रामपाल उराँव, जयमंगल उराँव, कलावती देवी, सुनीता देवी, लक्ष्मी देवी, सबिला खातून समेत बड़ी संख्या में एसएचजी समूह की महिलाएं व पीडीएस दुकानदार शामिल थे।

## चौपत नदी में सामूहिक वन भोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन


वन भोज में उपस्थित जिप अध्यक्ष व सदस्य।

**गारू।** नववर्ष के पूर्व लातेहार जिला परिषद के सभी सदस्यों का सामूहिक वन भोज कार्यक्रम का आयोजन सरयू प्रखंड के चौपत नदी में आयोजित हुआ जिसमे जिला परिषद अध्यक्ष समेत सभी सदस्य शामिल हुए। वन भोज के माध्यम सें जहाँ सभी सदस्यों को एकजुट करने के साथ जिला परिषद सदस्यों के हक अधिकार के संघर्ष करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में जहाँ जिला परिषद को सरकार के माध्यम सें उचित अधिकार और मानदेय के साथ साथ लगभग एक दर्जन सें अधिक मुद्दों को लेकर जनवरी के पहले सप्ताह में विभागीय मंत्री के साथ सचिव सें मुलाकात करने और केंद्र की सरकार को पत्रचार करने का निर्णय लिया गया। साथ हीं साथ जिला परिषद को उड़ीसा समेत अन्य राज्य में मिलने वाले हक अधिकार को लेकर राज्य व्यपी आंदोलन राज्य भर के जिला परिषद सदस्यों के साथ मिलकर करने का आह्वान किया गया। इस दौरान मौके पर अध्यक्ष पूनम देवी सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह, बूढ़ेश्वर उरांव, विनोद उरांव, प्रियका कुमारी, जीरा देवी, प्रतिमा देवी, चंचला देवी रमेश राम स्टेला नगेसिया ब्लवंत सिंह समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

# ललन सिंह के इस्तीफे को चिराग पासवान ने 'कर्म' से जोड़ कही तल्ख बात, नीतीश पर बड़ा प्रहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के जदयू अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इसको लेकर बिहार और देश की राजनीति गरमा गई है।

विशेष तौर पर एनडीए खेमा बेहद खुश नजर आ रहा है। भाजपा के नेता जहां ललन सिंह के पद छोड़ने में देरी की बात कह रहे हैं,



वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद चिराग पासवान ने ललन सिंह पर निशाना साधा और उनके कर्मों का फल मिलने की बात कही। चिराग पासवान ने एक्स पर लिखा, जो कभी दूसरे की घर को तोड़ने और अध्यक्ष पद से हटाने के लिए साजिश किए आज वो स्वयं साजिश के शिकार हो गए। ललन बाबू कहावत है न कि कर्म लौट कर आता है, आज कुछ वैसा ही आपके साथ भी हो रहा है। मैं आपकी व्यथा को समझ सकता हूं। आप भी आज नीतीश कुमार जी के महत्वकांक्षा का शिकार हो गए। चिराग पासवान ने आगे लिखा, इससे पहले भी जदयू के कई राष्ट्रीय अध्यक्षों को नीतीश जी ने पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है। उनको अपने नेताओं के बढ़ते कद से ही सबसे ज्यादा परेशानी होती है। जनता दल यूनाइटेड में गुटबाजी अब इस कदर बढ़ गई है कि यह मतभेद और अंतर्कलह पार्टी का अस्तित्व खत्म करके ही मानेगी। आने वाले चुनाव में जदयू का कोई नाम लेने वाला भी नहीं रह जाएगा।

## मुंबई से असम जा रहा था 'प्लेन', बिहार के मोतिहारी में पुल के नीचे फंसा

**मोतिहारी।** बिहार के मोतिहारी में शुक्रवार (29 दिसंबर) की सुबह नेशनल हाइवे स्थित पिपराकोठी ओवरब्रिज के नीचे हवाई जहाज की बॉडी फंस गई। प्लेन की बॉडी जैसे ही ओवरब्रिज के नीचे फंसी तो अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ देखने के लिए जुट गई। प्लेन की बॉडी फंस जाने के चलते एनएच पर करीब दो घंटे तक जाम लग गया। इससे आवागमन बाधित हो गया। ओवरब्रिज के नीचे हवाई जहाज की बॉडी फंसने के बाद स्थानीय प्रशासन को पहुंचना पड़ा। सूचना के बाद मौके पर पहुंच पुलिस की टीम हवाई जहाज को निकलवाने में जुट गई।

# सीएम से विजय गागराई की मुलाकात ने झामुमो खेमे में मचायी हलचल

### झामुमो विधायक के छोटे भाई विजय गागराई, 2024 के विस चुनाव में उतारने की है तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई की चक्रधरपुर विस क्षेत्र में बढ़ती सक्रियता ने राजनीतिक गलियारों में चचाओं का बाजार गर्म कर दिया है। हर कोई विजय गागराई के भविष्य को लेकर ये जानना चाहता है कि 2024 के विस चुनाव को लेकर उनकी क्या रणनीति है।

हाल के दिनों में विजय गागराई की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कई दौर की मुलाकात हो चुकी है। ये मुलाकात 2024 के चुनाव में कोई नया गुल खिलाएगा या यूं ही ये मुलाकात सिर्फ मुलाकात बनकर रह जाएगी। मुख्यमंत्री से विजय गागराई की मुलाकात ने झामुमो खेमे में भी हलचल पैदा कर दी है। खरसावां से झामुमो के विधायक दशरथ गागराई के छोटे भाई विजय सिंह गागराई की पिछले करीब एक साल से क्षेत्र में सक्रियता देखी जा रही है। सामाजिक कार्यों के माध्यम से वह लगातार लोगों से मिल रहे है और अपनी जमीन तैयार कर रहे है। उनकी सक्रियता और क्षेत्र भ्रमण से ये कयास लगाए लगाए रहे है कि अगले साल होने वाले विस चुनाव में वह अपनी किस्मत आजमा सकते है। हालांकि विजय गागराई ने चुनाव लड़ने या नहीं लड़ने के संदर्भ में अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मालूम हो कि चक्रधरपुर से वर्तमान में झामुमो के जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव विधायक है। इसके बावजूद विजय गागराई की सक्रियता और सीएम से मुलाकात आने वाले दिनों में क्या गुल खिलाती है ये देखने वाली बात होगी।



## शॉट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

**दुमका।** शॉर्ट सर्किट से आग लगने से करीब डेढ़ लाख का नुकसान हुआ। अगलगी की घटना नगर थाना क्षेत्र के राखबानी में घटी। आग का धुआं उठता देख स्थानीय लोगो ने अग्निशमन वाहन को सूचना दिया। स्थानीय लोगो की मदद से किसी प्रकार आग पर काबू पाया जा सका। गृह स्वामी सनोज कुमार साह ने बताया कि घर के बाहर बच्चे खेल रहे थे। पत्नी गोपाल मंदिर पूजा करने गईं थी। वह भी अपने पटवारी गली में साड़ी दुकान चले गए थे। बच्चे आग से उठा धुंआ देख आसपास के लोगो को बताया। स्थानीय लोगों ने अगलगी की सूचना नगर थाना पुलिस और अग्निशमन वाहन को दी। सूचना मिलने पर वह भी घर लौटे। लोगो की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। उसके बाद अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंची। गृहस्वामी ने बताया कि करीब डेढ़ लाख का नुकसान हुआ। घर का फ्रिज, इंवाईटर, पलंग, कपड़े, बच्चों के किताब और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं की दी जानकारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत मझगवां पंचायत में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पंचायत वासियों को केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी दी गई।

इस मौके पर आंगनबाड़ी के दीदी के द्वारा गोद भराई एवं मुंह झूठी का रसम किया गया। इस अवसर पर सिमरिया विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुजीत भारती भाजपा, मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, प्रमुख अनीता यादव, उप प्रमुख प्रीतम यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो, मुखिया सरिता देवी, पंचायत सचिव दिगम्बर पाण्डेय, बीपीओ अजय कुमार सिन्हा मुख्य रूप से मौजूद थें। इस दौरान हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ दिलाया गया।

इस अवसर पर लाभार्थी व ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया। मौके पर गणेश सिंह, चमारी दांगी, दिनेश्वर सिंह, बसंत सिंह, मिथिलेश सिंह, चंचला देवी, चमेली देवी, मीना देवी, आंगनबाड़ी सेविका महिला समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## नए साल के लिए पटना तैयार, भोजपुरी और बॉलीवुड स्टार बिखेरेंगे जलवा, मुजरा भी होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** नए साल पर पटना में जश्न मनाना है और जगह की तलाश है तो फिर ये खबर आपके लिए है। 2024 की शुरूआत आप नाच-गाना और खाना-पीना से कर सकते हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए और खासकर युवाओं के लिए अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग तैयारी है। जश्न मनाने के लिए पटना तैयार है। कई होटल और रेस्टोरेंट में विशेष व्यवस्था की गई है। रेट के साथ पढ़िए नए साल पर कहां क्या व्यवस्था है। साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर की रात आनंद लेना चाहते हैं तो पटना के एग्जीबिशन रोड स्थित होटल गार्गी ग्रैंड में विशेष व्यवस्था की गई है। यहां भोजपुरी स्टार यामिनी सिंह अपना जलवा बिखेरेंगी। बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर सोनाली ठाकुर भी अपनी आवाजों से लोगों को मुग्ध करेंगी। होटल के पीआरओ स्निग्धा पांडेय ने कहा कि दो सेलिब्रिटी के अलावा इस होटल में जो सबसे खास होगा वो मुजरा है। इसके लिए कलाकार महाराष्ट्र और कोलकाता से आ रहे हैं। नया साल किसका कैसा रहेगा उसके लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। तोता वाले पंडित होटल में रहेंगे। वो भविष्य बताएंगे। जिन्हें लगता है कि वो कुछ जानना चाहते हैं तो पंडित से मिल सकते हैं। होटल के जनरल मैनेजर विवेक कुमार ने कहा कि खाने-पीने के लिए 151 प्रकार के आइटम रखे जाएंगे। इसमें इंडियन से लेकर चाइनीज, थाई फूड भी रहेंगे। बिहारी फूड पर विशेष फोकस होगा। होटल गार्गी ग्रैंड में जश्न मनाने के लिए एक कपल्स को 4999 रुपये देने होंगे। अगर कोई सिंगल व्यक्ति जाना चाहता है तो उसको 2999 रुपये का भुगतान करना होगा। बच्चों के साथ जाना चाहते हैं तो 7 वर्ष से 13 वर्ष तक के बच्चों के लिए 1499 अतिरिक्त लगेंगे।

**यहां मिलेगा अवॉर्ड जीतने का मौका :** अगर आप कम पैसे में ज्यादा इंजॉय करना चाहते हैं तो एग्जीबिशन रोड के पाटलिपुत्र एग्जॉटिका जा सकते हैं। कम पैसे में भरपूर आनंद मिलेगा और अवॉर्ड जीतने का भी मौका मिलेगा। होटल के जनरल मैनेजर चितरंजन बॉस ने कहा कि इस बार विशेष रूप से खाना-पीना और बच्चों के लिए खास व्यवस्था है। लोकल सिंगर को रखा गया है। डीजे साउंड रहेगा। इस पर डांस मस्ती करने वाले अच्छे कपल्स को होटल की ओर से गिफ्ट भी दिया जाएगा। बच्चों के लिए किड्स जोन होगा। शुद्ध और हेल्दी फूड पर खास ध्यान है। उन्होंने बताया कि इस बार हम प्रति कपल्स 1999 रुपये ले रहे हैं। 5 वर्ष से 13 वर्ष के बच्चे हैं तो उन्हें 599 अतिरिक्त देना होगा। सिंगल व्यक्ति को 1499 देना होगा। गांधी मैदान स्थित होटल मौर्या के रेस्टोरेंट में भी व्यवस्था है। यहां कोलकाता का चैताली बैंड लोगों को भरपूर आनंद देगा। खाने-पीने विदेश डिश भी होगा। कपल के लिए 7500 रुपये रेट है। सिंगल के लिए 5000 और 4 से 12 साल के बच्चों के लिए 4000 रुपये अलग से देना होगा। गांधी मैदान स्थित होटल पनाश में भी तैयारी है। यहां लोकल सिंगर के अलावा डीजे साउंड की व्यवस्था रहेगी। खानपान की विशेष व्यवस्था रहेगी। कपल्स के लिए 3499 रुपये देने होंगे। बच्चों के लिए 1199 रुपये अतिरिक्त लगेंगे।

## स्कूल से नदारद रहने वाले करीब 13 हजार शिक्षकों के काटे गए वेतन, कई बर्खास्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार शिक्षा विभाग ने स्कूलों के निरीक्षण के दौरान पिछले छह महीने में ड्यूटी पर गैरहाजिर पाए गए 12,987 शिक्षकों के वेतन में कटौती की। विभाग ने पिछले छह महीने में विभिन्न शिक्षा नियमों के उल्लंघन के लिए 39 अन्य शिक्षकों को निलंबित किया जबकि 13 शिक्षकों को बिना मंजूरी के छह महीने से दो साल तक की अवधि के दौरान ड्यूटी पर कथित रूप से अनुपस्थित रहने और शिक्षकों की भर्ती नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करने के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। विभाग के एक अधिकारी ने नाम जाहिर न करने के अनुरोध पर बताया, ''पिछले छह महीने (23 दिसंबर तक) में विभाग ने बिना सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के, ड्यूटी पर अनुपस्थित (छह महीने से दो साल की अवधि में) पाए गए 12,987 शिक्षकों के वेतन में कटौती की है।'' उन्होंने बताया, ''131 अन्य शिक्षकों के वेतन में कटौती के लिए भी सिफारिशें की गई हैं। इसके अलावा बिहार स्कूल शिक्षक भर्ती नियमों के प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए पिछले छह महीने में 13 शिक्षकों को बर्खास्त भी किया गया है।'' राज्य का शिक्षा विभाग शिक्षकों को लेकर हाल ही में जारी किए गए अपने परिपत्र को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहा है। बिहार में राजभवन ने 26 दिसंबर को राज्य के मुख्य सचिव को एक औपचारिक संदेश भेजकर हाल ही में शिक्षा विभाग की उच्च शिक्षा शाखा द्वारा पारित 'असंवैधानिक' और 'निरंकुश' आदेश के खिलाफ तुरंत 'सुधारात्मक उपाय' लागू करने को कहा है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग द्वारा इस तरह के आदेश पारित करना राज्य में शैक्षणिक माहौल को ध्वस्त करने जैसा लग रहा है।

# दो दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का समापन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज जिला कृषि कार्यालय परिसर बढ़ौना, गोड्डा में दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला -सह-प्रदर्शनी का समापन जिला परिषद अध्यक्ष बेबी देवी, उपप्रमुख, गोड्डा किरण देवी, जिला कृषि पदाधिकारी, गोड्डा मुकेश कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ0 रवि शंकर, सहित अन्य गणमान्य की गरिमामयी उपस्थिति में की गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान मेले में आयोजित विभिन्न फसलों के प्रादर्श प्रदर्शनी प्रतियोगिता में जिले के प्रगतिशील कृषकों को प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रथम पुरस्कार स्प्रेअर मशीन, द्वितीय पुरस्कार कुदाल एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में धामा दिया गया। मेले में कृषकों को कृषि से जुड़े विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया एवं विभिन्न फसलों की बीमारियों के रोकथाम हेतु आवश्यक जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कृषकों में दीपक कुमार ,सुमन, परमानंद महतो, राजकुमार मंडल, नंदकुमार महतो, सुनील कुमार महतो, आराधना देवी, प्रीति कुमारी, रीमा देवी को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 हेमंत कुमार चौरसिया के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ0 रवि शंकर के द्वारा किया गया। मौके पर जिला कृषि कार्यालय के वीरेंद्र प्रताप वर्मा, रजत रंजन, कुंदन पारासर, एवं बीटीएम, एटीएम एवं सैकड़ो किसान मौजूद थे।

## हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ निकालेंगे मौन जुलूस

**दुमका।** जिला अधिवक्ता संघ ने झारखंड हाईकोर्ट का बेंच उपराजधानी दुमका में स्थापित करने की मांग को लेकर शनिवार को मुंह में काली पट्टी बांध कर मौन प्रदर्शन करेगी। शुक्रवार को संघ उपाध्यक्ष कमल किशोर झा की अगुवाई में अनौपचारिक बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस संबंध में महासचिव राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा विधानसभा से पूर्व में दुमका में हाईकोर्ट का खंडपीठ स्थापित करने से संबंधित प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। जबकि इससे पहले ही दुमका में हाईकोर्ट का खंडपीठ स्थापित करने के लिए 13.84 एकड़ जमीन भी अधिग्रहण किए जाने के साथ मुआवजे का भी भुगतान किया जा चुका है। इसके बावजूद संताल परगना वासियों के जनाकांक्षाओं के विपरीत दुमका में प्रस्तावित झारखंड हाईकोर्ट का खंडपीठ को अन्यत्र ले जाने को लेकर साजिश किया जा रहा। इससे दुमका समेत पूरे संताल परगना के अधिवक्ताओं के साथ आम लोगों में गहरा असंतोष है। बैठक में अधिवक्ता राघवेन्द्र नाथ पांडेय, सोमनाथ डे, मनोज मिश्रा,नरेश भगत, प्रेम गुप्ता, राजन कुमार घोष, राजेश साह आनंद गुप्ता, मृत्युंजय नारायण, विभूति भूषण झा,प्रभात कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

# छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष ने फांसी के फंदे से झूल दी जान



पंचनामा करती पुलिस एवं फाइल फोटो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** बेरोजगारी व आर्थिक तंगी से जूझ रहे युवक ने फांसी के फंदे से झूल जान दे दिया। मृतक युवक नगर थाना क्षेत्र के एसएस विद्या बिहार के पीछे न्यू कुम्हारपाड़ा निवासी 25 वर्षीय विक्की कुमार है। सूचना पर मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी आकाश भारद्वाज के नेतृत्व में नगर थाना पुलिस पहुंच शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार विक्की की शादी करीब डेढ साल पहले हुई थी। करीब ढाई माह की बेटी है। पत्नी कुछ दिन पहले मायके गई थी। घर मे कामकाज नहीं करने पर परिवार वालों का ताना सुनने को विवश था। पत्नी भी इसी कारण मायके चली गई थी। शुक्रवार को मायके से पत्नी कई बार फोन की। लेकिन फोन नहीं उठने पर पत्नी को संदेह हुआ। वह अपनी बड़ी गोतनी को फोन कर बतायी कि विक्की फोन नहीं उठा रहा है। घरवाले देर से सोकर उठने की आदत के कारण ऐसी अनहोनी का अंदाजा नहीं लगा सके। लेकिन विक्की की पत्नी का फोन आने पर विक्की के कमरे का दरवाजा खटखटाया तो काफी देर तक कोई आवाज नहीं आने पर दरवाजा तोड़ा, तो देखा कि कमरे के पंखे से झूलता विक्की का शव मिला। जिसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पंचनामा में जुट गई। विक्की चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से भी जुड़ा था और एएन कॉलेज का छात्र संघ का पूर्व अध्यक्ष था।

## आसनसोल रेलवे डिवीजन के डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**दुमका।** रेलवे स्टेशन में कोयला डंपिंग यार्ड के कोयला के ड्रस्ट की वजह से यात्री व मुहल्ले के लोगों की शिकायत के बाद शुक्रवार को आसनसोल डिवीजन के एडीआरएम आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में रेलवे की टीम स्टेशन का जायजा लिया। कोयला की स्थिति और उठने वाली राख का आंकलन किया। परिसर में जमा राख पर कंपनी के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुयर प्रदूषण को नियंत्रित करने का कड़ा निर्देश दिया। बातचीत के क्रम में रसिकपुर के लोगों ने एडीआरएम को बताया कि कोयला राख की वजह से जीना मुश्किल हो गया है। घर के अंदर से लेकर बाहर तक सब काला पड़ गया है। घर का सामान भी खराब हो रहा है। अगर यही हाल रहा तो हर कोई बीमार पड़ जाएगा। जब तक इसे यहां से दूसरी जगह शिफ्ट नहीं किया जाता है, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। कोयला कंपनी बीजीआर भी इसके प्रति गंभीर नहीं है। इस पर एडीआरएम ने कहा कि राख को नियंत्रित करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कुछ दिन के बाद सब ठीक हो जाएगा। थोड़ा इंतजार करना होगा। लोगों से प्रदूषण को लेकर बात हुई। मुख्य समस्या कोयला राख से है। पहला कदम होगा कि प्रदूषण बोर्ड ने खराब चीजों को लेकर पैमाना तय किया है।

## पेज एक का शेष

### आदिवासियों को अब ...

अन्याय और शोषण के खिलाफ लगातार संघर्ष करते रहे। यहां के वीरों ने ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिला दी थी। झारखंड अलग राज्य के लिए इन्होंने 40 वर्षों तक आंदोलन किया। इतिहास को खंगालें तो जल-जंगल-जमीन की रक्षा से लेकर झारखंड अलग राज्य बनने तक यहां के अनगिनत वीरों ने अपनी शहादत दी। हम इन वीरों को नमन करते हैं और इनके सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। दो वर्ष तक तो कोरोना से ही लड़ा। इससे थोड़ी निजात मिली तो सुखाड़ से सामना करना पड़ा। ऐसी आपदा के बीच गरीबों, मजदूरों, वंचितों और असहाय लोगों के साथ-साथ हर किसी के जीवन और जीविका के लिए सरकार 24 घंटे काम करती रही। इन विषम हालात में लोगों को राहत देने के लिए हमने जो कोविड मैनेजमेंट सिस्टम बनाया। उसे देश-दुनिया ने सराहा।

### झारखंड से शुरू करेंगे ...

इसकी शुरूआत नीतीश कुमार जनवरी महीने से झारखंड से अभियान शुरू करेंगे। इसके तहत वह बिहार में लिये गये जाति गणना के फैसले की जानकारी देंगे। साथ ही पूरे देश में ऐसा करने के लिए जनजागरण करेंगे। उन्होंने कहा कि मीटिंग में प्रस्ताव पारित हुआ है कि नीतीश कुमार ही इंडी गठबंधन के साथ सीट शेयरिंग पर फैसले के लिए अधिकृत किया गया है। पार्टी में किसी तरह के मतभेद से इनकार करते हुए त्यागी ने कहा कि हमारी पार्टी एकजुट है। ललन सिंह और नीतीश कुमार में कोई मतभेद नहीं हैं। दोनों एक साथ हैं। जदयू नेता ने नीतीश कुमार को इंडी अलायंस में विचारों का पीएम करार दिया।

### ससुराल के जल से ...

**सीएम योगी ने राम जन्मभूमि में किये दर्शन :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि में दर्शन पूजन किया। उन्होंने अयोध्या धाम जंक्शन से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जाते समय मुख्य सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। सीएम रात अयोध्या में ही विश्राम करेंगे। शनिवार को पीएम मोदी अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के उद्घाटन और अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन के नये भवन का लोकार्पण करेंगे। योगी, मेजबान के रूप में मौजूद रहेंगे।

## नीतीश के जेडीयू अध्यक्ष चुने जाने पर तेजस्वी की पहली प्रतिक्रिया, कहा- 'वो पहले...'

**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार फिर से अपनी पार्टी जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन चुके हैं। इसका औपचारिक एलान भर बाकी है। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के इस्तीफे के बाद नीतीश कुमार ने यह जिम्मेदारी संभाल ली है। अब इसको लेकर विभिन्न पार्टियों की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। बिहार सरकार के गठबंधन सहयोगी आरजेडी के नेता डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नीतीश कुमार को पार्टी के नए अध्यक्ष बनने पर शुभकामनएं। वह पहले भी जेडीयू के अध्यक्ष रहे हैं। महागठबंधन सरकार बीजेपी बौखला गई है।

# विधायक ने किया ऐतिहासिक सिदो कान्हू मेला का शुभारम्भ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हिरणपुर (पाकुड़)।** लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत डुमरिया में आयोजित 50 वॉ ऐतिहासिक सिदो कान्हू सांस्कृतिक मेला का शुभारम्भ विधायक दिनेश मरांडी ने फीता काटकर किया। इसके बाद विधायक सहित एगलिना टुडू आदि ने वीर शहीद सिदो कान्हू के प्रतिमा पर पुष्पसुमन अर्पित कर नमन किया। इसके पूर्व विधायक के आगमन पर आयोजक कमिटी द्वारा आदिवासी पारम्परिक रूप से स्वागत किया गया। मेले को लेकर आयोजक कमिटी के द्वारा भव्य रूप से सजाया गया था। जहाँ पूरा मेला प्रांगण झामुमो की झंडे से पटा हुआ था। सुबह से ही मेले में काफी भीड़



देखी गई। वही लागड़े इनएच, दसाई दोन, डोम ढोल सहित कई दल आदिवासी पारम्परिक पोशाकों में नृत्य मंडलियों को मेला मैदान में अपने अपने प्रस्तुति करते देखा गया। इस मेले में वीरभूम बंगाल के दो आदिवासी लागड़े इनएच दलों की भी उपस्थिति देखी गई। टीम में शामिल कलाकार मानिक किस्कु, लखीराम हांसदा, लुखी हांसदा, होपनी सोरेन आदि ने बताया कि हमे सूचना मिली कि डुमरिया में भव्य रूप से आदिवासी सांस्कृतिक मेला का आयोजन हो रहा है। इसलिए हमलोग अपने कला की प्रस्तुति को लेकर आ गए है। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों को सम्मानित भी किया गया। उधर मेला प्रांगण में काफी संख्या में दुकानें सजी हुई थी। मेला प्रांगण में भव्य रूप से आतिशबाजी भी हुई। जहाँ अंग्रेज प्रशासक लार्ड हैडिंग्स की आदमकद पुतले की बध की गई। विधायक ने स्वंय तीर चलाकर तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इसके अलावे देरशाम संथाली के ख्याति गायक स्टेफन टुडू व टीना हेम्ब्रम के द्वारा आदिवासी गीत की प्रस्तुति की जाएगी व आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम है। विधायक ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड के कद्दावर नेता, झामुमो के संस्थापक सदस्य दिवंगत साइमन मरांडी ने इस मेले का शुभारम्भ वर्षो पूर्व किये थे। आदिवासी संस्कृति को बचाये रखने के लिए यह मेला का आयोजन वर्षो से होते आ रहा है। झामुमो नेत्री दिवंगत सुशीला हांसदा की स्मृति भी इस मेले से जुड़ी हुई है। जो देश की पहली आदिवासी निर्वाचित विधायक बनी थी। वही विधायक पत्नी एगलिना टुडू ने अपने सम्बोधन में बताई की सभी को शिक्षा हासिल करना आवश्यक है। शिक्षा से ही सर्वांगीण विकास होगी। इसलिए अपने अपने बच्चों को आवश्यक विद्यालय से जोड़े। इस मौके पर ग्राम प्रधान जेठा हांसदा, मांझी मुर्मू, विलियम तुरी, भीम मरांडी, बाबूजी मरांडी, सुरीन हांसदा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मुख्यधारा में शामिल हुआ उल्फा

## सरकार ने शांति समझौते पर किया हस्ताक्षर, अमित शाह ने बताया असम के लिए बड़ा दिन

**उल्फा प्रतिनिधियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ने, हथियार डालने और सशस्त्र संगठन को खत्म करने पर सहमति जतायी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के वार्ता समर्थक गुट ने हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने पर सहमति व्यक्त करते हुए शुक्रवार को गृह मंत्रालय में केंद्र और असम सरकारों के साथ एक त्रिस्तरीय शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में उल्फा के वार्ता समर्थक प्रतिनिधिमंडल के 29 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिनमें उल्फा के 16 और सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइजेशन के 13 प्रतिनिधि शामिल थे। समझौते के तहत, उल्फा प्रतिनिधियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ने, सभी हथियार डालने और अपने सशस्त्र संगठन को खत्म करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके अलावा उल्फा अपने सशस्त्र कैडरों के कब्जे वाले सभी शिविरों को खाली करने, कानून द्वारा स्थापित शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने और देश की अखंडता को बनाए रखने पर भी सहमत हुआ है।




अमित शाह ने कहा कि आज असम के लिए एक सुनहरा दिन है जब लंबे समय से हिंसा का दंश झेल रहे पूर्वोत्तर और असम में शांति स्थापित होने जा रही है। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच की दूरी कम करने के प्रयास हुए और खुले मन से सबके साथ बातचीत की शुरूआत हुई। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में ही उग्रवाद, हिंसा और विवाद-मुक्त पूर्वोत्तर की परिकल्पना लेकर गृह मंत्रालय ने काम किया। उन्होंने कहा कि पूरे पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में पिछले 5 वर्षों में विभिन्न राज्यों के साथ शांति और सीमा संबंधित 9 समझौते हुए हैं, जिनके कारण आज पूर्वोत्तर के बड़े हिस्से में शांति की स्थापना हुई है।

गृह मंत्री ने कहा कि आज तक 9000 से अधिक कैडर ने सरेंडर किया है और असम के 85 प्रतिशत हिस्से से अफस्पा को हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत सरकार, असम सरकार और उल्फा के बीच हो रहे त्रिपक्षीय समझौते से पूरे असम के सभी हिंसक गुटों को मुख्य धारा में शामिल करने में मोदी सरकार को सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि आज हुआ समझौता असम और पूरे पूर्वोत्तर में शाति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### समझौते की हर बात पर अमल करेगी सरकार

शाह ने कहा कि भारत सरकार ने एक बहुत बड़े पैकेज और असम के विकास के प्रोजेक्ट्स को भी सहमति दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार समझौते की हर बात पर पूरी तरह अमल करेगी और इस पर खरी उतरेगी।

उन्होंने कहा कि आज के समझौते के तहत उल्फा प्रतिनिधियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ने, सभी हथियार डालने और अपने सशस्त्र संगठन को खत्म करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके अलावा उल्फा अपने सशस्त्र कैडरों के कब्जे वाले सभी शिविरों को खाली करने, कानून द्वारा स्थापित शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने और देश की अखंडता को बनाए रखने पर भी सहमत हुआ है। शाह ने कहा कि उल्फा संघर्ष में दोनों पक्षों के लगभग 10 हजार लोग मारे गए, जो इस देश के ही नागरिक थे, लेकिन आज इस समस्या का संपूर्ण समाधान हो रहा है। शाह ने कहा कि 2014 में मोदी सरकार आने के बाद असम में हिंसक घटनाओं में 87 प्रतिशत, हत्याओं में 90 प्रतिशत, अपहरण में 84 प्रतिशत और अकेले असम में अब तक 7500 कैडर ने सरेंडर किया है।

## एक नजर में

### अमित शाह से मिले मप्र के सीएम मोहन यादव



**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात लगभग एक घंटे तक चली। इस मुलाकात में मध्य प्रदेश में मंत्रियों के बीच विभागों के बंटवारे को लेकर अहम चर्चा हुई है। उल्लेखनीय है कि मोहन यादव मंत्रिमंडल के 28 मंत्रियों ने 25 दिसंबर को शपथ ली थी। इसके पहले दो उपमुख्यमंत्री भी शपथ ले चुके हैं। फिलहाल इन मंत्रियों के विभागों का वितरण नहीं हो पाया है। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के बाद मंत्रियों के नाम घोषित किए जा सकते हैं। गुरुवार को कैलाश विजयवर्गीय ने भाजपा राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 14.90 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**मुंबई ।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 14.90 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन के साथ एक विदेशी महिला को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने शुक्रवार को महिला को 14 दिनों तक डीआरआई की हिरासात में भेज दिया है। डीआरआई सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि केनिया से कोकीन सहित एक महिला के मुंबई आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी आधार पर डीआरआई टीम मुंबई एयरपोर्ट पर 28 दिसंबर को निगरानी कर रही थी। नैरोबी से आई एक महिला को शक के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर रोका और उसके सामान की तलाशी लेने पर 1,490 ग्राम कोकीन मिली, जिसका बाजार मूल्य 14.90 करोड़ रुपये है। महिला ने कोकीन एक हेयर कंडीशनर की बोतल और एक बॉडी वॉश बोतल के अंदर छिपाया था।

### भारत में जेएन.1 के 145 मामले, पांच की मौत

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 225 दिनों के दौरान गुरुवार को एक दिन में कोरोना के सबसे ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 797 नए मामले सामने आए हैं और 5 मरीजों की मौत दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में 4091 एक्टिव मामले हैं। इसके साथ कोरोना के नए वेरियंट जेएन.1 के 145 मामले सामने आए हैं। नए वेरियंट के सबसे ज्यादा मामले केरल और कर्नाटक से दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोरोना के नए वेरियंट के नए मामले 21 नवंबर से लेकर 18 दिसंबर के दौरान लिये गए सैंपल की रिपोर्ट में पाए गए हैं।

### राजस्थान में मंत्रिमंडल का विस्तार आज

**जयपुर।** राजस्थान में भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार शनिवार को होगा। राज्यपाल कलराज मिश्र मंत्रिपरिषद के मनोनीत सदस्यों को राजभवन में दोपहर 3:15 बजे शपथ दिलाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंत्रिमंडल को अंतिम रुप देने के लिए शुक्रवार शाम को दिल्ली पहुंचे हैं। वे दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के शीर्ष पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर को पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। उनके साथ ही दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए थे।

### चीन ने डोंग को बनाया रक्षा मंत्री

**बीजिंग।** चीन ने अपने पूर्व नौसेना प्रमुख डोंग जून को नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। चीन के अंतिम रक्षा मंत्री चार महीने से गायब चल रहे हैं। पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को हटाने की आधिकारिक घोषणा अक्टूबर में ही की गई थी। ली को अगस्त के अंत से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। चीन ने उन्हें बर्खास्त करने के बाद महीनों की अनिश्चितता के बाद नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति की बैठक में शुक्रवार को डोंग की नियुक्ति की घोषणा की गई। 62 वर्षीय डोंग की नियुक्ति ऐसे समय की गई है जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के अभियान के तहत एशिया प्रशांत में राजनयिक और रक्षा संबंधों को मजबूत करने के अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। डोंग पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का सार्वजनिक चेहरा होंगे, उनके मंत्रालय की रक्षा नीति या सैन्य प्रबंधन में बहुत कम भूमिका होगी। वे केंद्रीय सैन्य आयोग के दायरे में आएंगे, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति शी जिनपिंग करते हैं। पीएलए के नौसेना प्रमुख बनने और 2021 में पूर्ण जनरल बनाए जाने से पहले डोंग पूर्वी सागर बेड़े के वाइस कमांडर थे, जो अब ताइवान पर लड़ाई के लिए जिम्मेदार मुख्य बल पूर्वी थिएटर कमांड की रीढ़ है।

### शेयर बाजार में तेजी थमी, 170 अंक लुढ़का

**मुंबई।** विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, आईटी, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सात समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को साल के अंतिम कारोबारी दिवस शेयर बाजार की लगातार छह दिन तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 170.12 अंक लुढ़ककर 72,240.26 अंक और निफ्टी 47.30 अंक की गिरावट लेकर 21,731.40 अंक रह गया। बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा, जिससे बाजार को समर्थन मिला। इस दौरान मिडकैप 0.85 प्रतिशत की छलांग लगाकर 36,839.22 अंक और स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,673.76 अंक पर पहुंच गया।

### प. बंगाल में इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं रहेगी माकपा

**कोलकाता।** केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ बने विपक्षी इंडिया गठबंधन में राष्ट्रीय स्तर पर भले वामदल शामिल हैं, लेकिन बंगाल में वे इस गठबंधन का हिस्सा नहीं होंगे। यहां तक कि पार्टी ने कांग्रेस का भी साथ छोड़ने का निर्णय लिया है। इसकी वजह है तृणमूल से राजनीतिक विरोध। दावा है कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में तृणमूल की शर्तों पर गठबंधन का समझौता किया है और इसी वजह से माकपा को तरजीह नहीं दी जा रही। पार्टी के महासचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि हम उनसे गठबंधन करेंगे जिनका भाजपा और तृणमूल से नाता नहीं होगा। हम भाजपा और तृणमूल के खिलाफ नरम रुख अपनाने वालों से सैकड़ों-हजारों मील दूर खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दो नावों पर सवार होकर नहीं चल सकती। उन्होंने एक बार फिर भाजपा और तृणमूल में मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि संसद के अंदर, संसद के बाहर, भ्रष्टाचार-अन्याय-सांप्रदायिकता के सवाल पर उनकी नीति और राजनीतिक स्थिति एक समान है। तृणमूल के साथ कांग्रेस गठबंधन पर सलीम ने कहा कि कांग्रेस का फैसला वही लेगी लेकिन मैं बंगाल के कांग्रेस नेताओं-कार्यकताओं-समर्थकों से कहूंगा- कुछ देख कर सीखते हैं, कुछ ठोकर खाकर सीखते हैं।

# प्रधानमंत्री आज अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का करेंगे उद्घाटन

## 15700 करोड़ की 46 परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

- **छह वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी**
- **अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को राष्ट्र को करेंगे समर्पित**

एजेंसी

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 15,700 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। यही नहीं श्रीराम की नगरी से देश के विभिन्न शहरों के लिए भी सौगातों का पिटारा खुलेगा। प्रधानमंत्री मोदी देश के अलग-अलग स्टेशनों से संचालित होने वाली छह वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसी के साथ 30 दिसंबर 2023 की तिथि अयोध्या के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो जाएगी और भगवान श्रीराम की नगरी में विकास के नया युग का शुभारंभ होगा। अयोध्या से मिलेगी जम्मू से लेकर कोयम्बटूर तक को बेहतर कनेक्टिविटी की सौगात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। साथ ही श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली,अमृतसर-नई दिल्ली,कोयम्बटूर-बेंगलुरु,मंगलूरु-मडगांव,जालना-मुंबई एवं अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल के बीच छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के साथ ही अयोध्या-दरभंगा एवं मालदा टाउन-बेंगलुरु के बीच 2 अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रभु श्रीराम उत्तर प्रदेश समेत देश-दुनिया की आस्था का केंद्र हैं और आस्था के इस केंद्र के हृदयस्थल



अयोध्या में रामलला के श्रीविग्रह को भव्य मंदिर में सुशोभित किए जाने से पूर्व 30 दिसंबर, 2023 की तारीख बेहद खास होने वाली है। महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट व अयोध्या धाम स्टेशन फेज-1 के लोकार्पण के साथ ही 30 दिसंबर 2023 को 16 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात अयोध्या और उत्तर प्रदेश को मिलने जा रही है, जो अयोध्या की दशा-दिशा बदलकर रख देंगे। 1462.97 करोड़ रुपये की लागत से बना महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट आधुनिक सुविधाओं से लैस होने के साथ ही अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव की याद दिलाता है।

## तोगड़िया को मिला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण

एजेंसी

**अहमदाबाद।** विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया को अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला है। डॉ. तोगड़िया ने इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का आभार जताया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुजरात प्रांत कार्यवाह शैलेष पटेल और विहिप के गुजरात प्रांत महामंत्री अशोक रावल ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण पत्र डॉ. तोगड़िया को दिया। श्रीराम जन्मभूमि पर नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। निमंत्रण पत्र मिलने के बाद डॉ. तोगड़िया ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का आंदोलन उनके जीवन का एक



भाग रहा है। इस अवसर पर उन्होंने प्रथम धर्म संसद, ताला खोलो अभियान, रामजानकी यात्रा, श्रीराम शिलापूजन, 1989 श्रीराम जन्मभूमि शिलान्यास, 1990 की प्रथम कारसेवा, 1992 की कारसेवा आदि सभी अवसरों का स्मरण किया। डॉ. तोगड़िया ने कहा कि अनुच्छेद 370 का हटाया जाना और श्रीराम मंदिर यह हिंदुओं के लिए ऐतिहासिक विजय का प्रसंग है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की ऐतिहासिक भूमिका रही।

## राहुल गांधी की यात्रा का लोगो और गीत चार जनवरी को होगा जारी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अपने नेता राहुल गांधी की 14 जनवरी से शुरू होने वाली भारत न्याय यात्रा का लोगो और गीत चार जनवरी को जारी करेगी। कांग्रेस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे यात्रा के गीत और लोगो को जारी करेंगे। पार्टी ने भारत जोड़ों यात्रा का भी गीत और लोगो जारी किया था जो कन्याकुमारी से श्रीनगर तक यात्रा के दौरान बजाया गया। श्री गांधी भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर इस बार भारत न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर की राजधानी इंफाल से शुरू होगी और मार्च में मुंबई में समाप्त होगी। यह गीत मणिपुर से मुंबई तक होने वाली 6500 किलोमीटर लम्बी यात्रा के दौरान यात्रियों का उत्साहवर्धन करेगा। उन्होंने बताया कि आठ जनवरी को पार्टी नेताओं की बैठक होगी जिसमें यात्रा के रूट का निर्धारण किया जाएगा।

## ट्रंप को फिर झटका

**कोलोराडो के बाद अमेरिकी राज्य मेन ने भी राष्ट्रपति चुनाव के लिए अयोग्य ठहराया**

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदों को फिर बड़ा झटका लगा है। दोबारा राष्ट्रपति बनने का सपना देख रहे ट्रम्प को लेकर अमेरिकी राज्य मेन की शीर्ष चुनाव अधिकारी ने फैसला सुनाया है कि वे 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में शामिल नहीं हो सकते। मेन राज्य की सेक्रेटरी ऑफ स्टेट शेना ली बेलोज ने 2021 के कैपिटल हिल दंगे में ट्रम्प की भूमिका को लेकर यह फैसला सुनाया है। बेलोज ने 34 पन्नों के फैसले में लिखा है कि अमेरिकी संविधान हमारी सरकार की नींव पर हमले को बर्दाश्त नहीं करता। निष्कर्ष निकाला गया है कि ट्रम्प ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में झूठे दावे के जरिये विद्रोह को उकसाया और अपने समर्थकों से यूएस कैपिटल पर मार्च का आह्वान किया। इस फैसले के बाद



रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए ट्रम्प अमेरिकी राज्य मेन में होने वाले प्राइमरी चुनाव में भाग नहीं ले सकते। मेन दूसरा राज्य है जिसने ट्रम्प को चुनाव में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित किया है। इससे पहले अमेरिका के एक अन्य राज्य कोलोराडो भी ऐसा आदेश दे चुका है।

## कांग्रेस के डीएनए में है बांटो और राज करो : अनुराग ठाकुर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस जब भी हारती है तब बांटो और राज करो की रणनीति अपनाने की कोशिश करती है। शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से बातचीत में आईएनडीआई गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग आपस में ही न्याय नहीं कर पा रहे हैं। सीटों के ऊपर तालमेल नहीं बैठ पा रहा है। उनके अधिकतर नेता गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप में या तो बेल पर हैं या तो जेल में हैं। ये क्या न्याय दिलाएंगे? उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी जातीय जनगणना की बात करती है, कभी क्षेत्रवाद की बात करती है लेकिन कभी भी विकास के मुद्दे पर नहीं बोलती। देश को आगे बढ़ाने वाली चर्चा से कांग्रेस सदैव दूर भागती है।

# प्राण प्रतिष्ठा में 121 वैदिक आचार्य करायेंगे पूजा

## अयोध्या में 16 जनवरी से शुरू होगा अनुष्ठान

एजेसी

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां काफी तेजी से चल रही हैं। जैसे-जैसे यह पल समीप आ रहा है, आमजन में जिज्ञासा भी बढ़ती जा रही है। रामजन्मभूमि में सात दिनों तक वृहद स्तर पर अनुष्ठान प्रक्रिया की शुरूआत 16 जनवरी से होगी। 22 जनवरी को श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस कार्यक्रम के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर अयोध्या दौरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवा को रामनगरी पहुचकर राम मंदिर निर्माण कार्य का अपडेट लिया। काशी सहित कई प्रान्तों के 121 आचार्य अनुष्ठान संपन्न कराएंगे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आचार्य की तीन टीमों का गठन किया गया है। जिसमें 121 आचार्य उपस्थित रहेंगे।




**रामलला की अचल मूर्ति बनाकर तैयार :** प्राण- प्रतिष्ठा के समय 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की आंखों से जिस समय पट्टी हटाई जाएगी,उसे वक्त गर्भगृह में प्रधानमंत्री मोदी मौजूद रहेंगे।

प्रधानमंत्री रामलला को पहली बार दर्पण में उनकी दिव्य झलक दिखाएंगे। प्राण- प्रतिष्ठा के समय गर्भगृह का पर्दा बंद रहता है, पट्टी हटाने के बाद मूर्ति को दर्पण दिखाने का विधान है,जिससे कि सबसे पहले खुद भगवान अपना चेहरा देख सकें,इस विधान का निर्वहन प्रधानमंत्री करेंगे और रामलला की पहली आरती उतारेंगे। रामलला के विग्रह चुनाव को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट बैठक कारसेवक पुरम में शुक्रवार को हुई। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, युगपुरुष स्वामी परमानंद, जगद्गुरू शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती, निमोर्ही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास, अयोध्या राजा विमेंद्र मोहन मिश्र, सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा, पदेन ट्रस्टी जिलाधिकारी अयोध्या नीतीश कुमार के साथ निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र मौजूद रहे।

**परिसर को सजाने का काम अंतिम चरण में :** श्री राम जन्मभूमि में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए राम जन्मभूमि परिसर को सजाने का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को शुभ मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। 11 बजे तक राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश करेंगे और तीन घंटे तक परिसर में रहेंगे।

## अब मलायका अरोड़ा करेंगी फिर से शादी

**मुंबई।** अभिनेता अरबाज खान ने कुछ दिन पहले ही शादी कर सबको चौंका दिया। मलायका अरोड़ा के साथ तलाक के बाद अरबाज की जिंदगी में जॉर्जिया आईं। कई सालों तक एक-दूसरे को डेट के बीच उनके ब्रेकअप की भी चर्चा हुई। अब अरबाज खान ने मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ दूसरी जिंदगी शुरू की है। अब अरबाज के बाद क्या मलायका अरोड़ा भी दूसरी शादी करेंगी, इसका जवाब उन्होंने खुद एक रियलिटी शो में दिया है। डांस शो झलक दिखला जा में मलाइका अरोड़ा जज की भूमिका निभाती हैं। इन में फराह खान, मलायका से पूछती है, 'क्या मलायका 2024 में सिंगल पेरेंट से डबल पेरेंट में होने वाली है। इस पर मलायका कहती हैं, कि अगर कोई पूछेगा तो मैं जरूर शादी करूंगी। तो फराह कहती हैं कि कोई नहीं है, बहुत हैं।



VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# 2023 तक केंद्र सरकार द्वारा संचलित योजनाएं







मनोज कुमार सिन्हा

1. पीएमजेडीवाई

प्रधान मंत्री जन धन योजना ( पीएमजेडीवाई ) वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन है जो वित्तीय सेवाओं, अर्थात बैंकिंग / बचत और जमा खाते, प्रेषण, क्रेडिट, बीमा, पेंशन तक किफायती तरीके से पहुंच सुनिश्चित करता है।

2. पीएमजेजेबीवाई

दोनों प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना ( ढटरइ ) और प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ( पीएमजेजेबीवाई ) भारत के नागरिकों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं हैं ।

आइये जानते हैं प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना लाभ एवं प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना लाभ सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदु।

दोनों प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना ( ढटरइ ) और प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ( पीएमजेजेबीवाई ) भारत के नागरिकों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं हैं ।

3. आयुष्मान भारत योजनाः संदर्भ

आयुष्मान भारत प्रधान के चार साल पूरे कर लिए हैं मंत्री -जन आरोग्य योजना (एबी- पीएमजेएवाई ), दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम ।

आयुष्मान भारत क्या है ?

आयुष्मान भारत राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है, जो 10 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवारों (लगभग 50 करोड़ लाभार्थियों) को कवर करेगी , जो माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कवरेज प्रदान करेगी ।

इसे सितंबर 2018 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।

यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है और इसे केंद्र सरकार और राज्य दोनों द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है।

इसमें चल रही केंद्र प्रायोजित योजनाओं - राष्ट्रीय को शामिल किया गया है ।

4. वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना ( एससीएचआईएस )।

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण , जो डिजाइन, फंड प्रवाह तंत्र, गुणवत्ता और अन्य कार्यान्वयन गतिविधियों के मामले में पिछली योजना ( कअ ) का एक नया संस्करण है।

5. प्रधान मंत्री आवास योजना ( ढटअ )

प्रधान मंत्री आवास योजना ( पीएमएवाई ) मिशन का उद्देश्य पूरे देश में आवास की कमी के मुख्य मुद्दे को संगठित और योजनाबद्ध तरीके से संबोधित करना है।

6. अटल पेंशन योजना

अटल पेंशन योजना वित्त मंत्रालय की एक प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना है।

इसे 2015 में स्वावलंबन को प्रतिस्थापित करके लॉन्च किया गया था योजना /एनपीएस लाइट योजना।

यह कामकाजी गरीबों की वृद्धावस्था आय सुरक्षा और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के बीच दीघार्यु जोखिमों को संबोधित करता है।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को अपनी सेवानिवृत्ति के लिए स्वेच्छा से बचत करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

ग्राहक की आयु 18-40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसलिए, एपीवाई के तहत ग्राहक द्वारा योगदान की न्यूनतम अवधि 20 वर्ष या उससे अधिक होगी।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के माध्यम से पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण ( पीएफआरडीए ) द्वारा प्रशासित किया जाता है।

7. डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने भारत के डिजिटल क्षेत्र में काम करने के तरीके में क्रांति ला दी है। इस कार्यक्रम के तहत उल्लेखनीय पहलों में से एक राष्ट्रीय ई- विधान एप्लिकेशन ( एनईवीए ) है । ठीश्अ एक अभिनव मंच है जिसका उद्देश्य भारत की राज्य विधानसभाओं की विधायी प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाना और कुशल और पारदर्शी शासन के लिए एक व्यापक समाधान प्रदान करना है। यह लेख ठीश्अ के महत्व और यह डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण में कैसे योगदान देता है, इस पर प्रकाश डालता है।

8. स्वच्छ भारत 2022 अभियान

के बारे में: स्वच्छ भारत 2022 अभियान नागरिकों में अपने परिवेश को स्वच्छ और कचरा मुक्त रखने के लिए जागरूकता और गर्व की भावना पैदा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। दायराः स्वच्छ भारत 2022 कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र संगठन ( एनवाईकेएस ) से संबद्ध युवा क्लबों और राष्ट्रीय सेवा योजना से संबद्ध संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से देश भर के 744 जिलों के 6 लाख गांवों में आयोजित किया जा रहा है ।

जनादेशः स्वच्छ भारत 2022 अभियान जागरूकता बढ़ाने, लोगों को संगठित करने और भारत को स्वच्छ बनाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया जाएगा।

प्रमुख लक्ष्यः युवा मामलों के विभाग ने स्वच्छ भारत 2022 के माध्यम से 1 करोड़ किलोग्राम प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा करने और निपटान करने का लक्ष्य रखा है।

स्वच्छ भारत 2022 कार्यक्रम का उद्देश्य 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 तक देश के सभी जिलों में सार्वजनिक स्थानों और घरों की सफाई का आयोजन करना है।

9. एनआरएलएम के तहत महिलाओं के लिए आजीविका संवर्धन : एनआरएलपी के तहत उप-योजनाएं

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना ( एमकेएसपी ): कृषि आधारित आजीविका में महिलाओं की भागीदारी और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए व्यवस्थित निवेश करके कृषि और एनटीएफपी में महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई ।

10. स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम ( एसवीईपी ): उद्यमियों को ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे व्यवसाय स्थापित करने में सहायता करता है।

11. आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना ( एजीईवाई ): कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित, सस्ती और समुदाय-निगरानी परिवहन सेवाएं प्रदान करता है।

12. राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन परियोजना ( एनआरईटीपी ): यह कार्यक्रम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों की मदद से 13 उच्च गरीबी वाले राज्यों में डीएवाई- एनआरएलएम की ₹अवधारणा का प्रमाण₹ सफलतापूर्वक स्थापित कर रहा है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ( आरएसईटीआई ): युवाओं को लंबे समय तक समर्थन के साथ अल्पकालिक आवासीय प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बैंकों और राज्य सरकारों के सहयोग से देश के प्रत्येक जिले में आरएसईटीआई की स्थापना की जाती है।

13. प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना

प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना ( पीएमयूवाई ), या उज्ज्वला 2.0, उत्तर प्रदेश से शुरू की गई थी।

प्रमुख बिंदु

इस चरण में प्रवासी श्रमिक स्व-घोषणा के आधार पर मुफ्त गैस कनेक्शन प्राप्त कर सकेंगे।

उन्हें पते के प्रमाण के रूप में अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

यह उनके लिए मददगार होगा क्योंकि दूसरे राज्यों में काम करते समय उन्हें पते का प्रमाण जमा करने में कठिनाई होती है।

भारत में एलपीजी कवरेज 100 प्रतिशत होने के ₹बहुत करीब₹ है।

सरकार ने 50 जिलों के 21 लाख घरों तक पाइप से गैस पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है.

जमा-मुक्त एलपीजी कनेक्शन के साथ, उज्ज्वला 2.0 लाभार्थियों को पहली रिफिल और एक हॉटप्लेट मुफ्त प्रदान करेगी।

14. स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजनाः स्टार्टअप इंडिया भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण सरकारी पहल है। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत प्रमुख योजना है और यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2023 के लिए भी महत्वपूर्ण है। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना चर्चा में है स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत प्रमुख योजनाएं

स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत फ्लैगशिप योजनाएं, स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स ( एफएफएस ), स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम ( एसआईएसएफएस ) और स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम ( सीजीएसएस ) स्टार्टअप्स को उनके व्यापार चक्र के विभिन्न चरणों में सहायता प्रदान करती हैं।

इसके बाद स्टार्टअप एंजेल निवेशकों या उद्यम पूंजीपतियों से निवेश जुटाने या वाणिज्यिक बैंकों या वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने में सक्षम हैं।

स्टार्टअप इंडिया पहल 16 जनवरी 2016 को सरकार द्वारा इस इरादे से शुरू की गई थी-

नवाचार, स्टार्टअप आदि को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेंदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में निजी निवेश को प्रोत्साहित करना।

15. पीएम फसल बीमा योजना ( पीएमएफबीवाई ): यह योजना में भाग लेने वाले राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों में किसानों को बीमा कवरेज प्रदान करने के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

16. पोषण अभियान 2023: 2018 में, भारत सरकार ने राष्ट्रीय पोषण मिशन की शुरूआत की, जिसे लोकप्रिय रूप से पोषण के नाम से जाना जाता है। अभियान , पूरे देश में कुपोषण की व्यापक समस्या से निपटने के लक्ष्य के साथ। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य बच्चों के पोषण संबंधी कल्याण में सुधार करना और पोषण के हिस्से के रूप में कुपोषण की व्यापकता को कम करना है।

**अभियान मिशन 2023।** कई मंत्रालयों को शामिल करते हुए इस व्यापक कार्यक्रम ने वर्ष 2022 तक कुपोषण को खत्म करने के अंतिम उद्देश्य के साथ स्टंटिंग, एनीमिया, अल्पपोषण और जन्म के समय कम वजन को कम करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य स्थापित किए हैं।

# पैसेज, व्याकरण और रचना खंड पर दें विशेष ध्यान

मनोज पाण्डेय



**सीबीएसई** द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा का डेटशीट जारी कर दिया गया है। संस्कृत के बाद दूसरी परीक्षा हिंदी की ही होगी। ऐसे में हिंदी विषय की तैयारी को लेकर छात्रों में कई प्रकार की दुविधाएं देखी जा रही हैं। विषय के रुप में हिंदी रखनेवाले छात्रों ने पूछा कि वे हिंदी की तैयारी कैसे करें की अच्छे अंक आ सकें। हिंदी में अच्छे अंकों के लिए छात्रों को पैसेज, व्याकरण और रचना खंड पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। छात्रों को पता होगा कि प्रश्न एक में पांच अंक के अपठित गद्यांश से बहुविकल्पी प्रश्न पूछे जाते हैं। इसी में अपठित काव्यांश से भी पांच अंक के बहुविकल्पी प्रश्न पूछे जाते हैं। थोडी सी एकाग्रता से दस अंक हासिल हो सकते हैं। जबकि व्याकरण में कुल 16 अंकों के बहुविकल्पी सवाल पूछे जाते हैं। थोडे परिश्रम से पूरे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके लिए छात्रों को एक बार संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण, क्रिया विशेषण, लिंग, वचन, काल, कारक और अव्यय, वाक्य, वाच्य और अलंकार का रिविजन कर लेना चाहिए। इसके अलावा पाठ्य पुस्तक से प्रश्न संख्या 7 और 9 पांच-पांच अंकों के गद्यांश और पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय सवाल पूछे जाते हैं। इसके अलावा रचना खंड से कुल 20 अंकों के सवाल होंगे। इसमें अनुच्छेद लेखन, पत्र लेखन, ई-मेल अथवा बायोडाटा, विज्ञापन अथवा संदेश लेखन पूछा जाता है। इन सबों से कुल मिलाकर 80 में से 56 अंकों के सवाल पूछे जाते हैं। थोडे. से अभ्यास और तकनीक अनाकर पूरा अंक प्राप्त किया जा सकता है। छात्रों को लिखावट पर ध्यान देना चाहिए। प्रश्नों के उत्तर उसी खंड में देना चाहिए। प्रश्नपत्र के सिक्वेंस को बदलना नहीं चाहिए। शब्द सीमा का ध्यान रखना चाहिए। छात्रों को अपने शब्दों में प्रश्नों के उत्तर देना चाहिए।

यहां अभ्यास के लिए एक अपठित गद्यांश और काव्यांश दिया जा रहा है-

निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (15=5)

निस्संदेह, जब तक किसी इंसान में मानवता की सेवा की भावना नहीं है, तब तक उसके अंदर त्याग, उदारता, अपनत्व, भाईचारा जैसे गुणों का समावेश नहीं हो सकता। मानवता को मन में धारण करने से स्वहित की दुर्भावना नष्ट हो जाती है और इंसान का जो व्यक्तित्व राई के दाने के समान लघु था, वही विराट रूप ग्रहण करने लगता है। आज के इस युग में जो विसंगतियाँ सुरसा के समान मुँह फैलाए खड़ी हैं, उनका सबसे बड़ा कारण यही है कि इंसान ने मानवता के स्थान पर स्वहित को ही अपना सबसे बड़ा धर्म मान लिया है। आज इंसान के अंदर अनेकानेक बुराइयों ने घर कर लिया है। अतः इस स्थिति से उबरने के लिए हमें यह विचार करना है कि कैसे इस पूजित धरती पर मानवता को सर्वोपरि धर्म मानने के आदर्श को पुनः हृदय से अपनाया जाए, क्योंकि ऐसा किए बिना

मानवता के उत्थान की बात सोचना भी बेमानी होगा। सच्चा मानव वही कहलाता है, जो दूसरों की पीड़ा को दूर करने का प्रयत्न करता है। वह स्वयं भी आगे बढ़ता है और दूसरों को भी आगे बढ़ने में सहायता करता है।

(८) मानवता की सेवा करने से व्यक्तित्व में इन गुणों का समावेश हो जाता है- (क) स्वार्थ, लालसा, भाईचारा जैसे गुणों का

(ख) निस्वार्थ, लालची, परोपकारी जैसे गुणों का

(ग) त्याग, उदारता, अपनत्व, भाईचारा जैसे गुणों का

(घ) त्याग, बलिदान, संवेदनहीन, भाईचारा जैसे गुणों का

(८) स्वहित की दुर्भावना से व्यक्तित्व निर्मित होता है-

(क) किसी को मुँह दिखाने लायक न रहना ।

(ख) राई के दाने के समान बहुत छोटा रह जाना।

(ग) हर समय अपने लाभ के बारे में ही सोचते रहना।

(घ) शारीरिक और मानसिक विकास न हो पाना।

(८) इंसान का व्यक्तित्व विराट रूप लेता है। इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित तर्कों पर विचार कीजिए।

1. स्वहित भावना को धारण करने पर।

2. दूसरों के दुखों को जानकर

3. मानवता को मन में धारण करने पर।

(क) 1 सही है।

(ख) 2 सही है।

(ग) 3 सही है।

(घ) 1 ओर 2 सही है।

(५) सही विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

मानवता के उत्थान की बात सोचना बेमानी होगा।

(क) सत्य बोले बिना

(ख) 'मानवता सर्वोपरि धर्म के आदर्श को हृदय से अपनाए बिना

(ग) परिश्रम किए बिना

(घ) आलस्य त्यागे बिना

(५) कथन (अ) और कारण (फ) को पढ़क र उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (अ) : सच्चा मानव वही कहलाता है जो दूसरों की पीड़ा को दूर करने का प्रयास करता है।

कारण (फ) : वह स्वयं भी आगे बढ़ता ओर दूसरों को भी आगे बढ़ाने में सहायता करता है।

(क) कथन (अ) गलत है, किंतु कारण (फ) सही है।

(ख) कथन (अ) और कारण (फ) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (अ) सही है और कारण (फ) कथन (अ) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (अ) सही है, किंतु कारण (फ) कथन (अ) की सही व्याख्या नहीं है।

2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक विकल्प चुनकर लिखिए- (1ो5=5)

सच हम नहीं, सच तुम नहीं
सच है सतत संघर्ष ही
संघर्ष से हटकर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम ।
जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झरकर कुसुम
जो पंथ भूल रुका नहीं,
जो हार देख झुका नहीं
जिसने प्रणेय पाथेय माना जीत उसकी रही सच हम नहीं, सच तुम नहीं
ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे
जो है जहाँ चुपचाप, अपने आप से लड़ता रहे
जो भी परिस्थितियाँ मिलें
काँटे चुभे कलियाँ खिलें
टूटे नहीं इनसान, बस संदेश जीवन का यही ।
सच हम नहीं, सच तुम नहीं
हमने रचा आओ हमीं तोड़ दें इस प्यार को।
यह क्या मिलन, मिलना वही जो मोड़ दे मँझधार को ।
जो साथ फूलों के चले,
जो ढाल पाते ही ढले
यह जिंदगी क्या ज़िंदगी जो सिर्फ पानी-सी बही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं
अपने हृदय का सत्य अपने आप हमको खोजना। अपने नयन का नीर अपने आप हमको पोंछना।
आकाश सुख देगा नहीं
धरती पसीजी है कहीं।
हर एक राही को भटककर ही दिशा मिलती रही। सच हम नहीं, सच तुम नहीं।
सच है महज संघर्ष ही।

(1) पद्यांश का संदेश है-

(क) निरंतर संघर्ष करते रहना।

(ख) कष्टों से बचना।

(ग) भयभीत होकर लक्ष्य का त्याग करना।

(घ) लक्ष्य प्राप्ति के लिए समझौता करना।

(८) रिक्त स्थान की पूर्ति सही विकल्प से कीजिए-

जो संघर्ष करने से पीछे हट गया, उसका जीवन....... माना गया है-

(क) मरे हुए के समान

(ख) सबसे अच्छा

(ग) पशुओं के समान

(घ) फूलों के समान

(८) जीत उसको मिलती है-

(क) जो काम करता है।

(ख) जो रुकता हुआ चलता रहा।

(ग) जिसने लक्ष्य को मिलन का रास्ता बना लिया।

(घ) जो हंसता हुआ चलता है

(५) 'अपने आप से लड़ना' का तात्पर्य है-

(क) अपने जान-पहचान वालों से लड़ना

(ख) परिस्थियों से भगना

(ग) अपने मन से लड़ाई करना

(घ) परिस्थियों का साहस से सामनाकरना

(५) कथन (अ) और कारण (फ) पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए

कथन (अ): ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे।

कारण (फ): जो है जहां चुपचाप अपने आप से लड़ता रहे।

(क) कथन (अ) सही है, किंतु कारण (फ) गलत है।

(ख) कथन (अ) गलत है, किंतु कारण (फ) सही है।

(ग) कथन (अ) व कारण (फ) सही है और कथन (अ), कारण (फ) की सही व्याख्या है।

(घ) (ग) कथन (अ) व कारण (फ) सही है और कथन (अ), कारण (फ) की सही व्याख्या नहीं है।

मनोज कुमार पांडेय
**हिन्दी शिक्षक, सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरी तिलैया।**

## इस साल 9 राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव, बने नये सीएम

साल 2023 की राजनीति में उतार-चढ़ाव का गवाह रहा। यह साल जानें से पहले कई पार्टियों के लिए नया जोश देकर जा रहा है, खासकर बीजेपी पार्टी को। देश में इस साल कुल नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, जिनमें बीजेपी का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। इस प्रदर्शन ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी में नया जोश भर दिया है। आइए नजर डालते हैं कि इन नौ विधानसभा चुनावों में किस पार्टी का प्रदर्शन कैसा रहा?



### त्रिपुरा

त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में 60 सीटों पर 16 फरवरी को मतदान हुआ और 2 मार्च को चुनाव नतीजे सामने आए। बीजेपी ने यहां 32 सीटें जीत कर अपने दम पर सरकार बनाई। इसके अलावा, आईपीएफटी ने एक सीट, सीपीएम-कांग्रेस गठबंधन ने कुल 14 सीटों पर जीत दर्ज की। इसके अलावा सीपीएम को 11 और कांग्रेस को 3 सीटें नसीब हुई। बीजेपी ने माणिक साहा को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया।

### नागालैंड

नागालैंड की 60 सीटों पर 27 फरवरी को मतदान हुआ और दो मार्च को नतीजे सामने आए। अगर सीटों की बात करें तो बीजेपी के खाते में 12 सीटें नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी को 25 सीट हासिल हुई। वहीं, कांग्रेस राज्य में खाता तक नहीं खोल पाई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और नैशनल पीपल्स पार्टी ने सात और पांच सीटों पर जीत हासिल की जबकि अन्य के खाते में 11 सीटें आईं।

### मेघालय

राज्य में 59 सीटों पर मतदान 27 फरवरी 2023 को हुआ। 2 मार्च को चुनाव परिणाम आए। राज्य में फिर से इखढ के गठबंधन की वापसी हुई। चुनाव के नतीजों में बीजेपी के खाते में केवल 2 सीटें आई। नेशनल पीपुल्स पार्टी (ठढढ) ने 26 सीटों पर जीत दर्ज करके सरकार बनाई। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी को 11, कांग्रेस को 5 और टीएमसी को 5 सीटों पर जीत हासिल हुई। चुनावी नतीजों के बाद नेशनल पीपुल्स पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन में कॉनराड संगमा



मुख्यमंत्री बनाए गए।

### मिजोरम

मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों पर 7 नवंबर 2023 को मतदान हुआ। इसके नतीजे तीन दिसंबर को आए। इसमें जोरम पिपुल्स मूवमेंट (ढट) को 27, मिजो नेशनल फ्रंट (टठऋ) को 10, बीजेपी को 2, कांग्रेस को 1 और अन्य को 1 सीट पर जीत हासिल हुई। जोरम पिपुल्स मूवमेंट पार्टी ने राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। ढट ने लालदुहोमा को मुख्यमंत्री बनाया।

### छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए दो चरणों में मतदान हुआ। 7 नवंबर को पहले चरण में 20 सीटों के लिए वोटिंग हुई, जबकि 17 नवंबर को 70 सीटों के लिए मतदान हुआ। तीन दिसंबर को चुनाव के नतीजे आए, जिसमें बीजेपी को 54 सीटों पर जीत मिली। कांग्रेस ने 35 सीटों पर जीत दर्ज की और 1 सीट अन्य के खाते में आई। बीजेपी ने राज्य में एक नया सीएम उतारा, विष्णु देव साय को बीजेपी ने सीएम बनाया।

### कर्नाटक

कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 के तहत 224 सीटों के लिए 10 मई को मतदान हुआ। 13 मई को चुनाव नतीजे सामने आए। इसमें कांग्रेस ने 136 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। बीजेपी को महज 65 सीटों के साथ संतोष करना पड़ा। इसके साथ ही बीजेपी का राज्य में दूसरी बार सरकार बनाने का सपना भी टूट गया। जेडीएस ने 19 सीटों पर जीत दर्ज की औ अन्य के खाते में महज 4 सीटें आईं। नतीजों के बाद कांग्रेस ने सिद्धारमैया को सीएम की कुर्सी पर बैठाया जबकि डीके शिवकुमार को डिप्टी सीएम बनाया गया।

### मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश में 17 नवंबर 2023 को विधानसभा की 230 सीटों के लिए मतदान हुआ। इसमें भारतीय जनता पार्टी ने 163 सीटों पर जीत दर्ज करके प्रचंड बहुमत के साथ राज्य में दोबारा सरकार बनाई। इसके अलावा, कांग्रेस ने एमपी में 66 सीटें जीतीं, जबकि 1 सीट पर भारतीय आदिवासी पार्टी को जीत हासिल हुई। बीजेपी ने शिवराज सिंह को दोबारा मुख्यमंत्री न बनाकर मोहन यादव को नया सीएम बनाया।

### राजस्थान

राजस्थान विधानसभा चुनाव में 199 सीटों पर 25 नवंबर को मतदान हुआ। 3 दिसंबर को चुनावों के नतीजे आए। इसमें बीजेपी ने 115 सीटों पर जीत दर्ज करके गहलोत सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। कांग्रेस को 69, बसपा को 2 और अन्य को 15 सीटें मिलीं। बीजेपी ने राज्य में इस बार वसुंधरा राजे की जगह भजनलाल शर्मा को सीएम की कुर्सी सौंपी।

### तेलंगाना

तेलंगाना विधानसभा की 119 सीटों के लिए 30 नवंबर मतदान हुआ। तीन दिसंबर को वोटों की गिनती की गई। यहां कांग्रेस ने 64 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत हासिल किया और 10 साल से सत्तारूढ़ भारत ?ाष्ट्र समिति (इफर) के केसीआर को कुर्सी से बाहर किया। बीआरएस को इस चुनाव में 39 सीटों पर जीत मिली, जबकि भारतीय जनता पार्टी के 8 विधायक जीते। वहीं, एआईएमआईएम ने 7 सीटों पर जीत दर्ज की। एक सीट अन्य के खाते में गई। तेलंगाना में रेवंत रेड्डी को कांग्रेस ने मुख्यमंत्री बनाया।